राजस्थान- पुरातन- ग्रन्थमाला

राजस्थान-राज्य द्वारा प्रकाशित

सामान्यतः अखिल भारतीय तथा विशेषतः राजस्थान प्रदेशीय पुरातनकालीन
संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, राजस्थानी आदि भाषानिबद्ध
विविध वाङ्मय प्रकाशिनी विशिष्ट-ग्रन्थावली

* प्रवन्ध सम्पादक *

जितेन्द्र कुमार जैन

निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर

ग्रन्थाङ्क १२९

राजस्थानी- वीरगीत- संग्रह

भाग ४

* प्रकाशक *

राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान,
जोधपुर (राजस्थान)

१९७९ ई०

मुद्रक

साधना प्रेस, उच्च न्यायालय मार्ग, जोधपुर

वि०सं० २०३६ | भारत राष्ट्रीय शकाब्द १९०१

विषयानुक्रम ः

प्रबन्ध सम्पादकीय

प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित हो रहे 'वीरगीत-संग्रहों' के क्रम में यह चौथा भाग पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत है। "राजस्थानी- वीरगीत- संग्रह" शीर्षक से प्रकाशित इस शृंखला के चौथे भाग में २१४ वीर-गीत संकलित हैं।

राजस्थानी साहित्य में वीर-गीतों की एक सुदीर्घ परम्परा रही है। अपने भाव-सौन्दर्य और सजीव वर्णन के कारण ये डिंगल- साहित्य की अमूल्य निधि के रूप में पहचाने जाते हैं। किन्तु, लोक- साहित्य की अन्य विधाओं की तरह वीर-गीत भी इतिहासकार के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वह अपने द्वारा एकत्रित तथ्यों का मिलान इन गीतों से करके अपनी बात को पुष्ट कर सकता है, उनकी जाँच कर सकता है। हाँ, यह अवश्य है कि इनके प्रयोग के लिए इतिहासकार की अन्तर्दृष्टि अत्यन्त सूक्ष्म और पैनी होनी चाहिए क्योंकि इतिहास के लिए इनके अभिधार्थ या 'फेस वेल्यू' का कोई विशेष उपयोग सम्भव नहीं है। उसे तो इसमें व्याप्त धुन्ध में से अपने उपयोग के तथ्य की पहचान करनी होगी, यह उसकी क्षमता पर निर्भर करता है। स्पष्ट है कि इन वीर-गीतों का प्रयोग इतिहास- लेखन में भी उपयोगी और सार्थक हो सकता है।

अन्त म इस कार्य का सम्पादन करने वाले राजस्थानी भाषा के सुप्रसिद्ध विद्वान् श्री सौभाग्यसिंह शेखावत का सधन्यवाद उल्लेख करना चाहूँगा। इस कार्य के प्रूफ-संशोधन में जो सहयोग विभागीय कनिष्ठ तकनीकी सहायक श्री गिरधरवल्लभ दाधीच ने किया उसका उल्लेख किया जाना भी समीचीन होगा। इस ग्रन्थ को यथा समय छापने में जो सहयोग व्यवस्थापक साधना प्रेस ने किया इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

विद्वान् पाठकों द्वारा ग्रन्थ का समुचित स्वागत होगा इस आशा के साथ उन्हें इसकी त्रुटियों का निर्देश एवं आवश्यक सुझाव देने के लिए आमंत्रित करता हूँ ताकि अगले संस्करणों में उन पर समुचित विचार किया जा सके।

27 मार्च, 1979

[नूतन वर्षारम्भ]

के० के० जैन

निदेशक

सम्पादकीय

राजस्थानी भाषा का प्राचीन वीररसात्मक साहित्य अनेक प्रकार के छंदों में प्राप्त होता है, जो प्रवंध तथा मुक्तक दोनों रूपों में उपलब्ध है। किन्तु, परिमाण की दृष्टि से मुक्तक रूप में अधिक लिखा गया है। दोहा, सोरठा, छप्पय, झूलणा, निशानी आदि विविध छंद-प्रकारों से कहीं अधिक गीत-छंद में सर्जित मुक्तक-साहित्य का अपना विशिष्ट स्थान तथा महत्व है। यह स्फुट गीत-काव्य केवल काव्य-रस-रसिकों के लिए ही नहीं अपितु राजस्थान के इतिहास, संस्कृति तथा समाज के अध्येताओं के लिए अनुपेक्षणीय है। भारतीय साहित्य के विद्वान् डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी तो प्राचीन-काव्य को भारतीय-संस्कृति की आधार सामग्री मानते हैं और कहते हैं कि "भारतवर्ष का सुषुप्त युग जिसके पेट में से यह हमारा आधुनिक युग उत्पन्न हुआ, वहुत महत्वपूर्ण है। इस देश की जनता को, उसके विश्वासों को, धर्म-परिवर्त्तनों के कारणों को समझने की सामग्री इस काल में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होगी। इसे समझे बिना हम भारतवर्ष को ही ठीक नहीं समझ सकते।" इसलिए प्राचीन साहित्य भाषा वैज्ञानिक अध्ययन तथा इतिहास के घटनाक्रमों तक ही उपयोगी नहीं है, वल्कि सांस्कृतिक थाती के साथ-साथ भावी उन्नयन के लिए भी उपादेय और आवश्यक अध्ययनीय है।

राजस्थान के अतीत का इतिहास स्वाधीनता तथा स्वाभिमान और मानवीय आदर्शों की रक्षा के लिए संघर्ष का इतिहास रहा है। आदर्श की रक्षा के लिए सतत-संघर्षशील राजस्थानी समाज का विश्व के समुन्नत समाज ने ससम्मान स्वागत एवं वंदन किया है। जिस श्रद्धा और स्वाभिमान की भावना से प्रेरित होकर राजस्थान के नर-शार्दूलों ने अपने जीवन को देश, समाज और राष्ट्रीय-गौरव के लिए उत्सर्ग किया, उसी उदात्त प्रेरणा और गौरव के साथ राजस्थान के कवि-मन ने उन राष्ट्र-नायकों, देश-भक्तों, समाज-सेवकों और जूझारों का प्रशस्ति-गान कर उन्हें तथा उनकी पवित्र स्मृति को श्रद्धा के भाव-सुमन समर्पित किये। ये सुरभित-सुमन राजस्थानी भाषा में निवद्ध छन्दात्मक-स्फुट गीतों में प्रचुर मात्रा में सुरक्षित हैं।

'गीत' राजस्थानी का मुक्तक छंद है जिसके एक सौ से अधिक भेदोपभेद हैं। अतीत की एक ही घटना और एक ही व्यक्ति पर अनेक व्यक्तियों द्वारा लिखित पन्द्रह-बीस गीत

सहज उपलब्ध हो जाते हैं। यही नहीं, एक ही नायक एक ही घटना और एक ही कवि द्वारा विभिन्न जातीय गीतों तथा वर्णन शैलियों में रचित गीत भी प्राप्त होते हैं। इससे यह सहज ही समझा जा सकता है कि तत्कालीन समाज में घटना नायक और उससे सम्बंवित घटना के प्रति कितना श्रद्धाभाव और आकर्षण था।

प्रायः वीर-गीतों के नायक ऐतिहासिक व्यक्ति होते हैं और वर्णित प्रसंग भी इतिहास सम्मत तथा ऐतिहासिक घटना से पुष्ट होता है। इतिहास के प्रमुख स्रोत ख्यातों और ऐतिहासिक वातों में जिन वीर पुरुषों का वर्णन नहीं पाया जाता, उन पर भी गीत रचे हुए मिलते हैं। ख्यातकार तथा वार्ताकार जहां किसी रियासत के राज-परिवार या राज-घराने के प्रमुख पात्र के इर्दगिर्द परिभ्रमण करते परिलक्षित होते हैं वहां गीतकार प्रत्येक योद्धा तथा घटना की ओर दृष्टिपात करता है और गीत में उसे प्रमुख-स्थान देता है। इस प्रकार स्फुट गीत भी इतिहास की अमूल्य निधि है।

सामाजिक दृष्टि से योद्धा-समाज के जातीय संस्कार, उनका मान-मूल्य, कार्य-कर्त्तव्य, स्वधर्म, कुल-गौरव तथा राष्ट्र-प्रेम के आदर्शों के परिपालन का स्वर गीतों में ध्वनित व अभिव्यंजित रहा है। गीत-लेखकों ने सामान्यतः ऐसे व्यक्तियों के उदात्त चरित्र चुने जिन्होंने देश में मान्य आदर्शों, प्रतिष्ठित परम्पराओं, जन-आस्थाओं तथा जन-हित-चिंतन के लिए अपने जीवन का बलिदान किया। गीत-रचयिता सदैव जाति, समाज, समूह अथवा धार्मिक बंधन-प्रतिबंधन से सर्वथा स्वतंत्र रहा है। उसका लक्ष्य वीरता और उदारता आदि गुणों से विभूषित चरित्र का सुयश-प्रसारण और भावी समाज के लिए प्रेरणा प्रदान करना रहा है। राजस्थान की ख्यातों, वातों, गीतों तथा कहावतों में विकीर्ण और गुम्फित राजस्थान के विगत इतिहास में युद्ध-वृत्तों और युद्ध-वृत्ति क्षत्रिय जाति के वीरों पर ही नहीं वरन् क्षत्रियों से इतर जातियों- ओसवाल, अग्रवाल, माहेश्वरी आदि वैश्यों, ब्राह्मण, पुरोहित, चारण, राव, दादूपंथी साधु, जाट, गूजर, मीना और मुसलमानों तथा अंग्रेजों आदि पर भी विपुलमात्रा में उनका वीरत्व एवं सामाजिक दायित्व प्रकट करने वाले गीत लिखे गए हैं।

गीतकार कवियों में सर्वाधिक कवि चारण हैं जो आमतौर पर राज-दरबारों एवं योद्धाओं से सम्पृक्त रहते थे और उनके साथ स्वयं युद्ध में भाग लेते और घटना-प्रसंगों का आंखों देखा वर्णन करते थे। इसलिए गीत-रचनाओं में ओज, प्रवाह के

साथ साथ सजीवता तथा चित्रोपमता स्वाभाविक रूप में प्रकट होती है। वीरता के आराधक चारण-कवियों के समान ही कतिपय राजपूत, ब्राह्मण, वैश्य, पुरोहित, जैन-साधु राव, सेवक, मोतीसर, दमामी और ढाढ़ियों में भी उच्चकोटि के कवि हुए हैं।

राजस्थानी वीरगीत-संग्रह-माला का यह चतुर्थ भाग है। इससे पूर्व प्रकाशित तीन भागों में क्रमशः १८६, १५२ और १४१ इस प्रकार कुल ४७९ गीत प्रकाशित हुए हैं। प्रस्तुत चतुर्थ भाग में २१४ गीत प्रकाशित किये गए हैं। ये गीत राजस्थान और पड़ौसी प्रांत-मालवा के शासकों और योद्धाओं से सम्बद्ध हैं। जोधपुर, बीकानेर, किशनगढ़, अजमेर मेरवाड़ा तथा रतलाम (मालवा) के राठौड़ों पर १०९, उदयपुर, डूंगरपुर, प्रताप-गढ़ एवं शाहपुरा क्षेत्र के सिशोदियों पर १३, जयपुर व अलवर भू-भाग के कछवाहों पर २८, कोटा, बूंदी व सिरोही के हाडों तथा देवड़ाओं पर ३४ और भाटी, गौड़, पंवार एवं सोलंखी क्षत्रियों और चारण, मरहठा, खत्री तथा अंग्रेजों पर कोई २६ गीत हैं।

गीतकारों में एक ओर महाराज पृथ्वीराज राठौड़ बीकानेर, चारण दुरसा आढ़ा पांचेटिया, चारण माला सांदू मदौरा, महाकवि सूर्यमल्ल मिश्रण बूंदी, कविराज बांकीदास आशिया जोधपुर, कविवर केशवदास गाडण छींडिया तथा आशा (आशानंद) आदि सुज्ञात कवियों के अतिरिक्त हुकमीचंद खिड़िया, बखता खिड़िया, चतुरभुज खिड़िया, माला खिड़िया महेशदास खिड़िया, प्यारदान खिड़िया, ईश्वरदास खिड़िया, रायमल खिड़िया, हरिदास खिड़िया, खेतसी बारहठ, नाथा बारहठ, कृपाराम बारहठ, भूदरदास पाल्हावत बारहठ सूरतदान सांदू, लाला सांदू, गंगादान सांदू, बख्तावर सांदू, रामां सांदू, ईश्वरदास सांदू, कुम्भकरण सांदू, सुन्दरदास सांदू, बदन मिश्रण, चण्डीदान मिश्रण कल्याणदास मेहडू, किसना मेहडू रामकरण मेहडू, चोलां गाडण, चूडा दधवाड़िया करणीदान दधवाड़िया, शंकरदान सांमोर, जवान आढ़ा, जीवणदास कल्ला सीधा ब्राह्मण, रायमल वहियावट, खड़दान आपावत, मनोहर राव, रघुनाथ राव, किसना दसोंधी, हम्मीर राव और सुखा दमामी प्रभृति अल्पज्ञात और अज्ञात ५३ कवियों की रचनाएँ इस संकलन में प्रस्तुत की गई हैं। सतरहवीं शताब्दी से उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य तक अंधकार में पड़ी ये स्फुट रचनाएँ आज भी राजस्थानी साहित्य में अपना मूर्धन्य स्थान रखती हैं। गीतनायकों की समसामयिक होने से इन रचनाओं का इतिहास-पक्ष भी कम महत्व का नहीं है।

प्रस्तुत सम्पादन में पूर्व-क्रम का ही अनुसरण किया गया है। मूल गीत के नीचे वर्ण्य-विषय का संक्षिप्त सार तदनन्तर कठिन शब्दों के अर्थ और परिशिष्ट-१

और २ में क्रमश: उपलब्ध ऐतिहासिक टिप्पणियां और गीत छंदानुक्रमणी दी गई है।

मैं विश्वास करता हूं कि राजस्थानी भाषा साहित्य के छात्रों एवं राजस्थान के मध्यकालीन इतिहास के शोध-विद्वानों तथा अनुसन्धित्सुओं के लिए यह पुस्तक लाभप्रद सिद्ध होगी।

प्रस्तुत संकलन में मेरे अपने निजी संग्रह के अतिरिक्त साहित्य संस्थान उदयपुर, डॉ. कल्याणसिंह शेखावत, अध्यक्ष राजस्थानी विभाग जोधपुर विश्व विद्यालय, ठाकुर-सुरजनसिंह शेखावत झाझड़, कुंवर सवाईसिंह धमोरा और राजस्थान प्राच्य विद्या-प्रतिष्ठान के संग्रहों से गीतों का चयन किया गया है। एतदर्थ उल्लिखित महानुभावों तथा संस्थाओं के प्रति कृतज्ञ हूं।

प्रेस-कापी तैयार करने का श्रेय भंवरसिंह भाटी सांवतकुवा तथा छंदानुक्रमणी की चिटिकाएं तैयार करने का श्रेय चि. महावीरसिंह शेखावत भगतपुरा को है। प्रूफ-संशोधन में प्रतिष्ठान के मेरे मित्र श्री गिरधरवल्लभ दाधीच कनिष्ठ तकनीकी सहायक ने महत्व-पूर्ण योगदान दिया है। सच तो यह है कि मेरी अस्वस्थता के वावजूद भी यह ग्रन्थ समय पर निकालने का श्रेय इनका ही है।

राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के उपनिदेशक डॉ. पद्मधर पाठक का मैं हार्दिक आभारी हूं जिन्होंने निश्चित रूप से राजस्थान की इस लुप्तप्राय: गीत-निधि को प्रकाश में लाने में अपना महत्वपूर्ण योग दिया है।

सौभाग्यसिंह शेखावत

महाशिवरात्रि वि. सं. २०३५
राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी

गीत-अनुक्रम

राजस्थानी-वीरगीत-संग्रह

भाग ४

राजस्थानी-वीरगीत-संग्रह

भाग–४

※※※

१. गीत राजा उदैसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

अकवर ची फौज मुदाफर ऊपर, घाइ मिलै आवरत घणौ।
लाख भड़ां सिरताज लेखीयै, तेण दिहाड़े माल तणौ ॥१॥
खांन निवाब वहंतां खागें, आसुरी पातर गया अनेक।
ऊभै पचासां सहस ऊपरां, ऊदै अनड़ जाणीयौ अेक ॥२॥
अणी धणी तैं दीह ऊदैसिंघ, थरकी फौज अठेल थीयै।
सोह चढ़ाय तेरह साखां, लाखां मुंहर बधाय लीयैं ॥३॥
दळण मुदाफर खूंद तणा दळ, अनवीं हूंता भींच अनेक।
जोधाहरा तुहाळा जमली, हिन्दू, तुरक न पूगौ हेक ॥४॥

—माला सांदू रौ कह्यौ

---

१. गीतसार—उपर्युक्त गीत जोधपुर के राजा उदयसिंह राठौड़ द्वारा शाही पक्ष में रह कर मुदाफरखांन को परास्त करने के उल्लेख का है। गीत में वर्णन है कि बादशाह अकबर की सेना ने मुदाफरखां पर आक्रमण किया तो अन्य योद्धा तो भय से विचलित हो गए, पर उदयसिंह ने साहस पूर्वक दो हजार शत्रुओं पर आक्रमण किया। यों उस वीर ने शौर्य दिखाकर राठौड़ वंश की तेरह शाखाओं को यशस्वी बना दिया।

---

१. अकबर ची—बादशाह अकबर की। घाइ—प्रहार, घाव। आवरत—सेनादल, उमड़ कर। घणौ—अधिक। भड़ाँ—भटों, योद्धाओं। तेण—उस। दिहाड़े—दिन। माल तणौ—राव मालदेव का पुत्र राजा उदयसिंह।

२. वहंतां—प्रहार होते। खागें—तलवारों के। आसुरी पातर—यवन लोग भटक गए। ऊभै पचासां सहस—दो हजार। ऊदै—राजा उदयसिंह। अनड़—अचल, अडिग।

३. अणी धणी—सेनापति। तैं दीह—उस दिन। थरकी—काँपने पर। अठेल—अटल, अडिग। थीयै—हुआ। तेरह साखां—राठौड़ कुल की तेरह शाखाएँ प्रसिद्ध हैं। मुहर—अगाड़ी। बधाय—स्वागत कर।

४. दळण—दमन कर। खूंद तणा—बादशाह कर। दळ—सेना। अनवीं—किसी के भी आगे न झुकने वाले। हूंता—थे। भींच—वीर। जोधाहरा—राव जोधा के पौत्र, उदयसिंह। तुहाळा—तुम्हारा। जमली—यमराज जैसे बराबरी। पूगौ—पहुँचा, बराबरी कर सका। हेक—एक।

२. गीत राजा उदैसिंघ राठौड़ जोधपुर री

कड़ा नींकड़ा लोहड़ा ऊजळा कोरड़ा, बाथ फेरै घड़ावंध वारै।
रीठ पड़तां विचै ऊदड़ा रूकड़ा, माल रा वंकड़ा तूंहीज मारै ।।१।।

लायकां तणै मूंह घायकां लोपीया, विड़ंगह विचै सहत विहत बाज।
पाड़ तायक धरा खरै नायक पणै, सिंघ सांची अचड़ ऊठियौ साज ।।२।।

हैवै दळ छात दळ सैन लग हाथळै, अलव खळां लोप असमान आधार।
तूंझ चडिया थकै हाथ पड़िया तकां, माल रा सींघली ऊठियौ मार ।।३।।

किरमरां मार लग चंद ऊदौ कहै, सकज मेलै नहीं धरा साझी।
हार जीती करे पिसण मसळै हिया, मार ऊभां गयौ मेर मांझी ।।४।।

—माला सांदू रौ कह्यौ

---

२ गीतसार—ऊपरांकित गीत जोधपुर नरेश उदयसिंह की युद्धवीरता पर कथित है। गीत में वर्णन किया गया है कि हे राव मालदेव तनय उदयसिंह ! घमासान युद्ध में अपरिमित शस्त्र-प्रहारों के मध्य प्रवेश कर शत्रु-सेना का तुम ही नाश करते हो। पराजय को विजय में परिणित करने में तुम समर्थ हो।

---

१. कड़ा—कवच। नींकड़ा—विना कवच। लोहड़ा—शस्त्र। ऊजळा—उज्ज्वल। बाथ—भुजपाश। घड़ावंध—सेनाधीश, राजा। रीठ—शस्त्रों की चोटें। ऊदड़ा—राजा उदयसिंह। रूकड़ा—तलवार। मालरा—राव मालदेव का पुत्र। वंकड़ा—विकट, बाँकुरा।

२. तणै—के। मूंह—मुख। घायकां—मारने वाले। लोपीया—उल्लंघन किया। विड़ंगह—घोड़ा। विहत—दोनों हाथों से। बाज—प्रहार कर। पाड़—गिरा कर। तायक—शत्रु, संहार करने वाला। धरा—पृथ्वी। खरै—खरा, सच्चा। पणै—पन। सिंघ—राजा उदयसिंह। अचड़—श्रेष्ठ कार्य, कीर्ति। साज—सज्जित होकर।

३. हैवै दळ—बादशाही सेना का। छात—छत्र, रक्षक। लग—तक। हाथळै—हत्थल, पंजा। अलव—अलभ्य। खळां—वैरियों के। लोप—उल्लंघन कर। असमान—आकाश। चडिया थकै—सामने आये। तकां—जिनके। सींघळी—सिंह, भूखा शेर।

४. किरमरां—तलवारों की। ऊदौ—उदयसिंह।

३. गीत राजा उदैसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

सिर भमै तकंतौ सास उसासां, सिंघ तणौ असमर सींचाण ।
जाळे मिळै जंगळे जीवण, सिर ढांकै चिड़लो सुरताण ।।१।।

रोहे ऊदैसींघ धारारव, विहंग विछूटौ वडा बिनांण ।
डांणां चूक भाड़ां दिस दौड़ै, चौड़ै नह दौड़ै चहुवाण ।।२।।

पातल जैत पंख पाड़ावीया, सिंघ खड़ग हरि वाहण सीक ।
जीव ऊबारण नवण जंगळी, माथा नवण करै मछरीक ।।३।।

आगै सहर भटाणां ऊपर, ओछीयौ प्राण चालियौ ऊठि ।
बाहै बाजराज वीजूजळ, पारेवड़ा देवड़ा पूठि ।।४।।

तीखा खाग खगेसुर ताकै, साल काढ़वा माल सुजाव ।
परहरि सहर वावरै पांखां, रेसै डहर कबूतर राव ।।५।।

—माला सांदू रौ कह्यौ

---

३ गीतसार-उपर्युक्त गीत राजा उदयसिंह राठौड़ जोधपुर पर कथित है । गीत में उदयसिंह द्वारा सिरोही के देवड़ों पर विजय प्राप्त करने का वर्णन है । गीतकार ने गीत-नायक को पक्षीराज बाज और उसकी तलवार को पंख तथा विपक्षी योद्धा देवड़ाओं को चिड़िया वर्णित किया है और कहा है कि वे तरु झंगरों की ओट में मृत्यु भय से छिपते फिरते हैं, फिर भी बच नहीं पाते हैं ।

---

१. भमै—चक्कर काटता है । तकंतौ—ताक लगाये हुए । उसासां—उर्ध्वश्वास । सिंघ तणौ—राजा उदयसिंह की । असमर—तलवार । सींचाण—बाज पक्षी । जाळे—वृक्षों का सघन समूह । जंगळे—वन । ढांकै—छिपाते हैं । चिड़लो—चिड़ा, पक्षी । सुरताण—महाराव सुरतान देवड़ा सिरोही नरेश ।

२. रोहे—घेरे में लेता है । धारारव—तलवार । विहंग—पक्षी । बिनांण—रहस्य, विज्ञान । डांणां चूक—अवसर खोया हुआ, होश हवास भूला हुआ । भाडां—झाड़ियों । दिस—तरफ । चौड़ै—खुले मैदान में ।

३. पातल—प्रतापसिंह । जैत—जैत्रसिंह । पाड़ावीया—उखड़वा लिये । खड़ग—तलवार । हरि वाहण—पक्षीराज गरुड़ । जीव ऊबारण—बचाने हेतु । नवण—झुकने । मछरीक—चौहान, सुरतान ।

४. भटाणां—स्थान का नाम । ओछीयौ—कम, क्षुद्र । बाहै—प्रहार करता है । बीजूजळ—तलवार । पारेवडा—कपोत । पूठि—पीठ पर, भागते हुए पर ।

५. तीखा— तीक्ष्ण । खगेसुर—पक्षीराज । काढ़वा—निकालने । माल सुजाव—राव मालदेव का पुत्र राजा उदयसिंह । परिहरि—त्यागकर । रेसै—संहार करता है, दमन करता है । डहर—खुला साफ मैदान । कबूतर राव— कपोत रुपी राव पक्षी ।

४. गीत महाराजा जसवंतसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

समर सगतपुर मंडोवर छतरधर समोसर, तकर कर वजर वर धजर तांजौ ।
असुर वगतर उवर मगर सांसर अतर, गंगहर कळोधर कहर गांजौ ॥१॥
मेळीयौ जसै बळ दिलो दळ मचकतां, प्रवळ भुजवळ सरळ तरळ पूगौ ।
धिखे मैंगळ सदळ अकळ चळवळ धरळ, अरळ सावळ भरळ करळ ऊगौ ॥२॥
वार विकराळ सिरदार वध वाहीयौ, समर वर भार धर धार सूरै ।
सार सेलार उरपार वै मार सर, पार चौधार कर मार पूरै ॥३॥
काळ लंकाळ कर ठाळ जड़ीयौ कमंध, वहै विकराळ रतखाळ वांई ।
भाळ छकड़ाळ चुगडाळ चूनाळ भिद, ताळगो भाळ कर धरण तांई ॥४॥
खतम अवसांण खैंफाण रहीया थरक, रीझियौ भांण हिंदवांण राजी ।
सगत सिव सवाड़ा अखाड़ा सेल रौ, गवाड़ै प्रवाड़ा सुतन गाजी ॥५॥

—वखता खिड़िया रौ कह्यौ

---

४ गीतसार—उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा यशवंतसिंह प्रथम के भाले की प्रशंसा पर रचित है। गीतकार ने गीतनायक को दिल्ली के बादशाह के बराबर का बली वर्णन किया है। वह कहता है कि युद्ध की विषम वेला में यशवंतसिंह ने विपक्षी सेना के सामने आगे बढ़कर युद्ध का भार वहन किया। युद्ध की भयानकता से जब मुसलमान योद्धा भयभीत होने लगे तब यशवंतसिंह ने भाले से आक्रमण कर यशकथा का प्रसार किया।

---

१. समर—युद्ध। सगतपुर—दिल्ली। छतरधर—छत्र धारण करने वाले, राजा। समोसर—बराबर। तकर कर—तकरार करके। वजर वर—वज्र के बराबर, श्रेष्ठ कोटि का वज्र। वजर—भाला। तांजौ—तेरा, तुम्हारा। असुर—मुसलमान। उवर—उर, हृदय। मगर—पीठ भाग। सांसर— (?)। अतर—अति, अधिक। गंगहर—राव गांगा का वंशधर। कहर—प्रलयकारी, भयावह, तेज। गांजौ—भाला, बर्छा।

२ मेळीयौ—मिलाया, भिड़ाया। जसै—महाराजा यशवंतसिंह। मचकतां—भय से आन्दोलित होने पर। तरळ—तीव्र गति से, चपलता से। पूगौ—पहुँचा। धिखै—क्रोधित होकर, भभककर। मैंगळ—हाथी। अकळ—वीर, समस्त। चळवळ—डांवाडोल, रुधिर। धरळ—धाराप्रवाह। अरळ—वैरी। सावळ—भाला। भरळ—चमकता। करळ—भयंकर, हथेली के अग्रभाग में। ऊगौ—उदय हुआ।

३. वार—समय, प्रहार। वध—आगे बढ़कर। वाहीयौ—प्रहार किया। सेलार—भाला। उरपार—वक्षस्थल के पार। चौधार—भाला विशेष। मार-चोट।

४. काळ—यमराज। लंकाळ—सिंह। कमंध—राठौड़। वहै—प्रवाहित हुए। रतखाळ—लोहू के नाले। भाळ—भाले की नोक, ललाट। छकड़ाळ—कवच। चुगड़ाळ—मुसलमान। चूनाळ— (?)। भिद—भेदकर। धरण—पृथ्वी। तांई—तक।

५. खतम—पूर्ण। अवसांण—युद्ध, मौका। खैंफाण—मुसलमान। थरक—डर, कंपित। सवाड़ा—सवागुने अधिक। अखाड़ा—युद्ध। गवाड़ै—गायन करवाकर। गाजी—गजसिंह।

५. गीत जसवंतसिंघ राठौड़ रौ

गड़ लाळ लगाय हालियौ गढ़पत, खरी कहा मत कोय खिजौ ।
डारण जसौ आवतां देखै, वारण बळ तज गयौ बिजौ ।।१।।

कर आग्राज उठायौ कमधज, राखण पाट त्रम्बाट रुड़ ।
इण राठौड़ संहसबळ आगै, मैंगळ जादव गयौ मुड़ ।।२।।

हरियंद सुतन सभाव हालतौ, भौ मन अमर सुजाव भयौ ।
इण नहराळ काळ मूंह आगै, गह तज पाल दंताळ गयौ ।।३।।

असमर धरा धूणियां आयौ, नड़ीयां कमां तणा सिर नेत ।
मद रद हुयै गयौ माडेचौ, खेड़ैचा आगै रिणखेत ।।४।।

---

५ गीतसार—यह गीत यशवंतसिंह राठौड़ पर रचित है। गीत में यशवंतसिंह को सिंह और प्रतिभट विजयपाल यादव को हाथी अंकित कर दोनों का वर्णन किया हैं। गीत में कहा है कि विजयपाल रूपी गज स्वेच्छापूर्वक विचरण किया करता था, किन्तु यशवंतसिंह रूपी सिंह के आक्रमण करने पर वह गर्वविहीन होकर लड़ाई से चलता बना।

१, लाळ—लार, मुँह से बहकर गिरने वाला थूक । हालियौ—चलता बना । खरी—स्पष्ट और सच्ची । खिजौ—रुष्ट हुआ । डारण—शक्तिशाली, वीर, सिंह । जसौ—जसवंतसिंह । वारण—गजराज । बळ—बल, साहस । बिजौ—विजयपाल ।

२. आग्राज—गर्जना, दहाड़ । कमधज—राठौड़ । पाट—सिंहासन । त्रम्बाट—नगाड़े । रुड़—बजने की ध्वनि का भाव । संहसबळ—सहस्रबल, महान् बली । आगै—अगाड़ी । मैंगळ—हाथी । मुड़—लौट गया, पीछे मुड़ कर चला गया ।

३. हरियंद सुतन—हरिसिंह का पुत्र जसवंतसिंह । साभाव—स्वाभाविक गति से । हालतौ—जाता, चलता । भौमन—मन से भयभीत । अमर सुजाव—अमरपाल का पुत्र । भयौ—हुआ । इण—इस । नहराळ—सिंह । काळमूँह—मृत्युमुख । गह—गर्व, बहादुरी । तज—त्याग कर । पाल—विजयपाल । दंताळ—हाथी ।

४. असमर—युद्ध, तलवार । धरा—भूमि । धूणियां—झकझोरता, धुनता । नडीयां—बांधे हुए । कमां तणा—कर्मसेन का । मद—मद, मस्ती में बहने वाला रस । रद—दांत । माडेचौ—यादव विजयपाल । जैसलमेर भूभाग का प्राचीन नाम माड था । माड पर शासन रहने के कारण यादवों (भाटियों) को माडेचा कहते हैं । खेड़ैचा—खेड़ स्थान का निवासी, राठौड़ । रिणखेत—रणस्थल ।

६. गीत महाराजा अजीतसिंघ राठौड़ रौ

प्रथम तेज प्रहास ओजास सारी प्रथी, वळे जसवास जग जास वाजा ।
सेर जिम अग्राजै अजौ नवकोट सिर, मेर सिर धू जिही माहराजा ।।१।।

चाप असपत हुकम वहै च्यारू चकां, चलै नर अवर ग्रह नखित्र चाळौ ।
वडै गिर जोधपुर सिरै राजा वडौ, अचळ धू जिम रहै जसै वाळौ ।।२।।

वळावळ उडयणां जेम खटतीस वंस, चाक चढ़िया रहै दियां चांटी ।
अचळ आसत लीयां गजण दूजौ अभंग, मेर मुरधर सिरै रहै मांटी ।।३।।

राइजादा वीयां मंडळी नीचै रहै, सुर सीस साहजादा सकोई ।
किलम रा ऊमरां नरां ऊपरै कमध, कमध ऊपर अवर नह कोई ।।४।।

—जीवणदास कल्ला रौ कह्यौ

---

६ गीतसार—ऊपरांकित गीत महाराजा अजितसिंह राठौड़ जोधपुर के प्रताप और पराक्रम पर कथित है । गीत में वर्णन है कि अन्य राजपुत्र और शाहजादे महाराजा अजितसिंह के अधीन सेवारत रहते हैं । और वह सुमेरु गिरि की भांति सदैव रणभूमि में स्थिर-चरण रहता है ।

---

१. प्रहास—प्रकाश, तलवार । ओजास—प्रकाश, तेज । सारी—समस्त । प्रथी—संसार । वळे—पुनः । जसवास—यशरूपी सौरभ । जास—जिसके । वाजा—वाद्य । अग्राजै—गर्जना करता है । अजौ—महाराजा अजितसिंह । नवकोटसिर—प्रसिद्ध नव दुर्ग वाले मारवाड़ राज्य के सिंहासन पर । मेर सिर—सुमेरुगिरि । धू—ध्रुव, अडिग । जिही—ज्यों ।

२. चाप—पैरों के चलने की आहट, गति । असपत—अश्वपति, बादशाह । वहै—चलते हैं । च्यारु चकां—चारों दिशाओं में । अवर—अपर, दूसरे । ग्रह नखित्र—ग्रह और नक्षत्र । चाळौ—चाल, छेड़छाड़ । वडेगिर—सुमेरुगिरि । सिरै—श्रेष्ठ, पर । अचळ—अचल । जसैवाळौ—महाराजा यशवंतसिंह प्रथम का पुत्र अजितसिंह ।

३. वळावळ—बराबर, बलात् । उडयणां—नक्षत्रों, सितारों । खटतीस—छत्तीस । चाक चढ़िया रहै—चक्रित रहते हैं, चलायमान रहते हैं । चांटी—दौड़-भाग, सेवा चाकरी । आसत—शक्ति, अस्तित्व । गजण दूजौ—द्वितीय गजसिंह, महाराजा अजितसिंह । अभंग—वीर । मेर मुरधर—मारवाड़ रूपी सुमेरुगिरि । मांटी—मर्द, पति, राजा ।

४. वीयां—दूसरे । मंडळी—राजा । नीचै—अधीन । सकोई—सब कोई । किलम—मुसलमान । उमरा—उमराव, सामंत । कमध—राठौड़, अजितसिंह । नह—नहीं ।

७. गीत महाराजा अजीतसिंघ राठौड़ जाेधपुर रौ

दिल्ली पांण मेटे मांण असुरां दुझल, साह चो कांण मेटे सुवायौ ।
राख हींदवांण मरजाद हेकोक रहण, अजौ दईवांण जोधाण आयौ ।।१।।

भींव रै प्राकरम जसा रै समौभ्रम, दुइण खागां मुंहां गाढ़ दोटां ।
राख ओटां घांणेराव राणां सरण, कमध ले आणीयौ नवां कोटां ।।२।।

सूर जिम जगत ढाप रहवै सूरहर, देख अंजस न करै दूवौ ।
हींदवा ढाल अजमाल आगै हुतौ, हिमै अजमाल पतसाह हूवौ ।।३।।

बराबर तेज परताप बे बरोबर, तखत बे बराबर बखत ताज ।
हीमै राज करो दिल्ली सिर हैवैपत, राज मुरधरा करौ महाराज ।।४।।

—जीवणदास कल्ला रौ कह्यौ

---

७. गीतसार—उपर्युक्त गीत राठौड़ नरेश महाराजा अजितसिंह जोधपुर के राजनैतिक प्रभाव का बोधक है। गीत में अजितसिंह को दिल्ली के बादशाह का मान-मर्दक, हिन्दुत्व की मर्यादा का रक्षक और हिन्दू-पति मेवाड़-नरेश का शरण-रक्षक चित्रित किया गया है।

---

१. पांण—कांति, प्रतिष्ठा, बल । मांण—सम्मान । असुरां—मुसलमानों का । दुझल—योद्धा, वीर । साह ची—बादशाह की । कांण—मर्यादा । राख—रक्षा कर । हींदवांण—हिंदूत्व, हिंदू-धर्म । हेकोक—एक-एक । अजौ—अजितसिंह । जोधाण—जोधपुर ।

२. भींव—महाबली भीम पांडव । प्राकरम—पराक्रम । जसारै—राजा यशवंतसिंह राठौड़ के । समौभ्रम—पुत्र, समान भ्रांति देने वाला अजितसिंह । दुइण—शत्रु । खागां मुंहां—तलवारों की नोकों में । चाढ़—चढ़ा कर । दोटां—प्रहार ।
ओटां—आड, रोक । घांणेराव—मारवाड़ और मेवाड़ की सीमा का एक कस्बा । राणां—मेवाड़ के महाराणा । सरण—शरण में । कमध—राठौड़ नरेश अजितसिंह । आणीयों—लाया, बुलवाकर लाया । नवां कोटां—नव किलों के लिए प्रसिद्ध मारवाड़ ।

३. सूर—सूर्य । जिम—ज्यों । ढाप—ढक्कन, रक्षा । सूरहरै—राजा शूरसिंह का पौत्र-अजितसिंह । अंजस—अभिमान । दूवौ—अन्य कोई । हींदवा ढाल—हिन्दू समाज का रक्षक । अजमाल—महाराजा अजितसिंह । आगै हुतौ—पूर्व से ही था । हिमै—अब । पतसाह—बादशाह, सम्राट् ।

४. बे—दोनों । बरोबर—समतुल्य । तखत—तख्त, सिंहासन । बखत—भाग्य । हैवैपत—बादशाह । मुरधरा—मारवाड़ देश ।

८. गीत महाराजा अजीतसिंघ राठौड, जोधपुर रौ

रामां अवतार अजौ महाराजा, सांम-धरम पेखै सवळ ।
उण हणवंत वभीखण अरघै, इण अरघै गोकळ अवळ ।।१।।

सांच वाच देखै मंत्रेसर, सुत दसरथ जसवंत सुत ।
पवन सुजाव थपै लंका वुथपै, सुंदर रौ जेही सुमत ।।२।।

पाळ बांधत लंकापत रुघपत, कीया अचळ ज्यूं क्रपा कर ।
मुहता भूप हरा सिर माथै, हाथ दिया गजबंध हर ।।३।।

सूधमनौ सांचौ संपेखै, लाखां दीयण वधारण लाज ।
ज्यां साम्हौ जोयौ जोधपुरौ, तिकै हुया सारां सिरताज ।।४।।

—जीवणदास कल्ला रौ कह्यौ

---

८. गीतसार—उपर्युक्त गीत मारवाड़ राज्य के शासक महाराजा अजितसिंह राठौड़ पर रचित है। गीत में अजितसिंह को श्रीरामचन्द्र और उनके आमात्य गोकुलदास मुहता को वानरराज हनुमान तथा राजा रावण के भ्राता विभीषण के समान वर्णित किया है। कवि कहता है कि अजितसिंह ने जिसे पवित्र माना और सत्यवादी पहिचाना उसे अपनी उदार कृपा से लाभान्वित कर सब से अधिक सम्मान प्रदान किया।

---

१. रामां—श्रीरामचन्द्र। अजौ—अजितसिंह। सांम धरम—स्वामिधर्म। पेखै—देखता है। उण—उन्होंने। हणवंत—हनुमान। अरघै—सम्मानदिया। इण—इन्होंने। गोकळ—गोकुलदास मुहता। अवळ—अव्वल, सब से प्रथम।

२. सांच वाच—सत्यभाषी। मंत्रेसर—मंत्री। जसवंत सुत—महाराज यशवंतसिंह का पुत्र अजितसिंह। पवन सुजाव—पवन पुत्र हनुमान। वुथपै—अधिकार च्युत किया। सुंदर रौ—सुंदरदास का पुत्र गोकुलदास। सुमत—सुमंत, श्रीरामचन्द्र के मंत्री का नाम।

३. पाळ—पैज, मर्यादा। लंकापत—राजा रावण। रुघपत—रघुपति, श्रीरामचंद्र। भूपहरा—भूपत के पौत्र को। सिर माथै—सब के ऊपर। गजदन्ध हर—राजा गजसिंह का पौत्र अजितसिंह।

४. सूधमनौ—पवित्र मन का। संपेखै—देख कर। दीयण—दानदाता। वधारण—वृद्धि करने। ज्यां—जिन के। साम्हौ—सामने। जोयौ—देखा। जोधपुरौ—महाराजा अजितसिंह ने। तिकै—वे। सारां—सब से।

९. गीत महाराजा विजैसिंध राठौड़, जोधपुर रौ

राड़ौ फैलतां सामंद्र रूप अथग्गां कूरमां थाट, औनाड़ौ पटेल धसे ग्राह ज्यूं अठेल।
हैकम्पे ढूंढाड़ौ राजा करी ज्यूं बेहाल होतां, आयौ मारवाड़ौ राजा हरी ज्यूं उबेळ ॥१॥

भड़ां वेग सालुळै बाणास चक्र तोक भुजां, धोक तोप जड़तां जंजीरां फंद घात।
अंबनैर नाथ गै विजौ गहंतां वेळ आयौ, नाथ जोधाण ज्यूं त्रिलोकवाळौ नाथ ॥२॥

मदां पांण छीजतां विरूथां फंद गैमरां ज्यूं, ऊजळा माहेस राज धाम ज्यूं आराह।
पतौ गै करंतां ररी नाम ज्यूं पुकार पीड़ा, सागै भीड़ पूगौ श्रीराम ज्यूं विजैसाह ॥३॥

पाणां चक्र खाग ले गनीमां ग्राह प्रहारियौ, जेण चीज हत्थां काज सारियौ जांमेर।
आधपत्ती धारियौ आलेख लेज दूजै अजै, अभैराज करे करी तारियौ आमेर ॥४॥

—वदनजी मीसण रौ कह्यौ

---

९. गीतसार- उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा विजयसिंह राठौड़ द्वारा जयपुर पर महादाजी सिंधिया के आक्रमण करने पर जयपुर नरेश सवाई प्रतापसिंह की सहायता करने के वर्णन का है। गीत में कहा है कि समुद्र रूपी अथाह सेना सजा कर ग्राह रूपी महादा-पटेल के आक्रमण करने पर ढूंढाड़ नरेश सवाई प्रतापसिंह के विकल होने पर विजयसिंह ने भगवान विष्णु की भांति सहायता कर उनकी रक्षा की।

---

१. राड़ौ—भयानक युद्ध। सामंद्र—समुद्र। अथग्गां—अथाह। कूरमां—कछवाहों। थाट—सेना, समूह। औनाड़ौ—निर्बंध, स्वेच्छागामी। धसे—प्रवेश करते। अठल—जो पीछे न धकेला जा सके। हैकम्पे—भय से कांपते हुए। करी—हाथी। बेहाल—विकल। हरी—विष्णु भगवान्। उबेळ—रक्षा करने, सहायता करने।

२. सालुळै—चलते। बाणास—तलवार। तोक—प्रहार हेतु ऊपर उठाये। धोक—घोष। जड़तां—जटित करते, बाँधते। घात—डाल कर। अंबनैर नाथ—आमेर राज्य का महाराजा सवाई प्रतापसिंह। गै—हाथी। विजौ—महाराजा विजयसिंह जोधपुर। गहंतां—पकड़ते समय। वेळ—सहायतार्थ। नाथ जोधाण—जोधपुर नरेश। त्रिलोकवाळौ—त्रिलोकी का।

३. मदां पांण—मंद और बल। छीजतां—क्षीण होते। विरूथां—सेनाओं। गैमरां—हाथियों। ऊजळा—उज्ज्वल। आराह—आराधना। पतौ गै—गजरूपी महाराजा प्रतापसिंह जयपुर। र री—र अक्षर का उच्चारण करते, राम कहते। सागै—साथ, साक्षात्। भीड़—विपत्ति में, सहायतार्थ। पूगौ—पहुँचा। विजैसाह—महाराजा विजयसिंह जोधपुर।

४. पांणा—हाथों में। चक्र—सुदर्शन चक्ररूपी। खाग तलवार। गनीमां ग्राह—शत्रुओं रूपी मगरमच्छ। प्रहारियौ—प्रहार किया, संहार किया। सारियौ—सिद्ध किया। जांमेर—उस समय (?) दूजै अजै—दूसरे अजितसिंह ने, महाराजा विजयसिंह ने। अभै—अभय। तारियौ—उद्धार किया।

१०. गीत महाराजा विजैसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

उतन नरवदा परै दळ तीड़ नेपत असंक, च्यार चक फिरै धर करै चखणी ।
आवीयां मुरधरा अेक नह ऊबरै, दुजड़ विजपाल मरै दिखणी ॥१॥

सतारे हुवै फौजां पैदास सलभ, चावि सारै गया दाढ़ चाळे ।
विधाता लिखत अणचूक अेकन वचै, गनीमां वखत सुत रूक गाळे ॥२॥

हुवै पैदास दिखण दिखण हजारां, प्रथी हैरान कण न छोडै पाव ।
वचै किम वीस विसवा लिखत विसम्भर, अजाहर तणै खग गनीमां आव ॥३॥

ऊपजे दिखण माळव धरा ऊछरै, लखां डंड भरै कोई न करै लाग ।
चंदेरी दिली गुजरात चहुं दिस चरै, खपै मरहठो राठौड़ रै खाग ॥४॥

लाख दळ हूंत गळ गयौ आपौ लड़े, इळा मझि सुणै चहुंवळ आवाजां ।
तीड़ दिखणाण दळ मरै आवै तिकै, रूक वळ गजन हर राजा ॥५॥

---

१०. गीतसार—उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा विजयसिंह राठौड़ और जयअप्पा सिंधिया के मध्य हुए मेड़ता के युद्ध और तदनन्तर नागौर में जयअप्पा के मारे जाने से सम्बन्धित है। कवि ने जयअप्पा की मरहठी सेना को टिड्डी दल के रूप में वर्णन करते हुए उसे विनष्ट करने का श्रेय विजयसिंह को दिया है।

---

१ उतन—वतन। नरवदा परै—नर्वदा नदी के उस पार। दळ तीड़—सेना रूपी टिड्डी समूह। नेपत—उत्पन्न होते हैं। असंक—असंख्य, अगणित। च्यार चक—चारों दिशाओं में। फिरै—फिरते हैं। धर-पृथ्वी की। चखणी—चखना, स्वाद लेना। आवीयां—आने पर। ऊबरै—जीवित रहे, शेष रहे। दुजड़—तलवार। विजपाल—विजयसिंह के। दिखणी—मरहठे।

२. सतारे—पूना सतारा। पैदास—उत्पत्ति। सलभ—टिड्डे। चावि चवा गए। सारै—समग्र। दाढ़ चाळे—दाढ़ों को चलाकर। अणचूक—अचूक। वचै—बचता है। गनीमां—वैरियों। वखत सुत—महाराजा बखतसिंह का पुत्र विजयसिंह। रूक—तलवार के। गाळे—ग्रास, निवाला।

३. दिखण हजारां—टिड्डी जो हजारों की संख्या में होती है। प्रथी—संसार, पृथ्वीलोक। कण—अन्न का कण। पाव—एक पाव तोल जितना भी। विसंभर—विश्वम्भर। अजाहर तणै—महाराजा अजितसिंह के पौत्र विजयसिंह के। खग—तलवार।

४. ऊपजै—उत्पन्न हुए। ऊछरै—उत्सर्जन, पोषण पाने के लिए जाना। लखां डंड भरै—लाखों रुपयों का दण्ड भरते हैं। लाग—पीछा। चरै—चर्वण करते हैं। खपै—खपता है, मरता है। मरहठो—महाराष्ट्रीय। खाग—खड्ग।

५. लाख दळ—एक लाख सैनिक। हूंत—से। गळ गयौ—मर गया, पिघल गया। आपौ—[illegible]। इळा मझि—संसार में। चहुंवळ—चौतरफ। तीड़—टिड्डे, [illegible]। गजन हर—महाराजा गजसिंह के वंशधर विजयसिंह।

११. गीत महाराजा विजैसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

गुमर भर लियां साथ चालै मधौ नाव गत, वंस पैंतीस सिर पाथ बटका।
अभंग भाराथ रचि अंबनयर आवतां, असमरां नर समंद नाथ अटका ॥१॥

हांकिया गुराबां जेम खळ मरहठे, कमळ जळ खत्री कुळ राह कीधौ।
कमधपत जाग छळ सहायक कूरमां, दुगम दळ हळोहळ बंध दीधौ ॥२॥

चालियौ जिहाजां जेम दिखणी चढ़ै, अंब अनि त्रिगुट राजां अछायौ।
पता काजां विजौ भूप छौळां प्रबळ, उभळ पाजां उदध रूप आयौ ॥३॥

अजाहर हसम दरियाव दीधा उभळ, अथग जळ बिचै पड़ नाव ऊंधी।
गड़ूथळ खावती अंवाळां पड़ गयौ, सतारा तणा अमराव सूधी ॥४॥

---

११. गीतसार— उपर्युक्त गीत महाराजा विजयसिंह राठौड़ और ग्वालियर राजवंश के मूल-पुरुष महादाजी सिंधिया के युद्ध से सम्बद्ध है। गीत में महादाजी को जलयान और महाराजा विजयसिंह को अटक समुद्र (अटक नदी) अंकित कर युद्ध का रूपक रचा गया है। महादाजी ने जयपुर नरेश प्रतापसिंह पर हमला किया तब विजयसिंह ने जयपुर के पक्ष में शामिल होकर लड़ाई लड़ी थी।

---

१. गुमर भर—घमण्ड से भरकर। मधौ—महादाजी पटेल। नाव गत—नौकागति से। पाथबटका—मार्ग। अभंग—अटल, वीरतापूर्ण। भाराथ—युद्ध। अंबनयर—आमेर नगर पर। असमरां—तलवारों। नर समंद—सेना नायक, मारवाड़। नाथ अटकां—अटक-सागर।

२. गुराबां—छोटी तोपें, घोड़े ऊँटों पर चलने वाला तोपखाना। खळ—दुष्ट, शत्रु। कमल जळ—जल में कमल की भांति। खत्रीकुळ—क्षात्रकुल। राह कीवौ—मार्ग किया। कमध पत—राठौड़ों का स्वामी, महाराजा विजयसिंह। जागछळ—युद्धरूपी यज्ञ। कूरमां—कछवाहों के। दुगम दळ—दुर्गम सेना, अपार और विकट सेना। हळो ळ—समुद्र। बंध—बाधा।

३. जिहाजां—जहाजों की तरह। जेम—ज्यों। दिखणी—दक्षिण वाला, मरहठा। अंब—जल कमल। अनि—अन्य। त्रिगुट—त्रिकुट—लंकासागर, अटक समुद्र। पता काजां—महाराजा सवाई प्रतापसिंह के लिए। विजौ भूप—महाराजा विजयसिंह जोधपुर। छौळां—लहरें, तरंगे। ऊभळपाजां—सीमोल्लंघन, हद से बाहर उछलकर बहना। उदध—समुद्र।

४. अजाहर—महाराजा अजितसिंह का पौत्र विजयसिंह। हसम—सेना। दरियाव—समुद्र। उभळ—प्रवाह की टक्कर। अथग जळ—अगाध सागर, अथाह जलराशि। ऊँधी—उलटी। गड़ूथळ—कुलांचे, ऊपर नीचे पड़ता लुढ़कता। अंवाळां—ऊहावली, कूड़ा कचरा के साथ बहता हुआ। तणा—का। सूधी—सहित।

१२ गीत महाराजा विजैसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

सधर अडर उर किरमर सुकर धर समोसर, पसर लसकर डंमर सुनर प्राझै ।
जवर तप गहर धर छतरधर विजैसुर, सरभर सतरहर समर साझै ॥१॥
बरड़ रत दरड़ पड़ फरड़ घावां प्रघळ, तीब छड़ खरड़ झड़ कंध तूटै ।
सिंह जड़ थाट थड़ सुभड़ तड़ बखत सुत, प्रघड़ दड़ दड़ अचड़ अरि त्रिजड़ फूटै ॥२॥
रूंदण मोखण हण दिखण दळ दळण खग, जिपण रण रखण पण गजण जोड़ै ।
प्रघण घण जणोजण हुवै कण कण पिसण, गहण दावण दिखण धरण गोड़ै ॥३॥
अकळकळ अजाहर सवळ बीजळ अयळ, जुधां भुजबळ तरळ अमळ जूटा ।
सिंधियौ सुदळ दळ विकळ चळ चळ सकळ, प्रवळ खळ अतुळ वळ पांव छूटा ॥४॥
वयळ कळ वयळ वंस नूर झळहळ विमळ, रूक झळ कमळ रिम मसळ मारे ।
त्रम्वागळ वजे जय अचळ धर तेज हूं, हुये माधौ अवळ विपळ हारे ॥५॥

१२. गीतसार—ऊपरांकित गीत जोधपुर के महाराजा विजयसिंह राठौड़ पर रचित है। इसमें कवि ने माधव राव सिंधिया को पराजित करने का वर्णन करते हुए गीत-नायक के शौर्य, साहस और आतंक का वर्णन किया है। गीत में यह भी उल्लेख किया है कि विजयसिंह के प्रताप और प्रभाव का समान वैभव वाले राजा आदर-सम्मान करते हैं।

१. सधर—धैर्यवान। किरमर—तलवार। सुकर ध[र]—स्वहाथ में ले, शुभ हाथ में पकड़। समोसर—समान, सम अवसर। पसर—फैलकर। डंमर—आडम्बर, सेना का ठाट-वाट। प्राझै—अपरिमित, बहादुर। छतरधर—छत्रधारी। विजैसुर—महाराजा विजयसिंह। सरभर—समान, समवल। सतरहर—शत्रुओं, शत्रु घरों को। साझै—मारता है, निशाना साधकर।

२. वरड़—टूटते समय होने वाली ध्वनि। रत—लोहू। दरड़—घने प्रवाह से गिरना। फरड़—ध्वनि विशेष जो फटते समय होती है। प्रघळ—प्रचुर, वहुत। तीव—लोहे का नुकीला भाग, जोड़ युक्त भाग। छड़—शर, माला। खरड़—शस्त्र की प्रहार ध्वनि, रगड़ की ध्वनि। तूटै—टूटते हैं। थाट—सैन्यदल। सुभड—सुभट। वखत सुत—महाराजा वख्तसिंह का पुत्र विजयसिंह। दड़दड़—ध्वनि-विशेष। त्रिजड़—तलवार, कटार।

३. रूंदण—कुचलने। मोखण—मुक्त करने। हण—मार। दिखणदळ—मरहठी सेना। खग-तलवार। जिपण—विजय करने। पण-प्रतिज्ञा, वल। गजण—महाराजा गजसिंह की। प्रघण—प्रचुर, अधिक। घण—घना। पिसण—वैरी। गहण—पकड़ने। गो[ड़ै]—पास, पैर नीचे।

४. अकळकळ—बुद्धिवल से। अजाहर—महाराजा अजितसिंह का पुत्र विजयसिंह। बीजळ—तलवार। अयळ—शस्त्र। सिंधियौ—ग्वालियर वालों का पूर्वज महादाजी सिंधिया। चळचळ—विचलित, चलायमान। खळ—शत्रु। अतुल—अतुल्य। पांव—पैर। छूटा—उखड़ गए।

५. वयळ—सूर्य। कळ—भांति, किरण। वयळवंस—सूर्यवंशी। नूर—कांति। रूक—तलवार। झळ—ज्वाला, आतप। रिम—वैरी। त्रम्वागळ—नगाड़े। माधौ—महादाजी सिंधिया। अ[व]ळ—दलहीन, सेना नष्ट करवा कर। हारे—पराजित होकर।

१३. गीत महाराजा मानसिंह राठौड़ जोधपुर रौ

किले जालौर पधारे कई ऊगते भाराथ कीधा,
फतै बोहां लीधा रमे रीधा लोहां फाग ।

कोटां भांत रोटां के अढ़ारां गिरां चूर कीधा,
दाढ़ वाळे देवड़ां सिरोही दीधा दाग ।।१।।

फेट सूं उडाई लखां आई जो धखी ले फौजां,
तोपां घोर गजाई बजाई सिंधु तान ।

चढ़ाई बिरद्दां आब बरदाई, बिया चूंडा,
गाढ़ राव पाई फतै सवाई गुमान ।।२।।

---

१३. गीतसार–उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा मानसिंह राठौड़ के जालौर दुर्ग से सिरोही के शासक देवड़ा चौहान पर विजय प्राप्त करने का परिचायक है। गीत में देवड़ा से पेशकसी कर लेने तथा शरण आने पर रक्षा करने आदि का भी उल्लेख हुआ है। गीत में मानसिंह के इष्टदेव जालधंरनाथ की कृपा का भी संकेत किया गया है।

---

१. केई–कई बार, कतिपय। ऊगते–सूर्योदय होते। भाराथ–युद्ध। फतै–फतह। बोहां–बहुत अधिक। रमे–क्रीड़ा, विनोद करना। रीधा–प्रसन्न हुआ। लोहां फाग–शस्त्रों का फाग, युद्ध। कोटां–दुर्गों को। भांत–तरह। रोटां–रोटियां। अढ़ारागिरां–अठारह गिरि। चूर–चूर्ण। दाढ़वाळे–वाराहराज। देवड़ा–सिरोही राज्य के शासक देवड़ा। दाग–लांछन, पराजय जनित कलंक।

२. फेट सूं–टक्कर से। लखां–लाख संख्यक। धखी–सामने, इच्छा कर, कोपान्वित होकर। गजाई–गर्जला कर वायी। बजाई–ध्वनि करवायी। सिंधु तान–सिंधुराग की तानें, नगारे की ध्वनि, वीरों को उत्साहित करने वाली रागिनी। विरद्दां–विरुदों, कीर्ति, प्रशस्तियों। आब–आभा, कांति। बरद्दाई–वरदाता, वरदान प्राप्त। बिया चूंडा–द्वितीय चूंडा, महाराजा मानसिंह के पूर्वज राव चूंडा राठौड़। गाढ़े राव–दृढ़वीर। पाई–प्राप्त की। सवाई गुमान–महाराजा मानसिंह के पिता गुमानसिंह से सवा गुना अधिक।

घँसार सजीतां फेरे चीत्तौड़ आंवेर घेरे,
　　हेरे वीकुपुरां घोर वीता हैरांन ।
पेसकसी खजाना खालीसा ले लगाया पावां,
　　जीता मान राई-तना वदीता जहांन ॥३॥

जिकी रिद्धा राई सूं वधार कीवी मेर जोड़े,
　　कोपीयां ज्यां मार लीधा वात चोढ़ कांन ।
वोली वीच पधारने कीधा साथ भूप वीजा,
　　मारू ओट आयां त्यां साधार लीधा मांन ॥४॥

पढ़ेतां ऊवेड़ जाडां छल्ले जोस वरांपूर,
　　सोभा राग रंगां इंद्र अखाड़ां समान ।
सवाड़ा जालंध्रीनाथ प्रतपौ हजार सालां,
　　मारवाड़ पातसा प्रवाड़ा जीत मान ॥५॥

---

३. घँसार—सेना, समूह । सजीतां—सज्जित, विजय सहित । फेरे—चारों ओर फिराकर । आंवेर—कछवाहों के आमेर राज्य को । घेरे—घेरा डाल कर । हेरे—खोज ढूंढ़कर । वीकुपुरां—पंवारों की एक शाखा । पेसकसी—पेशकश नामक एक कर, नजराना । खलीसा—खलीते, आदेश पत्र । लगाया पावां—अधीन बनाए, मातहत किये । जीत—विजयी हुआ । मान—महाराजा मानसिंह । राईतनां—राजवंशी । वदीता—सराहा गया, प्रसिद्धि कही गई । जहांन—संसार ।

४. जिकी—जो । रिद्धा राई—ऋद्धि, ऋद्ध राजत्व । वधार—वृद्धि कर । मेर जोड़े—सुमेरु गिरी के बराबर । कोपीयां—कुपित हुए, नाराज हुआ । वीजा—दूसरे । मारु—मारवाड़ की, मारवाड़ नरेश मानसिंह की । ओट—आड़ में, रक्षा में । साधार—आश्रयता में ।

५. ऊवेड़—दमित कर । जाडां—घना । छल्ले—छलकते, भरपूर । जोस—जोश, उत्साह । वरांपूर—तेजस्वी, वरदानों युक्त । सोभा—शोभा । इन्द्र अखाड़ां—देवराज इन्द्र के नृत्य, गानादि अखाड़े । सवाड़ा—सवा गुना, सुरक्षित । प्रतपौ—राज्य वैभव का उपयोग करो । सालां—वर्षों तक । पातसा—बादशाह, राजा । प्रवाड़ाजीत—यश प्रशस्तियों वाला, योद्धा ।

१४. गीत महाराजा मानसिंह राठौड़ जोधपुर रौ

पाखां घण थटै भूपती सालुळे दळा संबंध ।
अडियौ थाहर ऊपरां, कवळौ मान कबंध ।।१।।

कटकां थाट बींट चहुंकांनी, अटकां पालग भड़ आया ।
खागां झाल बीजा हर खटकां, झटकां दे कटकां रटकाया ।।२।।

..........................कमधां नाथ मूंछ कर घाल ।
हाले जठी भड़ां हलकारै, अेकल रूप खळां ओखाळ ।।३।।

पिसणां रत चाळ ढींच कर पाणां, ... ।
रूकां झाल भूप रूप रै दियौ, दाढ़ाळौ गहीयौ बिण डांण ।।४।।

---

१४. गीतसार– उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा मानसिंह राठौड़ पर रचित है। गीत में महाराजा मानसिंह और महाराजा सवाई जगतसिंह के मध्य परबतसर परगने के गींगोली स्थान के युद्ध तथा तदनन्तर जोधपुर के घेरे का वर्णन है। कवि ने अतिशयोक्ति पूर्ण वर्णन करते हुए जोधपुर की विजय और जयपुरकी पराजय का वर्णन किया है। गीतकार महाराजा मानसिंह का आश्रित कवि था।

---

१. पाखां–पक्षों। घण–घने। थटै–समूह, सेना। सालुळे–चले। थाहर–कंदरा। कवळो–सूअर, शूर। मान–महाराजा मानसिंह। कवंध–राठौड़।

२. कटकां–सेनाओं का। थाट–समूह। बींट–घेरा देकर। चहुंकांनी–चौतरफा। अटकां–अटक, रोक, अवरोध। पालग–रोकने वाले, झेलने वाले। भड़–योद्धा। खागाँ–तलवारें। झाल–ग्रहण कर। बीजाहर–महाराजा विजयसिंह का पौत्र महाराजा मानसिंह। झटकां–चोटें। रटकाया–टक्करें देकर मारे, पछाड़ें लगाई।

३. कमंधां नाथ–राठौड़ों का स्वामी मानसिंह। मूंछ कर घाल–मूंछों पर वल देकर। हाले–चाले। जठी–जिधर। हलकारै–आगे वढ़ावे। अेकल–एकाकी, वाराह। खळां–शत्रुओं को। ओखाळ–मारने वाला, रोकने वाला योद्धा।

४. पिसणां–पिशुनों, शत्रुओं। रत–रक्त। ढींच–हाथी (?)। पाणां–वल, शक्ति। रूकां–तलवारें। झाल–ग्रहण कर। दाढ़ाळौ–दाढ़ों वाला, सूअर। गहीयौ–चला। विण–विना। डांण–मद, चाल।

कटकां जगत इसी विध कहीयौ, जोधपुर थहीयौ जोधाळ।
जोस धरौ वयंडां भरड़क्के, वरड़क्के फाटै वघराळ ॥५॥

फाटां धड़ां घाव फरड़क्के, खरड़क्के, रूकां रत रवाळ।
.... ॥६॥

अच्छा जोध कड़च्छा उचक्के, पांव धरै नह पच्छा।
अंगां खळां धड़च्छा उडवै, तुच्छा द्रुम्म तड़च्छा ॥७॥

झाट उरड़ झड़ त्रजड़ झटक्कां, भड़ कूरम पड़ भागो।
जीतो मान अगंजी जाहर, ब्रहमंड सीस विलागो ॥८॥

लसकर खळां भजाड़ लड़ाकी, भारथ कथ साखी सिंभाण।
इळवारा अवतार अड़ाकी, दाढ़ां पर राखी दई वांण ॥९॥

—चालकदान खिड़िया रौ कह्यौ

---

५. कटकां—सेना। थहीयौ—हुआ। जोधाळ—योद्धा, जोधा का वंशज। वयंडां—हाथियों को। झरड़क्के—विदीर्ण करे, फाड़े। वरड़क्के—फटते समय होने वाली ध्वनि। फाटै—फटते हैं। वघराळ—मोटे छेद।

६. फरड़क्के—घावों से रक्तप्रहार। रूकां—तलवारें। रतखाळ—रुधिर के नाले।

७. कड़च्छा—उछांट खाकर। उचक्के—उछलते हैं, त्वरा से ऊपर कूद कर गिरते हैं। नह—नहीं। पच्छां—पीछे की तरफ। धड़च्छां—लम्बे टुकड़े। तुच्छा—तुच्छ, त्वचा। द्रुम्म—द्रुम, पेड़, दुम। तड़च्छा—तड़फड़ाहट करते, तड़छ खाकर।

८. झाट—शस्त्र की प्रचण्ड मार। उरड़—जोशीली। त्रजड़—तलवार। कूरम—कछवाहा, जयपुर नरेश महाराजा सवाई जगतसिंह। भागो—भाग गया। जीतो—विजयी हुआ। अगंजी—अपराजयी। जाहर—प्रकट। विलागो—जा लगा।

९. लसकर—लश्कर, सेना। भजाड़—भगा कर। लड़ाकी—लड़ाकू, वीर। भारथ—युद्ध। साखी—साक्षी। सिंभाण—शंभु। इळवारा—पृथ्वी पर अपने समय वाला। अड़ाकी—अड़ने वाला। दाढ़ा—द्रंष्टाओं। दईवांण—राजा, महान् योद्धा।

१५. गीत महाराजा मानसिंघ राठौड़ जोधपुर रौ

संभू तापहारां तणौ पापहारां रौ प्रयाग सोभा,
ओपै दापधारां रौ दजौण नको आड़ ।
रैणा जुगां नारां रौ अवतारां रौ औतंस राजा,
अजौ दूजौ सारां छत्रधारां रौ औछाड़ ॥१॥

राजनीतां दासरथ्थी हल्ला रौ पारथ्थी रिमां,
दूल्हे सदा सौभाग भल्ला रौ मौड़ देख ।
धणी जोधांण किल्ला रौ उरव्वी सीस छत्र धारे,
हिन्दूथांन जिल्ला रौ मुरव्वी मान हेक ॥२॥

---

१५. गीतसार—उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा मानसिंह राठौड़ पर रचित है । गीतकार ने महाराजा मानसिंह को ताप नाशक शिव, पाप नाशक तीर्थराज प्रयाग, स्वाभिमान धारियों में दुर्योधन, राजनीतिज्ञों में दशरथ और शत्रुओं का संहार करने वालों में अर्जुन के समतुल्य अंकित किया है । पृथ्वीलोक के राजाओं में उन्हें अवतार अंशी उद्घोषित किया है ।

---

१. संभू—शिव । पापहारां रौ—पापहर्त्ताओं में । ओपै—शोभा पाता है । दाप धारां रौ—गर्व धारियों में । दजौण—दुर्योधन । न को—अन्य कोई नहीं । रैणा—पृथ्वी । औतंस—अवतंस । अजौ दूजौ—दूसरा अजितसिंह, महाराजा मानसिंह । सारां—समस्त । छत्रधारां—छत्रपतियों, राजाओं । औछाड़—आच्छादन, रक्षक ।

२. दासरथ्थी—राजा दशरथ, श्रीरामचंद्र । हल्ला रौ—युद्ध का । पारथ्थी—अर्जुन । रिमां—शत्रुओं । भल्ला रौ—ललाट का, भलपनता का । मौड़—मुकुट, सिरमौर । धणी—स्वामी, राजा । उरव्वी—पृथ्वी । सीस—सिर, पर । जिल्ला रौ—जिला का, देश का । मुरव्वी—प्रत्यंचा खींचने वाला । मान—महाराजा मानसिंह । हेक—एक, अकेला ।

कोड़ गणां गाथा रौ कीरत वींद नवेकोटो,
देण गजां मद्दां जाडा रौ सुदान ।
रोड़ धूंसा जंगां काथी वातां रौ निभाऊ राजा,
मौड़ प्रथीनाथां रौ राठौड़पती मान ॥३॥

धेखदारां केतांरा हवाई सुणे माण धूजै,
थिरू देसां दुवाई वरत्तो थांन थांन ।
ग्रान छाई रजाई रवाई सारी जेण ग्रोले,
गवाई नौखण्डां क्रीत सवाई गुमान ॥४॥

प्रभा सेस मणी रै धारियां पूर खत्री पणौ,
दानीसूर कणी रै न भावै वांसे दाद ।
सिधांनाथ रह्यौ वेल जोधाण धणी रै सदा,
महीपाल तणी सारी वणी रै ग्रजाद ॥५॥

---

३. कोड़–करोड़ । गुणां गाथां रौ–गुणों की कीर्ति गाथाग्रों का । वींद–दुल्हा । नवे कोटो–मारवाड़ के नव दुर्गों का पति । देण–देने में । गजां मद्दां– उन्मत्त-हाथियों । जाड रौ–धने को । रोड़–वजवाकर । धूंसा–एक वाद्ययंत्र विशेष । काथी–वैभव प्रदर्शक, वृत्तान्त कथाएं । निभाऊ–निर्वाहक । प्रथीनाथां रौ–राजाग्रों को । राठौड़ पती–राठौड़ का स्वामी ।

४. धेकदारां–द्वेषियों, वैरियों । केतां रा–कतिपय के । माण–मान । धूजे–कांपने लगे । थिरू–स्थिर । दुवाई–राजाज्ञा घोषणा । वरत्ते–ग्रमल करे । थांन थान–स्थान-स्थान । रजाई–राजापन । रवाई–रावत पना । सारी–समस्त । ग्रोले–ग्रोट में । गवाई–गायन करवाई गई । क्रीत–कीर्ति । सवाई गुमान–महाराजा मानसिंह के पिता का नाम गुमानसिंह था, यहां कवि ने मानसिंह को गुमानसिंह से सवा गुना ग्रधिक यश-भागी वर्णन किया है ।

५. प्रभा–कांति । सेस मणी–शेपनाग की मणि । धारियां–धारण किये । पूर–पूर्ण । खत्री पणी–क्षत्रियत्व । कणी रै–किसी के । भावै–पसंद ग्राये । वांसे–पीछे । दाद–सग्रह । सिधांनाथ–सिद्धनाथ, महाराजा मानसिंह के गुरु देवनाथ ग्रथवा लाडूनाथ । वेल–सहायता । जोधाण धणी रै–जोधपुर के स्वामी के । महीपाळ–राजा । तणी–की । सारी–समस्त । वणी रै–वनी रहे । ग्रजाद–मर्यादा ।

१६. गीत महाराजा मानसिंघ जोधपुर रौ

सिधां समाज सोहणी भ्रमां विहंडणी घणी सोभा,
जांणी सिरताज मेधा मंडणी जिहांन् ।
पुराणां कै नुवां ग्रंथां जेण आगै भरै पांणी,
मोददा प्रकासै वांणी प्रथीनाथ मांन ॥१॥

जुड़ै कड़ा आखरां अनोठी वातां घड़ा जाग,
आवै तुकां गैणमाग ऊतरी अनूप ।
सूणै तवै पासंड़ी ऊकत्ता अलोकीक साखां,
रचै आंणंदीक भाखा छत्रधारां रूप ॥२॥

ऊघड़ै प्रबंधां मुदा प्रेम रै प्रवाह ओघ,
सदां खेम रै ठाहां गणा भावै सार ।
सूधमें वंकाई मझै दया ग्यान ध्यान-सा,
अजौ दूजौ करै नाथ गाथ रौ ऊचार ॥३॥

सूवै सिधी अलंकारां ऊमदां विचारां साज,
दफै हुवै सांभळतां विना पारां दोस ।
श्री गुमाननंद री भारती भागीरथी सुभ्र,
जालंधरी पारावार मिळी छोळां जोस ॥४॥

---

१६. **गीतसार—उपर्युक्त गीत जोधपुर के महाराजा मानसिंह की नाथ भक्ति पर रचित नाथवाणी ग्रंथ की सराहना पर है। गीत में महाराजा मानसिंह की निर्दोष काव्य रचना, भाषा अलंकार और अद्वितीय उक्ति चातुर्य का उल्लेख किया गया है।**

---

१. सिधां–सिद्ध, नाथ मतानुयायी । सोहणी–सुंदर । भ्रमां–भ्रमों, सन्देहों । विहंडणी–नाश करने वाली । घणी–घनी, अधिक । मेधा–बुद्धि । मंडणी–रचने का भाव । नुवां–नवीन । जेण आगै–जिसके आगे । भरै पांणी (मु०) निरस और साधारण लगते हैं। मोद दा–मोदित करने वाली । मांन–मानसिंह ।

२. जुड़ै–जोड़ । कड़ा–तुक, पंक्तियों का जोड़ । आखरां–अक्षरों के । तुकां–तुकें, कड़ी । गैणमाग–आकाश पथ । ऊतरी–अवतरित होकर । तवै–कहते हैं । ऊकत्ता–उक्तियाँ । साखां–साक्षियाँ । भाखा–भाषा ।

३. ऊघड़ै–उद्घटित होती है । प्रबंधां–प्रबंधकाव्यों में । ओघ–सन्तोष, समूह । सूध में–सहजता में । वंकाई–वक्रता । मझै–मध्य । अजा–अजितसिंह । दूजौ–द्वितीय ।

४. सूवै सिधी–स्पष्ट सीधी, प्रत्यक्ष सिद्धि । दफै–नाश । सांभळतां–सुनते समय । सुभ्र–धवल, पवित्र । पारावार–समुद्र । छोळां–तरंगे ।

१७. गीत राव कलियाणमल राठौड़ बीकानेर रौ

माछां महिरांण मोरां मेह मिणधरां मळैतर,
गयंदां रैवांण नदि पाळै वडगात्र ।
पाळै रितिराउ रूखां पावासर हंस पाळै,
पाळगां कल्याण राउ पाळै कविपात्र ॥१॥

मीनां दधि सिखां मेघ भुवंगां सोरंभ मूळ,
वारिणी नूं वरतण पत्ति महावन्न ।
वसंत वरतै ब्रख सरि हंसां वरतारौ,
वीकाहरौ वरतावै अढ़ार सुव्रन्न ॥२॥

जळचर जळनिधि जळिहर कूंभ जेम,
चतुरवांदिन्नि हाथी वींझवन चाइ ।
सुवाइ महाध्रू सोहा राव कल्यांण सुसरि,
पात्र सोहा राव कल्याण पसाइ ॥३॥

हरि रूपां सुख हेम मंजरां कमोद हर,
नीलचरां नव नाथ गैंमरां निवांण ।
माधव पायाळ मुखां कमळां आधार मांण,
रैणुवां आधार राव राठौड़ां रौ रांण ॥४॥

—आसा बारहठ रौ कह्यौ

---

१७. **गीतसार—उपरिलिखित गीत राव कल्याणमल्ल राठौड़ बीकानेर पर रचित है। कवि कहता है कि जिस प्रकार मत्स्यों को समुद्र, मयूरों को मेघ, नागों को मलयतरु, हाथियों को रेवानदी, हंसों को मानसरोवर और ऋतुराज वृक्षों का पालन करता है उसी प्रकार कवियों का राव कल्याणमल्ल पालन करता है।**

---

१. माछां—मछलियों । महरांण—समुद्र । मोरां—मयूरों । मेह—मेघ । मिणधरां—सर्पो । मळैतर—मलयतरु । गयंदां—हाथियों । रैवांण नदि—रेवानद । पाळै—पोषण करते हैं । वडगात्र—विशालकाय । रूखां—वृक्षों को । पावासर—मानसरोवर । कवि पात्र—कवि पात्र, कवियों को ।

२. दधि—समुद्र । सिखां—मयूरों । भुवंगां—सांपों को । सोरम मूळ—चन्दन वृक्ष, मलय वन । वारिणी—हथिनी । महावन्न—कदलीवन । ब्रख—वृक्ष । सरि—सरिता । अढ़ार—अठारह । सुव्रन्न—सुवर्ण ।

३. जळचर—मछलियां । जळिहरि—बादल । कूंम—हाथी । वींझवन—विंध्यगिरि । चाइ—चाह, इच्छा । पसाइ—प्रसाद । सुसरि—गंगानदी । पात्र—कवि, याचकजन ।

४. नीलचरां—मछलियां, पक्षियों । गैंमरां—हाथियों । निवांण—जलाशय । माधव—वसंत ऋतु । पायाळ—पाताललोक । रैणवां—याचकों, चारण कवियों ।

१८. गीता राव कलियाणमल राठौड़ बीकानेर रौ

खरहंड मेलि सगह खेडेचा, अभंग असंकित अमलीमांण ।
भव लग नहीं विसारै भाटी, करग जुतैं लाया कलियांण ॥१॥

वे पख सूध विरदपति विजड़े, चढ़ि चापड़ जु दीनी चोट ।
खेहां हेठि कीया खांडाबळि, केल्हण अनै विकुंपुर कोट ॥२॥

मेळे दळ सबळ कला मारहथा, सुजड़ां पांण वडा सत्र साझि ।
वसता रहीया नहीं विकुंपुर, भाटी सिंघळ गै गा भाजि ॥३॥

—चांगा मेहड़ू रौ कह्यौ

---

१८. गीतसार—उपर्युक्त गीत बीकानेर के राव कल्याणमल्लकी विकमपुर (विकमकोर) के भाटियों पर विजय पाने का परिचायक है । कवि कहता है कि राव कल्याणमल्ल ने अश्व सेना को सज्जित कर भाटियों पर ऐसा आतंककारी आक्रमण किया जिसे वे जीवन-पर्यन्त नहीं भूल सकेंगे । केल्हण और विकमपुर के किलों को ध्वस्त कर भूमि में मिला दिये ।

---

१. खरहंड सेना—अश्व । सगह—सगर्व, दृढ़तापूर्वक । खेड़ेचा—राठौड़ । अभंग—अखंडित, वीर । अमळीमांण—ऐश्वर्यभोगी, दातार, ताजी फौज । भव लग—जन्म तक । विसारै—भूलेंगे । करग—हाथ ।

२. वे पख—मातृ और पितृकुल, दोनों पक्ष । सूध—शुद्ध, निष्कलंक । विजड़े—तलवार । चापड़ै—युद्ध । खेहां—धूलि, गर्द । हेठि—नीचे । खांडा बळि—कृपाण बल से । केल्हण—केलणकोट अथवा केलणोत भाटी । अनै—अन्य, और । कोट—किला ।

३. मेळे—मिला कर । दळ—सेना । सबळ—सबल, बलवान । कला—राव कल्याणमल्ल । मारहथा-संहारक, वीर । सुजड़ां-तलवारों, शस्त्रों । पांण—बल से । सत्र—शत्रु । साझि—मारकर । वसता—निवास करते । सिंघळ—सिंहलद्वीप (?) । गै—हाथी । भाजि-भगकर, दौड़ गए ।

१६. गीत राजा रायसिंघ राठौड़ बीकानेर रौ

सहि सींघ किया तैं आप सारिखा, लास ग्रास दे भेद लधै ।
सुपह प्रमांणै वधै सेवकर, वेलां रूंख प्रमांण वधै ॥१॥

कीया जैत समवड़ी कलावत, पुरखे जे सेविया पगे ।
मोटिम अेह पारिखौ मारू, लता वधै तर सीस लगे ॥२॥

तौ दिसि नमिया जिके एकंतता, नर त्यां लागौ जगत नमौ ।
ऊगैतां तौ पगां आसनौ, व्रख करे ताइ आप समौ ॥३॥

किताई कीया गजबंध कवेसुर, लाखे लिखरा करगि लिखि ।
आप समा करि की अंजसीयै, वेलि अमेतूं कलप व्रखि ॥४॥

—दुरसा आढ़ा रौ कह्यौ

---

१६. गीतसार--उपर्युक्त गीत बीकानेर के शासक राजा रायसिंह राठौड़ का है। कवि दुरसा-आढ़ा ने गीत में गीतकार की उदारता का वर्णन करते हुए कहा है कि राजा रायसिंह ने अपने सामन्तों, सेवकों और कविपात्रों को भूमि, ग्राम और द्रव्य प्रदान कर अपनी बराबरी तक पहुंचा दिये। सत्य है कि जैसा बड़ा स्वामी होगा वैसे ही बड़े उसके कर्मचारी होंगे। वेलें वृक्ष के अनुरूप ही ज्यादा कम बढ़ती हैं ।

---

१. सहि–सभी। सींघ–रायसिंह ने। सारिखा–समान। लास-अश्व। ग्रास-भोजनादि, ग्रामों के पट्टे। सुपह–राजा, स्वामी। वधै–बढ़ते हैं। सेवकर–सेवक। वेलां–लताएँ। रूंख वृक्ष।

२. जैत–जैतसिंह के। समवड़ी–समान बड़ा। कलावत–कल्याणमल के पुत्र ने। पुरखे जे–जिन पुरुषों ने। सेविया–सेवा की। पगे–चरणों की। मोटिम–बड़प्पन। अेह–यही। पारिखौ–परीक्षण। मारू–राठौड़ राजा रायसिंह। तर सीस–वृक्षों के सिरों तक।

३. तौ दिसि–तुम्हारी तरफ। नमिया–झुके, सेवक बने। जिके–वे। एकतंत–एकाकी अकेले। ऊगैतां–उदयकाल से ही। पगां–पैरों का। आसनौ–आशा, आश्रय। व्रख–पेड़। ताइ–उसे। समौ–समान।

४. किताई–कितने ही। गजबंध–हाथी रखने में समर्थ, हाथी बँध। करगि–हाथ से। लिखि–लिखकर। समा–सदृश। अंजसीये–गर्व करे। वेलि–वल्लरी। कलप व्रखि–कल्प वृक्ष, देव वृक्ष।

२०. गीत राजा रायसिंघ कल्याणमलोत बीकानेर रौ

रिम सेन सगह बूहा जुध रासै, रूकां पांण कनोजै राय ।
पळ भखती राती पळ पंखणी, गत सेती राता गिरराय ॥१॥

रहचे जु तैं पिसुंण-दळ रासा, धारां मूंहे निजोड़ घड़ ।
गिळती मांस रची रिण ग्रींभण, ऊडंती रचिया अनड़ ॥२॥

सुत कलियाण साहि भुज सुजड़ो, अरि संमहरि साझे औनाड़ ।
चुगती चोळ थई चंचाळी, पसरी चोळ थई पहाड़ ॥३॥

केवी राव राइसिंघ कोपे, जुड़ि खागां मुंह कीध जूवा ।
रातळि सुरंग थई भख रैहती, हाली भाखर सुरंग हूवा ॥४॥

---

२०. गीतसार— उपर्युक्त गीत बीकानेर नरेश राजा रायसिंह राठौड़ पर रचित है। गीत में कवि ने गीतनायक की युद्धवीरता का वर्णन करते हुए कहा है कि रायसिंह ने युद्ध स्थल में शत्रुओं का ऐसा संहार किया कि गृद्ध-पक्षियों के रक्त-रंजित पंखों को झपट्टों से पहाड़ तक रक्त रंग से रंग गये।

---

१. रिम सेन—शत्रु सेना। सगह—सगर्व। बूहा—वरसा, प्रहार किये। रासै—रायसिंह ने। रूकां पांण—तलवार-बल से। कनौज राय—कन्नौज का राजा। पळ—मांस। भखती—भक्षण करती। राती—लालरंग की। पंखणी—गृद्धिनी। गत सेती—गमन सहित। गिरराय- पर्वतराज।

२. रहचे—संहार किये। पिसुणदळ—वैरी समूह। धारां मूंहे—शस्त्रों की तीक्ष्ण धाराओं के आगे। निजोड़—संधिविहीन। घड़—शरीर। गिळती—निगलती। ग्रींभण—गृद्धिनी। रचिया—रंगे। अनड़—पहाड़।

३. साहि—उठाकर, प्रहार हेतु पकड़ कर। सुजड़ो—खांडा, खड्ग। अरि—वैरी। संमहरि—समरभूमि। साझे—मारे। औनाड़—निर्बंध, वीर। चोळ—लाल। थई—हुई। चंचाळी—गृद्धिनी। पसरी—फैली।

४. केवी—वैरियों पर। कोपे—कुपित होकर। जुड़ि—भिड़ कर। खाँगां मुंह—तलवारों की धाराओं में। जूवा—जुदा, अलग। रातळि—गृद्धिनी विशेष। सुरंग—लाल। भख रैहती—भक्षण करती। हाली—चली, उड़ी। भाखर—पहाड़।

२१. गीत राजा रार्यासिंघ राठौड़ बीकानेर रौ

मारू राव राइसिंघ अणडोल मन, धरा कमधां धणी आज रखपाळअन ।
वहै मद वरिसता पुहवि कांठी वरन, क्रीत पति कुंजरां चढ़ी दूजा करन ॥१॥
झम झमै वीर घंट चिहुं दिसि झळहळी, हेम नैं असटगिर समंद लग हींडुळी ।
पैंज राव लूणकंन तणी रासा पळी, पाट पति मैंगळे चढ़ी वळि पांगळी ॥२॥
सिंघळी वगसिया करंता गाज सर, होड केही करौ मने अनि रायहर ।
कलावत किया संसार सारे सुकर, प्रसिद्ध वेंडे चढ़ी दियैं देसे पसर ॥३॥
गढ़ै लग कामरू माळवै गिरवरे, पछिमधर काछ दक्षिणरिध समंदां परे ।
उत्तारा पंथ रा गाइयै औसरे, धरा वौह चढ़ीजै विचित धोतंवरे ॥४॥

—किसना मेहड़ू री कह्यौ

---

२१. गीतसार—उपर्युक्त गीत बीकानेर के दानवीर राजा रार्यासिंह की उदारता की प्रशंसा का है। गीत में कवि ने कहा है कि राजा रार्यासिंह दृढ़ एवं उदार चित वाला तथा पृथ्वी का पोषक है। उसकी कीर्ति मेघ घटा की भाँति हाथियों पर चढ़ी आठों पर्वतों और समुद्र के उस पार तक फैली हुई है।

---

१. मारू राव— मरूदेश का राव, रार्यासिंह के पूर्वज राव बीका, जोधपुर के राव जोधा के पुत्र थे इसलिए गीतनायक को मारूराव कहा है। अणडोल–स्थिर। धरा कमंधां धणी—राठौड़ राज्य का स्वामी। रखपाळ—रक्षक। वहै–बहते हैं। वरिसता—बरसाते। पुहवि-पृथ्वी। कांठी वरन— मेघघटा वर्णीय, गजराज। क्रीत–कीर्ति। कुंजरां–हाथियों। दूजा करन— द्वितीय कर्णसिंह, राव रार्यासिंह।

२. झमझमैं–झणकार ध्वनि करते। वीर घंट—गजों के घंटे। झळहळी—जगमगाती, चमकती। हेम—स्वर्णगिरि, हिमालय। नै–और। असट गिर– आठों पर्वतों। हींडुळी–झूलती। पैंज–मर्यादा। तणी–की। रासा—रार्यासिंह। पळी—पालन हुई, निभाई हुई। पाटपति–सिंहासन का स्वामी। मैंगळे—हाथी पर। वळि–पुन:। पांगुळी– कीर्ति।

३. सिंघळी–श्रेष्ठ हाथी। गाज–गर्जना। सर–समुद्र, स्वर। होड—स्पर्द्धा। केही—कई। मने-मन में। अनि—अन्य। रायहर–राजागण। कलावत—कल्याण-मल्ल पुत्र ने। सारे-समस्त। सुकर—सुंदर कर, सरल। वेंडे-हाथी, वितुण्ड पर। पसर—फैलकर।

४. लग–तक। गिरवरे-पार्वत्य देश। काछ-कच्छ देश। परे–उसपार। औसरे—अवसर (?)। धोतंवर- धवलित।

२२. गीत राजा रायसिंघ राठौड़ बीकानेर रौ

सलख चुंडराव वीर रिणमल जोधे सखा, अखा भाखर लखा पात अड़साळ।
वैरस मयंक कांधाळ चाढ़ौ वडम, राइसिंघ वंस अजुवाळ रखपाळ ॥१॥
सांड अड़बाळ वाळा जगड़ रूपसी, ऊधरण नाथ चंपा करण आज।
दांन खग रूप हापां लखां डूंगरां सींघ सींघ नव साहसी भूप सिरताज ॥२॥
जोध विधि जोध मंडळीक सकतैं जिसा, अभंग हद सायरां-जस उजासौ।
आज सह वंस राजा करौ ऊजळा, राव राठौड़ जग मौड़ रासौ ॥३॥
वीक क्रन जैत वरसिंघ सूजा विदुर, भारमल दुरीसल भेद खट भाख।
कलाउत भवाड़ै भलां ऊनातकर, सवा कोडां दीयण तेरही साख ॥४॥

---

२२. गीतसार—उपरिलिखित गीत राव रायसिंह बीकानेर की उदारता, श्रेष्ठता और वीरता के वर्णन का है। गीतकार ने रायसिंह द्वारा (शंकर बारहठ को) सवा करोड़ का दान देने की सराहना करते हुए गीतनायक को उसके पूर्व पुरुष राव सलखा, चूंडा, वीरमदेव, रणमल्ल और राव जोधा की भाँति उदार और वीर वर्णित किया है।

---

१. पात–पात्र, कवि। अड़साळ–अरिशल्य। मयंक–सिंहा। कांधाळ–कांधिल, स्कंध-धर। अजुवाळ–ऊज्ज्वल करने वाला। रखपाळ–रक्षपाल।
२. खग-तलवार। सींघ–राव रायसिंह। नवसाहसी–मारवाड़ में नव सहस्र ग्राम थे अतः रायसिंह को 'नवसाहसी' कहा गया है।
३. जोध–योद्धा। अभंग–अखण्डित। हद–सीमा। जस–यश। उजासौ–प्रकाश। ऊजळा–उज्ज्वल, कीर्तित। जगमौड़–संसार का सिरमौर। रासौ–राव रायसिंह।
ऊघड़ै कपाळी नेत्र ऊठी प्रळै आग।
रूठी थाटां आसुरां भखेवा महाकाळी रूप,
खपाटां विछूटी रायजादा वाळी खाग ॥१॥

---

४३. गीतसार–ऊपर लिखित गीत मारवाड़ के हरसोलाव के ठाकुर लालसिंह चांपावत की युद्ध वीरता से सम्बन्धित है। लालसिंह ने महाराजा विजयसिंह के पक्ष में मरहठों से युद्ध कर शौर्य प्रदर्शित किया था। मरहठा सेना की पराजय का गीत में उल्लेख हुआ है। गीतकार ने गीतनायक की तलवार को विद्युत, शिव के तृतीय नेत्र की प्रालेय अग्नि तथा महाकालिका के रूप में वर्णित की है।

---

१. बागी–बजी। काळताळी–यमराज की समाधि, शिव की समाधि, मृत्यु की ताली। गनीमां–वैरियों के। तूठी–टूट कर गिरी। बीज–विद्युत। ऊघड़े–खुले। कपाळी नेत्र–शिव का तृतय नेत्र। प्रळै आग–प्रलयाग्नि। रूठी–रुष्ट हुई। थाटां–सेनाओं, समूह। आसुरां–दैत्यों, असुर प्रकृति वालों का। भखेवा–भक्षण करने। खपाटां–म्यान से। विछूटी–छूटी, चाली। खाग–तलवार।

वाज घाई त्रमाटां विलागौ वोम तेण वेळां,
साकळां बिछूटे थाई घड़ा करी सींघ ।
भाई भड़ां हाकळे ठाकरां अग्र वधे भूरै,
साकुरां उठाई वागां दूजे हरीसींव ।।२।।

जटाधारी हुकम्मा विछूटौ वीरभद्र जाणौ,
कनां रूठौ कंधारी सुथंभा नागकेत ।
विजा छत्रधारी चाड छतीसां आवधां वूठौ,
खांन हूंता गिरव्धारी जूटौ वीरखेत ।।३।।

खटै फतै अछूती वड़ाळो खाग थटै खेत,
भड़ां लालो भाळियो तारीफ रटै भाण ।
काळचाळौ मंड मारहट्टां वे वे टूक कटै,
रूक सुरत्तेसवाळौ आछटै आराण ।।४।।

---

२. वाज–ध्वनित हो । घाई–चोट । त्रमाटां–नगाड़ों की । विलागौ–जा लगा । वोम–आकाश । तेण वेळां–उस समय । सांकळां–जंजीरें । थाई–हुई । घड़ा करी–गज सेना । सींघ–नाहर, सिंह । भड़ां–योद्धाओं । हाकळे–ललकारे, प्रोत्साहित करे । अग्र वधे–आगे वढ़कर । भूरै–सिंह जैसे वीर, वब्बरसिंह । साकुरां–घोड़ों की । वागां–लगामें । दूजे–दूसरे ।

३. जटाधारी–शिव । हुकम्मा–आज्ञा से । कनां–किंवा, अथवा । रूठौ–नाराज हुआ । कंधारी–कंधार देशीय, स्कंधधारी । सुथंभां–सुन्दर स्तंभों से । नागकेत–गजराज (?) । विजा–विजयसिंह । चाड–सहायता । आवधां–शस्त्रों । वूठौ–बरसा, प्रहार, झड़ी लगाने लगा । खांन–खानूजी मरहठा । हूंता–से । जूटौ–युद्ध लड़ा ।

४. खटै-प्राप्त करे । खाग-तलवार । खेत–क्षेत्र, रणक्षेत्र । भड़ां–योद्धाओं । लालो-लालसिंह । भाळियो–दिखाई दिया । रटै-उच्चारण करता है । भाण-सूर्य । काळचाळौ–युद्ध । मंड–रचकर, ठानकर । मारहट्टां–मरहठों से । वे वे–दो दो । कटै–कटे, टुकड़े हुवे । रूक–तलवार । सुरत्तेसवाळौ–ठाकुर सूरतसिंह वाला, ठाकुर लालसिंह । आछटै-प्रहार करता है । आराण-युद्ध, लड़ाई ।

चौड़ै धाडे लेगयौ सतारा दळां छाती चाढ़,
सामध्रमी नाहरौ जैतवारां सीम।
छांहगीर चम्मरां नगारां नेजां छोड छोड,
गया हईवारां हुवे हैरान गनीम ॥५॥
घोड़ा भड़ां थाट लींधां ध्रमाड़े वयंडां घड़ा,
राजा चाड चांपौ फतै पावै राड़ राड़।
दूजा वलू तणी तेग भट्टां ताप छट्टा देखे,
मारहट्टा कदेई न आवै मारवाड़ ॥६॥

सुरता सांदू सीऊ रौ कह्यौ

---

५. चौड़ै धाड़े-दिनदहाड़े। सतारा—पूना सतारा की। दळां-सेनाओं को। छाती चाढ़-सामने चढ़ाकर, मुंहआगे से पीछे धकेलकर। सामध्रमी-स्वामिधर्म। नाह रौ-स्वामी का। जैतवारां—विजय वेला की, विजयों की। सीम-सीमा, हद। छांहगीर-राजचिह्न विशेष, छत्ता। चम्मरां-चमरों। नेजां-निशान। गनीम-वैरी।

६. थाट-समूह, ठाठबाट। ध्रमाड़े-चोटें, संहार करे। वयंडां घडा—गजसेना। चाड-मदद। चांपौ—चांपावत शाखा वाला ठाकुर लालसिंह। राड़ राड़-प्रत्येक लडाई में। वलू—गीतनायक का पूर्वज ठाकुर वल्लू चांपावत जिसने आगरा के किले में राव अमर सिंह राठौड़ के मारे जाने के वाद शाही सेना से लड़कर वीरगति प्राप्त की थी। तेग-भट्टाँ-तलवारों के प्रचण्ड प्रहार। ताप-आतप, आंतक की। छट्टा-शोभा। कदेई-कभीभी, फिर कभी। न आवै—नहीं आयेंगे, फिर मारवाड़ में आक्रमणार्थ पैर नहीं रक्खेंगे।

---

४४. गीत ठाकर बखतसिंह री जुद्ध वीरता रौ

धरे वाग खगतेस धारे नजर ऊधरी, अखरी परी कज लोह आडे
तोरियां फौज सारी अगर वध तुरी, लखै घड़ कंवारी वरी लाडे ॥१॥

---

४४. गीतसार—उपर्युक्त गीत ठाकुर बखतसिंह की वीरता तथा युद्ध मृत्यु से सम्बंधित इसमें जोधपुर और जयपुर के मध्य लड़े गये युद्ध का वर्णन है कि ठाकुर बखतसिंह ने स्वामी का हित साधते हुए वीरगति प्राप्त की। गीतकार ने गीत के वर्णन क्रम में विवाह की क्रियाओं का निर्वाह किया है।

---

१. वाग-घोडे की लगाम, प्रेम। ऊधरी-ऊँची, वड़प्पन की। परी कज-परायी के लिए, अप्सरा के लिए। लोह आडे—तिरछे प्रहारों। तोरियां-हांकने पर, चलाने पर। सारी-समस्त। अगर-आगे। वध-वढाकर। तुरी-घोड़ी, घोड़ा। घड़ कंवारी-विना लड़ी सेना। वरी-विवाही। लाडे—दूल्हे ने।

करे कंठ गान मंगळ अछ्छर कांमणी, भणी रुच वेद रिख अरक भाळे ।
चढ़ी सावे पिसण सैन चतुरंगणी, अणी परणी कमंध भूप वाळे ।।२।।
चीर पचरंग धज सार काजळ चखां, पछट वह सुमुख इक अखत पूजे ।
कछ्वघड़ दुलह थई मौड़ कस, दुलह व्याही दुजड़ कले दूजे ।।३।।
साम रौ रिजक सीले पछट सात्रवां, रूक उरवस अछ्छर नेह रसियौ ।
पतंग भेदे मंगळ साहजादौ पनौ, वनी लीधां वनौ सुरग बसियौ ।।४।।

लाल सांदू रौ कह्यौ

---

२. अछ्छर-अप्सरा । कांमणी । भणी-वाचनकिया, पढ़ी । रुच-ऋचाएँ । रिख-ऋषि, नारद । अरक-सूर्य । भाळे-देखते हुए । सावे-विवाह का मुहूर्त्त । पिसण-शत्रु । चतुरंगणी-चारों अंगों वाली । अणी-पंक्ति । परणी-विवाही ।

३. पचरंग-पांचरंगों की । धज-ध्वजा । सार-लगाना, लोहा, शस्त्र । चखाँ-नेत्रों । पछट-प्रहार, पछांट । अखत-अक्षत, अखंडित चावल । कछ्व घड़-कछ्वाहों की सेना । थई-हुई । मौड़ कस—मुकुट बाँधकर । व्याही—शादी की । दुजड़-तलवार । कले-कल्याणसिंह ।

४. साम रौ-स्वामी का । सीले-सफल करके । पछट-पछाड़कर, शस्त्रों की चोटें देकर । सात्रवां-शत्रुओं को । रूक-तलवार । उरवस—उर्वशी । अछ्छर-अप्सरा । नेह-स्नेह,

---

४५. गीत ठाकर भभूतसिंघ पोकरण रौ

वाळा हूंकळै हजारी वाज भड़ां रा समाज बेस,
मैंगळां वणाव भारी फवै तोपां माळ ।
सामानां अखूट किलो साझियौ अनोखै सूत,
थारी वेळां वाजियौ भभूत भलां थाळ ।।१।।

---

४५. गीतसार—ऊपरांकित गीत मारवाड़ के ठिकाने पोकरण के भभूतसिंह और उनके ठिकाने के मुख्यालय पोकरण दुर्ग की सुदृढ़ता, सामरिक उपयोगिता तथा बनावट की सराहना पर कथित है । पोकरण की शहर पनाह, बुर्जे, खंधकें और दुर्ग के रक्षक सैनिकों का वर्णन किया है ।

---

१. हूंकळै—कोलाहल करते हैं, जोश में भरे आवाजें करते हैं । वाज—घोड़े । भड़ां रा—योद्धाओं का । मैंगळां—हाथियों का । फवै—शोभा पाते हैं । तोपों की पंक्तियाँ । अखूट—अपार । साझियौ—सजाया हुआ । सूत—विचार, भाँति । वेळां—समय । वाजियौ—बजाया गया ।

सेरपन्ना भुरज्जाळां परखा संगरां सोभा,
बंदूकां जंजाळां न्हाळे फाटे खळां वाक ।
पाखरां सन्नाहां तुरां सूरमां सुभट्टां पांण,
धड़क्के अैवाक सिद्धां पड़ै तूझ धाक ।।२।।

सूरां मौड़ रिड़मल्लां दूसरा सवाईसींघ,
अंगेर्ज न दाव दियां धाराण ऊखेळ ।
खागां वेधनी न आवै जे सूं करे खांत,
मेदनी कांकड़ां वाळा राखे तोसूं मेळ ।।३।।

सालमेस नंद चांपा ऊजळा सुभावां सोहै,
राई तन्ना वड़ां ज्यूं ठिकाणां सामराथ ।
ओठीवारां वणै जदी ध्राव मां औसाप असौ,
नीपणा ऊवारै सदा धिनौ पौढ़ीनाथ ।।४।।

—खेतसी बारहठ मथाणिया री कह्यौ

---

२. सेर पन्ना—शहर पनाह । भुरज्जाळां—बुर्जे । परखा—परकोटा । संगरां—युद्धों की । जंजाळां—ऊँटों पर रख कर चलाई जाने वाली तोपें । न्हाळे—देखने पर । फाटै—विदीर्ण हुये । वाक—मुँह । पाखरां—गजाश्वों के रक्षा कवच । सन्नाहां—कवचों । पांण—बल । अैवाक—समाधिस्थ, मौन । सिद्धाँ—सिद्धों । धाक—रौब, आतंक ।

३. अंगेजें—स्वीकार करे । दाव—दबाव । ऊखेळ—युद्ध । वेधनी—युद्धार्थ । जे सूं—जिससे । खांत—विचार, गौर । कांकड़ां वाळा—सीमावर्ती, पड़ौसी ।

४. सोहै—शोभापाते हैं । राईतन्ना—राजवंशीय । सामराथ—समर्थ । ओठीवारां—संकट का समय । जदी—जब । ध्रावमां—उदारता में, संहार में । औसाप—साहस, पराक्रम । असौ—ऐसा । नीपणा—चारणों को । ऊबारै—रक्षा करता है । पौढ़ीनाथ—पोकरण का स्वामी, प्रौढ़ नरेश ।

४६. गीत ठाकर लिछमणसिंघ चांपावत अड़वड़ रौ

आंटे पालटे धरारैं गोपीनाथ धूजेड़ियौ आम,
धावे अलेड़ियौ धांक चसम्मा धारैल ।
थटै द्रोह भीमेण खेड़ियौ वीदावतां थंड,
वाघ चांपौ छेड़ियौ नौहथौ बावरैल ।।१।।
हल्ले चौतरफां नाळां लुकम्मान हाथ वाळी,
सत्रां प्राणघात वाळी कराळी साचोट ।
आंटेत केहवौ छाती चढ़े लच्छा पायवाळी,
चापां छातावाळी फेंट पटैतरी चोट ।।२।।
कटै लुटै कै केवांण बागौ काटकूटौ,
केतां प्राण छूठौ पूठौ न व्है कौ औधार ।
रीठ वूठौ आवधां रिमां धू प्रळैकाळ रूठौ,
जूटौ कंठीर ज्यूं देवीसींघ रौ जौधार ।।३।।

---

४६. गीतसार–उपरांकित गीत अड़वड़ ठिकाने के ठाकुर लक्ष्मणसिंह चांपावत की बहादुरी का परिचायक है । गीतकार ने लक्ष्मणसिंह को सिंह उपमित कर गीत में उसकी युद्ध कला का चित्रण किया है । चापांवतों की भोपतोत उपशाखा और राठौड़ों की बीदावत शाखा के बीच हुई लड़ाई का गीत में उल्लेख हुआ है ।

---

१. आंटे–वैर, बदला लेने के लिए । पालटे–पलटे–पीछे लगे । धरा रैं–पृथ्वी के । गोपीनाथ–गोपीनाथ चांपावत । धूजेड़ियौ–कंपित किया । आभ–आकाश । धावे–आक्रमण, दौड़ कर । धांक–जोश उत्साह । चसम्म–नेत्रों । थटै–खदेड़ने । भीमेण–महाराजा भीमसिंह जोधपुर ने । खेड़ियौ–चलाया, भेजा । बीदावतां–बीकानेर के बीदावत सरदारों पर । थंड–समूह, सेना । चांपौ–चाँपावत । छेड़ियौ-छेड़छाड़ किया हुआ । नौहथौ-नव हाथ लंबाई वाला । बावरैल–बब्बर सिंह ।
२. हल्ले हमले में, चले । नाळां–तोपें । लुकम्मान–लुकमान । सत्रां–शत्रुओं । कराळी–विकराल । आंटेत–विरोधी, ऐंठ रखने वाला । केहवौ-कैसा । छाती चढ़ै-सामने आये, मुकाबला करे । लच्छा–लक्ष्मणसिंह । चाँपा छात वाळी–चांपावतों के मुखिया की । फेंट–टक्कर । पटैत री–सिंह की ।
३. कटै लुटै–कटे हुए धरती पर लौटते हैं । कै–कई । केवांण–तलवार । बागौ–चोटें देने लगा । काट कूटौ–मार काट । केतां–कितने ही । पूठौ–पृष्ठ रक्षक, पीछे की ओर । रीठ–प्रचण्ड प्रहार । वूठौ–बरसाने लगा । आवधां–हथियारों । रिमां धू–शत्रुओं के मस्तकों पर । रूठौ–रुष्ट हुआ । कंठीर–सिंह । जोधार–योद्धा ।

थायौ घोरां-रंम रभ खाळां चलै चमू थाटां,
भिड़े सामां उराटां दिनेस रीधौ भाळ ।
वेढ़ मेळे तुराटां भेळिया आठ होय बाटां,
लच्छे खळां खाग झाटां बिरूथे लंकाळ ।। ४ ।।

वागा तेगां ऊनग्गी भाराथ भोपतोत वीदा,
नोखै ख्याल रीघा भाण भूतेस निहार ।
देसां देसां सांभळे देसोत घणां रंग दीधा,
कीधा वैकुण्ठ रा वास श्रीराजकंवार ।। ५ ।।

—— गंगादान सांदु रौ कह्यौ

---

४. थायौ—हुआ, मचगया । घोरारंभ—घनघोर, भयानक मारकाट । रत्र—लोहू । खाळां चलै—नाले नालियों में वहता है । चमू थाटां—सैन्य समूह । सामां—सम्मुख । उराटां-छाती, हृदय, वक्षस्थल । दिनेस—दिनपति, सूर्य । रीधौ—प्रसन्न हुआ । भाळ—अवलोक कर । वेढ़—युद्ध । मेळे—मिलाकर, भिड़ाकर । तुराटां—घोड़े । भेळिया—मिलाये, शस्त्राघात करने के लिए झोंके । आठ होय बाटां—इधर उधर फैलकर । लच्छे—गीतनायक लक्ष्मणसिंह ने । खाग झाटां—तलवारों के प्रबल प्रहार । विरूथे—सेना । लंकाळ—सिंह ।

५. वागा—लड़ने लगे । ऊनग्गी—नंगी । भाराथ—युद्ध । भोपतोत—ठाकुर भोपतसिंह के वंशज, चांपावतों की भोपतोत शाखा वाले । वीदा—राव वीदा की संतान वाले, बीदावत शाखा के राठौड़ । नोखै—अनोखे, विचित्र । ख्याल—खेल, क्रीड़ा । भाण—भानु, सूर्य । भूतेस—भूतनाथ, शिव । निहार—देखकर । सांभळे—सुनें । देसोत—देशपति, राजा । घणां रंग दीधा—खूब शावाशी दी । वास—निवास ।

४७. गीत ठाकुर जोरावरसिंघ चांपावत किसारी रौ

दगौ विचारें सांवते लोक फेरियौ कमंध दोळौ,
फेटो जम्रदूत सो हेरियौ फयंद ।
टीपां लाग सिंघू काळ बेरियौ जोर सूं टोळौ,
मातारोस रत्तो सेर घेरियौ मयंद ॥ १ ॥
सोर घोर हवाई आतसां खुल्ले जोम संका,
रीठ तोपां वन्दूकां धमाई धकारीस ।
काळनाग जंगां काची रत्तीरी न लाया काई,
प्रळैकाळ रूपी चांपै सचाई पांडीस ॥ २ ॥

---

४७. गीतसार— यह गीत नागौर परगने के किसारी ठिकाने के ठाकुर जोरावरसिंह चांपावत शाखा के राठौड़ पर रचित है। जोरावरसिंह महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय जोधपुर का कृपापात्र सरदार था। वह विनोद ही विनोद में महाराजा के कहने पर बागी हो गया था। अनेक वर्षों तक बागी रहा। अन्त में मारवाड़ के खैरवा ठिकाने के कुंवर द्वारा धोखे से मारा गया। महाराजा जसवंतसिंह जोरावरसिंह को छल से मारने के लिए खैरवा वालों पर बड़े रुष्ठ हुए। गीत में जोरावरसिंह के साहस, युद्ध-वीरता, निर्भीकता और वचन दाढ़र्य का वर्णन किया गया है।

---

१. दगौ—धोखा, छल। सांवते लोक—सामन्तगण, योद्धा लोग। फेरियौ—फेरा। कमंध—राठौड़, ठाकुर जोरावरसिंह। दोळौ—चारों ओर। फेटो—फेंट, टक्कर। जम्रदूत—यमदूत। हेरियौ—खोजने, ढूंढ़ने की क्रिया का भाव। फयंद—विकट, भयानक। टीपां लाग—तान, रागिनी का स्वर। सिंघू—सैंधव राग। टोळौ—समूह, टल्ला, टक्कर। मातारोस रत्तो—क्रोध में आरक्त हुआ। घेरियौ—घेरे में लिया। मयंद—सिंहराज।

२. सोर—बारूद। घोर—भयंकर। हवाई—आकाशी। आतसां—अग्नि, आतिश। रीठ—प्रहारझड़ी। धमाई—धमाधम की ध्वनि। धकारीस—महाकुपित। जंगां—जंग में। काची—कायरपन। रत्ती—तनिक-सा। प्रळैकाळ—प्रलयकालीन। चांपै—गीतनायक जोरावरसिंह चांपावत। पांडीस—तलवार।

हुवे हास मुनिन्द्रा अयास मगां झल हल्लै,
चंगी ग्रीध सालूळै वरंगी पंखचार।
बैठ रत्थां देवबाळा सुरंगी जैकार बोले,
धकालै ऊनंगी तेगां चल्लै ओणधार ॥ ३ ॥
केहके हयदां कै ऊभक्कै आण सूखै केतां,
अनेकां उचक्कै धावां बक्कै ओड़ ओड़।
काळीय धड़क्कै काचां तक्कै पंथ कोरा,
रोसांण अछक्कै माण मूक राठौड़ ॥ ४ ॥
चल्लै रुद्र खाळका बखाण जयो जैत चंडी,
नच्चै प्रेत बाळका पिसाच खोले नेत।
कुळां उजाळका चांपा संग्राम पालटे कांसू,
खागां प्रल्लै झाळका आछटे बीर खेत ॥ ५ ॥
धड़क्कै उरेब काचां वीर ऊघड़ेबा लागा,
केक जोधा केवाणां झड़ेबा लागा काथ।
जोर लक्खां लोक सूं अड़ैबा लागा जोम जड़ं,
भ्रसुण्डा पड़ेबा लागा अनेकां भारार्थ ॥ ६ ॥

---

3. हास—हास्य। मुनिन्द्रा—नारदादि मुनियों। अयास मगां—आकाश मार्गों। झूल—समूह। हल्लै—चले। चंगी—युवा। ग्रीध—गृद्धपक्षी। सालुळै—चली। पंखचार—पक्षी। देवबाळा—अप्सराएँ। सुरंगी—बनीठनी, । धकालै—धकेलता। ऊनंगी—नग्न। औणधार—लोहूधारा।

४. केहके हयंदा के—कई कई के। ऊभक्कै—चौंकने से। केतां—कितनेही के। उचक्कै—उछलकर जाना, कूदना। बक्कै—विक्षिप्त सदृश बोलना, बकवास करना। काळीय—कलेजा। तक्कै—ताकते हैं। रोसांण—रोषान्वित। अछक्कै—अपार, अतृप्त। माण मूक—मान प्रतिष्ठा त्याग कर।

५. खाळका—नाले खाले। जयो—जय हो। जैत—विजय। चंडी—चण्डिका। प्रेत बाळका—प्रेतों के बालक, भूत भैरव आदि। पिसाच—दैत्य। खोले नेत—नेत्र खोले, निद्रा से जगे। कुळां उजाळका—वंश उज्ज्वल करने वाले। कांसू—कैसे। खागां—तलवारों। प्रळै झाळका—प्रलयाग्नि। आछटे—प्रहार करे, वार करे।

६. उरेब—छाती। ऊघड़ेवा—उद्‌घाटित। केक—कई। केवाणां—कृपाणों से। झड़ेवा—गिरने लगे। काथ—तत्परता मे। अड़ेवा—अड़ने, टकराने लगे। भ्रसुण्डा—मस्तक, गजशुण्डदण्ड। भाराथ—युद्ध।

ओडे किल्लो खैरवे भूलोक सारे फेट आखी,
अद्र लोड़ै अजादां जगायो वेर आंण।
चाढ़ै नीर किसारी सेघणी हुवौ प्रथी चावौ,
पाड़ै भौच पछै पौढ़ै अनम्मी पीठांण ॥ ७ ॥

फैल आडम्बरां सत्रां सहेती वखेरे फौजां,
चीत वसु डंवरां वरेवा परी चाव।
सूरां लोक सिधायौ संभरा कुरांधीस साचा,
रायजादे ढुळंतां चम्मरां मारूराव ॥ ८ ॥

— वखतावर सांदू रो कह्यौ

———

४८. गीत ठाकर बखतावरसिंघ आऊवा रौ

छटीक देस देसां हवाई तवाई पड़ी छत्रधारां,
घड़ी पातसाई सीस सवाई घैधींग।
लाख बखत्तेस भूपमान री भराई तोपां,
जिकै खाली कराई बिजाई जैतसींग ॥१॥

तोड भैंसां छल्लारै ललाई जळाबोळ ताबै,
अपा सजळाई भलौ भल्लारै उमंग।
जोर राजा टल्लारै टळाई नीठ नीठ जिकै,
आवासां किल्लारै सीस बलाई अभंग ॥२॥

लाग वीर ताळियां अच्छरां आधंतरां लूंब,
झड़ै चहुहासां सूरांत्राळिया जरूर।
आईदान दूजा सोर झाळियां लगाई आभ,
पाई फतै नालियां गजाई बरांपूर ॥३॥

---

४८. गीतसार—उपरांकित गीत मारवाड़ के आउवा ठिकाने के ठाकुर बख्तावरसिंह चाँपावत पर रचित है। बख्तावरसिंह ने महाराजा मानसिंह के शासनकाल में जोधपुर की सेना का सामना कर साहसिकता का परिचय दिया था। यह लड़ाई आउवा के किले पर लड़ी गई थी।

---

१. हवाई—तोपों के प्रहार। तवाई—ताप, दबाव। घड़ी—घटी, सेना। पातसाई—बादशाही। घधींग—जबरदस्त, गजराज। जिकै—वे। बिजाई—द्वितीय।

२. जळाबोळ—भयंकर, जलप्लावित। ताबै—अधीन, लिए। सजळाई—प्रज्वलित की, सजलता। भल्लारै—अच्छाई के लिए। टल्लारै—टक्कर के। टळाई—अलग की, उपेक्षा की। नीठ नीठ—कठिनाई से। आवासां—निवास। अभंग—अखंड, वीर।

३. वीर—बावनवीर। अच्छरां—अप्सराएं। आधंतरां—अकाश के मध्य में। लूंब—लटकना, समूह। सोर—बारूद। झालियां—ज्वाला। आभ—आकाश, बादल। नाळियां—तोपें। गजाई—गर्जना करवाई। बरांपूर—पराक्रमी, तेजस्वी।

ऊभौ ठहे चौसरां तणावे माधोसींव वाळौ,
फेर फौजां आपाण जणावै फुणां फेर।
तमाम नगारबंधां नूंतौ अणावै तोपां,
आऊवौ आप ज्यूं भलां बणावै आसेर ॥४॥

—जवान आढा रौ कह्यौ

---

४. ऊभौ–खड़ा। ठहै–सज्जित, स्थान पर। चौसरां–पुष्पाहार। आपाण–वल। जणावै–जताता है, प्रकट करता है। नूंतौ–निमंत्रण। आसेर–किला।

४९. गीत राव करमसी जोधावत नाहड़सर रौ

वाजन्ते वार विखम वाढाळी, वंस छतीसां नवै व्रन।
कटकां भागां पछै करमसी, मेर चलै तौ चलै मन ॥१॥
राव रखपाळ वंस छळ राखण, राव करमसी रहे रिण।
जण जण पवण फरूकै जाए, परवत किम डोलै पवण ॥२॥
अनड़ करमसी रहे अलोपम, आगै अदभू रैण अधार।
ऊभै राव जिके आंतरीया, ऊंचा आवै जेण अधार ॥३॥

---

४९. गीतसार–जोधपुर के राव जोधा का लघु पुत्र राव कर्मसिंह नाहड़सर (खींवसर) का शासक था। कर्मसिंह ने जोधपुर के शासक और बीकानेर के शासक राव लूणकर्ण सहित नारनोल पर आक्रमण किया था। युद्ध की विपरीत स्थिति से भयभीत होकर कथित दोनों शासक रणभूमि से भाग गये, पर राव कर्मसिंह युद्ध से नहीं हटा और जूझता हुआ नारनोल में काम आया। गीत में नारनोल स्थान पर पठानों से लड़ने का वर्णन है।

---

१. वाजन्ते–शस्त्र चलते, प्रहार होते। वार विखम–विषम वेला में। वाढाली–तलवार, कटार। व्रन–वर्ण। कटकां–सेनाओं के। भागां–भगने। पछै–बाद में। मेर–सुमेरु गिरि जो अविचल माना जाता है। चलै–विचलित हुए।
२. रखपाळ–रक्षक। वंस छळ-जातीय युद्ध। जण जण–जन जन। फरूकै–स्फुरण। किम–कैसे। डोलै–विचलित हुये, चलायमान हुये। पवण–पवन, वायु।
३. अनड़–वीर, अडिग, निर्वन्ध। अलोपम–गुप्त, लुप्त, अटल। आगै–अग्रिम। रैण–रात्रि। ऊभै राव–राव पदवाले दोनों। आंतरीया–अलग हट गए, दूर हो गए। जेण–जिससे, जिस। अधार–आधार, सहारा।

५०. गीत राव पंचायण करमसियौत खींवसर रौ

इळि अंतरमाळ जिसुं अवदारह, लोहे अरि वहि लीयै लंभ ।
थांणे थोभण वार स थापे, थांणे जोधां तणौ थंभ ।।१।।

कमधज सिमराजौत कमावत, विखम भूमि वसावण वासि ।
मूंका अचळ पंचाइण माल्है, चावा थांणे सेन चकासि ।।२।।

वंधव अवळ पंचाइण बेऊ, दोमभि दारण वडा दुरंभ ।
रांणा तणै राजि रेहळिवा, रैणहरा वसिया रिणथंभ ।।३।।

नैडौ राव दुरंग नाडूला, अनं भय तंन भय रहिया ताप ।
तै परभूमि वसण परियावट, अचळ पंचायण थांणे आप ।।४।।

---

५०. गीतसार—उपरि अंकित गीत में राव पंचायन कर्मसिंहोत राठौड़ खींवसर के अधिपति की वीरता का वर्णन है। पंचायन ने ऊपरमाल के नाडौल सैनिक थाने पर चित्तौड़ के राणा कुंभा को अचलदास समरावत के सहयोग से पराजित किया था। गीत में राजा कुंभा के रण-पलायन का उल्लेख हुआ है।

---

१. इळि, पृथ्वी । अंतरमाळ—मारवाड़ और मेवाड़ की सीमा का पर्वतीय भाग । जिसुं—जिससे । अवदारह—विभाग, सीमा भाग । लोहे—शस्त्र । अरि—वैरी । वहि—चलाकर । थांणे—सैनिक चौकी । वार—समय । थापै—स्थापित किये । जोधां तणौ—राव जोधा की संतान वालों का । थंभ—स्तंभ ।

२. कमधज—राठौड़ । सिमराजौत—समरसिंह का पुत्र अचलदास । कमावत—कर्मसिंह का पुत्र पंचायन । विखम—विषम । वसावण—बसाने के लिए । वासि—आवास । मूंका—त्यागा । माल्है—दौड़े । चावा—प्रसिद्ध । चकासि—संहार कर, युद्ध में मार कर ।

३. बेऊ—दोनों । दोमभि—युद्ध में । दारण—शक्तिशाली, प्रचण्ड । दुरंभ—योद्धा । रेहळिवा—विनष्ट करने, लूटने, मारने । रैणहरा—रणमल्ल के वंशज । रिणथंभ—रण में स्तंभ तुल्य अचल ।

४. नैड़ौ—समीप । दुरंग—किला । नाडूला—नाडोल स्थान का । अनं—अन्न । तंन—शरीर । पर—दूसरों की । वसण—बास करने ।

५१. गीत ठाकर हरदास करमसियौत डांवरा रौ

आगै आदि प्रथमाद कासिब हूं ऊपनी, आपि मुख ब्रंहम हूं वेद उकता ।
नव खंडे हालियौ मेर हूंता नदी, त्यौं हालीया जंग हरदास हूंता ।।१।।

ईस हूं जोग चवदह रतन उदधि हूं, हुए आदीत हूं दसम जूवा ।
पहप पनरैं तिथैं सोम हूं प्रगटीयै, त्यौं हदै हूं सदा संग्राम हूवा ।।२।।

मुकत चौ प्रगटीयौ वुध गौरख महा, वड वडां सांवतां जोध वीया ।
महि मंडळ करन दांन द्रिगपति दीया, त्यौं करमसीहरै भाराथ कीया ।।३।।

राजगति इंद हूं अंत जमरांण हूं, सीत हिमज हूं वन गहण सूळ ।
वडा आरंभ चै रांम हु वाधीया, मथन मधकर तणौ कमध कळमूळ ।।४।।

कीया वैराट चौ घाट करणा करण, मांड माथां वडां वडि मचैमौड़ ।
हेक वळि केळवण जोधविधहरौ, भांजण घड़ण कीध राठौड़ ।।५।।

---

५१. गीतसार—उपर्युक्त गीत ठाकुर हरिदास कर्मसिहोत राठौड़ डांवरा की युद्धवीरता पर रचा हुआ है। कवि ने गीतनायक की वीरता की प्रशंसा करते हुए बताया है कि जिस प्रकार आदिकाल में राजा कश्यप से सृष्टि उत्पन्न हुई। ब्रह्म के मुख से वेद की उक्तियां प्रारंभ हुई, नवों खण्डों में सुमेरु गिरी से सुरसरी का प्रारंभ हुआ, महादेव से योग-विद्या तथा समुद्र से चौदह रत्न आदि निकले उसी प्रकार युद्ध का प्रचलन हरिदास से ही वस्तुतः हुआ है।

---

१. आगै-पूर्वकाल में। प्रथमाद—पूर्व दिशा में, पहिले पहल। कासिब हूँ—राजा कश्यप से। उकता—उक्ति। हालियौ—चला, फैला। मेर हूंता—सुमेरुगिरि से। जंग—युद्ध।

२. ईस—शिव। उदधि—समुद्र। आदीत—सूर्य। जूवा—जुदा। पहप—पुष्प। तिथैं—तिथियाँ। सोमहूं—चन्द्रमा से। हदै हूं—हरिदास से।

३. मुकत—मुक्ति। चौ—को। गौरख—गोरक्षनाथ। सांवतां—सामन्तों। करन—राजा कर्ण। द्रिगपति—हाथी। करमसी हरै—कर्मसिंह के पौत्र ने। भाराथ—युद्ध।

४. राजगति—राजनीति। इंद हूं—राजा इन्द्र से। अंत—मौत। जमरांण हू—यमराज से। सीत—शीतलता। हिमज—हिमालय, चन्द्रमा। वडा आरंभ—महान् कार्य। चै—के। मधकर तणौ—महेशदास तनय। कमध—राठौड़। कळमूळ—युद्ध।

५. वैराट—विराट। करणा करण—करुणाकर, ईश्वर। माथां—मस्तकों। हेक—एक। वळि—बलवान। भांजण घडण—विनाश और सर्जन।

५२. गीत ठाकर महेसदास पंचायणोत खींवसर रौ

आयौ खुरसांण मंडोवर ऊपर, आगालगि घण झूझ अणी।
आझै उदकू दियै आंजळियां, तरणी सूर मेहस तणी ॥१॥

धर लीजै आया धुणहीं धर, धमचक्क हुवैं मरै वर वीर।
पांचा उतरी पहिला पहिलौ, नारि निरोहे दीन्हौ नीर। २।

सही मरै भरतार सझूझौ, कमधज ऊणौ सहै न कोइ।
पतिसाही हूवौ पाखरणौ, पछि यछि जळ दीन्हौ पहिलोइ ।३॥

ऊभौ इळा न दीन्ही असुरां (नूं), सूरां जेमि मरै प्रीसारि।
जोधपुरै रै पतै जांणीयौ, कीयौ तरपण राजकुंआरि ॥४॥

---

५२. गीतसार—उपरलिखित गीत खींवसर डांवरा के स्वामी महेशदास पंचायनोत राठौड़ की वीरता पर कथित है। महेशदास राव मालदेव की ओर से मेड़ता पर शरफुद्दीन राव जयमल मेड़तिया की संयुक्त सेना से लड़कर काम आया। गीत में मंडौर पर मुसलमानों के आक्रमण करने पर उनका सामना करने का वर्णन है।

---

१. खुरसांण—बादशाह। आगालगि—निरन्तर। घणं—घनी। झूझ—युद्ध। अणी—सेना। आझै—वीर, युद्ध। उदकू—जल। आंजळियां—अञ्जलि भर कर। तरणी—तरुणी, पत्नि। सूर—सूर्य। महेश तणी—महेशदास की ने।

२. धुणहीं—मारने वाले। धमचक्क—युद्ध। वर वीर—श्रेष्ठ योद्धा। पांचा—पंचायनोत महेशदास। निरोहे—युद्ध स्थल, शान्त मन से। नीर—जल।

३. भरतार—भर्तार, पति। सझूझौ—युद्ध करते हुए, युद्धवीर। ऊणौ—न्यूनता, खिन्नता, चिन्ता। सहै—सहन करे। यछि—अप्सरा, नारि। पहिलोइ—पहिले ही।

४. ऊभो—खड़ा, बिना घायल हुए या मरे। इळा—पृथ्वी। असुरां—मुसलमानों को। सूरां जेमि—शूर वीरों जैसे। प्रीसारि—पति तलवारों से कटकर मरा। पतै—पति, राजा, पता। तरपण—तर्पण।

५३. गीत ठाकर खेतसिंघ महेसोत नाहड़सर रौ

ऊघड़ीयै चूक ओछड़ी असते, झालणवाळी न कांइ झंत्र ।
तैं खटतीस मुहरै खेतसी, काढ़ी साइ जांणै किलंव ।।१।।
पौह पड़ीयै जमदढ़ पिड़ीयारां, मधकर का हुडतै उपमादि ।
बांथ पड़ती जु तैं संवाही, असपति करैस बात अयादि ।।२।।
दूभर चूकि साच जिण दीन्हौ, दईत लीयौ सिध वधे दळ ।
तो खूंदालिय वदै खेतसी, बिहूं वेढ़ीयौ तणौ बळ ।।३।।
पड़ियौ रणि रज राखि पछिलकै, चढ़ि वीजळी पहिलकै चोट ।
सूर सामळा जिही खेतसी, करतब वदै दुवाहा कोट ।।४।।

---

५३. गीतसार—उपर्युक्त गीत में राठौड़ों की कर्मसिंहोत शाखा महेशदास के पुत्र ठाकुर खेतसिंह का वर्णन है। खेतसिंह बादशाही मन्सबदार था। गीत में शत्रु को कटार से मारने के उपलक्ष्य में हिन्दू और मुसलमानों द्वारा खेतसिंह के साहस की प्रशंसा की गई है।

---

१. ऊघड़ीयौ—प्रकट होने पर, उद्घाटित होने पर। चूक—छलाघात। ओछड़ी—खींचकर, छिपने। असते—डरपोक, अधर्मचारी। झालणवाळी—पकड़ने वाली। झंत्र—सहारा, समूह। मुहरै—अगाड़ी। काढ़ी—निकाली। साइ—सभी, बादशाह। किलंव—कलमा पढ़ने वाले, मुसलमान।

ा, राजा। पड़ीयै—घायल होकर पड़ने पर। जमदढ़—कटार। पिड़ीयारां—युद्ध करने वाले शत्रुओं। मधकर का—महेशदास का पुत्र खेतसिंह। हुडतै—होते समय। बांथ—भुजपाश। संवाही—सम्हाली, ग्रहण की। असपति—बादशाह। अयादि—याद।

३. दूभर—मुश्किल, असह्य। दईत—दैत्य, मुसलमान। सिध—सिद्ध, सफल। वधे—बढ़कर, मारकर। दळ—समूह, सेना। खूंदाळिम—बादशाह। वदै—सराहना करता है। बिहूं—दोनों। वेढीयौ तणौ—संहारक का।

४. रणि—युद्ध में। रज—क्षत्रियत्व। पछिल कै—पिछले का, परम्परा का। वीजळी—तलवार की अथवा कटार की धार। करतब—कर्त्तव्य, उत्तम कार्य। दुवाहां कोट—महान् वीर, दोनों हाथों से प्रहार करने में प्रबल।

५४. गीत लखमीदास पातावत रौ

समीयाणै तणा मेळि दळ सबळा, वडौ खत्री पाखरि वरहास ।
आयौ परदळखांन ऊपरै, दूठ महाभड़ लखमीदास ॥१॥
वांटे अणी कोट सहू वीटे, भुज नीमज परियां दिसि भाळि ।
सूरज ऊगै समौ सांफळौ, पातल रै कीधौ पूंचाळ ॥२॥
हिंदू तुरक लोह में हिंचीया, पनंग तणै सिर रोपै पांव ।
सांगाहरे पाड़ियौ समहरि, औरंगजेब तणौ उमराव ॥३॥
साभे असुर लीयौ समीयांणौ, घणी भौमि जसवास घणौ ।
कमधां घरे ऊगिवै कविळा, ताइ प्रताप लखधीर तणौ ॥४॥

—तेजसी खिड़िया रौ कह्यौ

---

५४. **गीतसार—उपर्युक्त गीत राठौड़ वीर लक्ष्मीदास पातावत कर्मसिहोत पर रचित है । गीत में गीतनायक द्वारा बादशाह औरंगजेब के सेनानायक परदलखां को सिवाणा के युद्ध में पराजित करने का वर्णन है । कवि का कथन है कि लक्ष्मीदास ने अपने योद्धाओं को पंक्तियों में विभाजित कर सुर्योदय के साथ सिवाणा दुर्ग पर आक्रमण किया और शत्रुओं को मारकर सिवाणा पर अधिकार स्थापित किया ।**

समीयाणै—मारवाड़ का सिवाना परगना और इसी नाम का दुर्ग । मेळि दळ—सेना एकत्रित कर । पाखरि—प्रक्षर, कवच । वरहास—घोड़ा । परदलखांन—बादशाह औरंगजेब की ओर से नियुक्त सिवाने का सैनिक अधिकारी । दूठ—शक्तिशाली, क्रोधीला । महाभड़—महान् वीर ।

२. वांटे अणी—सेना को विभिन्न पंक्तियों में विभाजित कर । कोट—किला । सहू वीटे—सब ने घेरा । नीमज—ठान कर, घुसकर । परियां दिस—पूर्वजों की परम्परा की ओर । भाळि—देखकर, विचार कर । ऊगै—उदय होते । समौ—समय । सांफळौ—युद्ध । पताल रै—प्रतापसिंह के लक्ष्मीदास ने । पूंचाळ—भुजबली, शक्तिशाली ।

३. हिंचीया—लड़ने लगे । पनंग तणै—शेषनाग के, पाताल लोक तक । रोपै—दृढ़ता से स्थिर किये । सांगाहरे—संग्रामसिंह के पौत्र । पाड़ियौ—गिराया । समहरि—युद्ध में । तणौ—को ।

४. साभे—मारे । असुर—मुसलमान । जसवास—कीर्ति । कमधां—राठौड़ के । ऊगिवौ—उदय होना, सफल होना । कविळा—बादशाह । ताइ—अत्याचारी, तहां ।

५५. गीत ठाकर प्रिथीराज दलपतौत पीपाड़ रौ

बड़ा जांण महिरांण असमांन छिवता वहै, दुयण भांजण दीयण दांन दावा ।
मुरधरा मांझ हूवा कमंध मारका, च्यारि प्रिथीराज दस देस चावा ।।१।।
असपती मारीया ऊठ ऊवारीया, भांजीयै जंग अणभंग जीपै ।
कलारौ जैतरौ बलूरौ जेम कहि, दलारौ त्यां तिसौ कळह दीपै ।।२।।
भींच अकबर तणौ मालरौ जै न भड़, गजन रै भींच गैघड़ा मौड़ी ।
जादवां तणी जौड़ी गिळै जीरवी, जसारौ भींच त्यां तणी जौड़ी ।।३।।
जांणपण जैतहर पंचाइण तणौ महाजुध, करमवळी तेजहर गात कूंभौ ।
धवळ हरदास हर लाज भुज धारीयां, अंति प्रिथीराज त्यां तिसौ ऊभौ।।४।।

—नाथा बारहठ रौ कह्यौ

---

५५. गीतसार—उपर्युक्त गीत पीपाड़ के स्वामी ठाकुर पृथ्वीराज दलपतसिंह के पुत्र पर रचित है। गीत में कवि ने पृथ्वीराज की वीरता के लिए चारों दिशाओं में प्रसिद्धि का वर्णन करते हुए कहा है कि मारवाड़ में जिस प्रकार पृथ्वीराज कल्याणोत, पृथ्वीराज जैतावत और पृथ्वीराज बलुओत प्रसिद्ध थे उसी प्रकार यह दलपतोत पृथ्वीराज भी प्रसिद्ध है।

---

१. महिरांण—राजा, योद्धा। असमांन—आकाश। छिवता—शोभापाते। दुयण—वैरियों का। भांजण—मारने। मुरधरा मांझ—मारवाड़ में। कमंध—राठौड़। मारका—महावीर। चावा—प्रसिद्ध।

२. असपती—बादशाह। ऊवारीया—रक्षा की। भांजियै—संहार करते। अणभंग—अखंड, योद्धा। जीपै—विजय करे। कला रौ—कल्याण का पुत्र पृथ्वीराज बीकानेर। जैतरौ—पृथ्वीराज जैतावत बगड़ी का। बलू—बलभद्र का पुत्र पृथ्वीराज। जेम—जैसे ही। दला रौ—दलपतसिंह का पुत्र गीतनायक पृथ्वीराज। त्यां—उन। तिसौ—तैसा, जैसा ही। कळह—युद्ध में। दीपै—चमकता है, शोभा पाता है।

३. भींच—योद्धा। अकबर तणौ—बादशाह अकबर का। माल रौ—राव मालदेव का सेनानायक पृथ्वीराज जैतावत। भड़—योद्धा। गजन रै—राजा गजसिंह के वीर पृथ्वीराज ने। गैघड़ा—गज सेना। मौड़ी—पराजित कर पीछे लौटाई। गिळै—निगलकर, जीरवी—हजम की। जसारौ—जसवंतसिंह का।

४. जांणपण—प्रसिद्धि में। जैतहर—जैतावत पृथ्वीराज। पंचाइण तणौ—पंचायन का वंशज पृथ्वीराज इस गीत का नायक। तेजहर—तेजसिंह का वंशज। गात—गात्र, शरीर। कूंभौ—हाथी जैसा, कुंभकर्ण। धवळ—बलवान्, बैल। अंति—अंतिम समय, अन्त में। ऊभौ—खड़ा हुआ है।

५६. गीत सिवराज जोधावत दूनाड़ा रौ

वपड़ाऊ खावड़ि वाहड़गिरि, समीयांणौ नीलवौ सकाज ।
पहछहटणि अनियै पोहकरणा, सात कटक भांगा सिवराज ।।१।।

मुर चित्र सैन महा रिणमालां, सक सिमराज निजोड़े सार ।
पवंग पलांणि पांगुरणि पहिरणि, झाड़ि झाड़ि कीया झूझारि ।।२।।

मालां सैन सपत मुंहि छूटै, अति गहि आवंतै अहंकारि ।
जोधावत मिळीया जुडंतै, बंधू विलाया बांह उपगारि ।।३।।

खट ने एक भांजीया खांडे, खेध चमीरौ खंवै खळ ।
दळ हूं सिवै कीया दहवाटां, तिकै देवीदासां तणां दळ ।।४।।

---

५६. गीतसार—ऊपरांकित गीत राठौड़ वीर शिवराज जोधावत की युद्ध-प्रशंसा का है । गीत में शिवराज द्वारा रावल देवीदासोतों के अधीनस्थ वपड़ाऊ, खावड़, बाडमेर, सिवाणा, नीलवा, चौहटन और पोकरण सात स्थानों की सेनाओं को पराजित कर विजय प्राप्त करने का वर्णन है ।

---

१. पह—योद्धा । अनियै—अन्य । कटक-सैन्य दल । भांगा—नष्ट किया ।

२. मुर चित्र—तीन और चार, कुल सात । रिणमालां—राव रणमल्ल की प्रतापी संतान वाले । सक—शख्स, वीर । निजोड़े—नृथक् कर, संहार कर । सार—तलवार, अस्त्र शस्त्र । पवंग—घोड़ा । पलांणि—जीन कर । पांगुरणि—रेशमी वस्त्र । पहिरणि—पहिनने को । झाड़ि झाड़ि—पटक पछाड़ कर, तितर बितर, छोटे कंटीले पेड़ । झूझारि—जूझार, परहित हेतु लकड़र मरनेवासा योद्धा ।

३. मालां—रणमल्ल के वंशजों की । सपत—सप्त, सात । गहि—धारण कर । जुडंतै—लड़ते, भिड़ते । बांह—भुजा, रक्षक बनकर । उपगारि—उपकार ।

४. खट नै एक—सात स्थानों की सेना । भांजीया—भंजन किया, संहार किया । खेध—विरोध । हूं—से । सिवै—शिवराज ने । दहवाटां—नाश, तहस-नहस । तिकै—वे, उन । देवीदासां—देवीदास की संतानवालों के ।

५७. गीत अचळदास सिवराजौत दूनाड़ा रौ

अणी लाख दस करे कस तूसन जोधपुर, वींटीयौ कोट रणतूर वायौ।
सींघळा सीह अणवीह सिमराजरा, अचळगढ़ डूठि पतिसाह आयौ ॥१॥
गांण गुण गाजीयौ ग्रीधती गहमहै, वहै नळीयार झूझार ताजौ।
गाजि आवाज असुरां तणी अभंगभड़, सांसवै अचळ किम डील साजौ ॥२॥
प्रोळियां सारहे विढ़ण कजि ग्रह ग्रहे, लंघीयै सीह पीठांण लाधौ।
तखत पतिसाह रौ तोड़ि त्रिजड़ां मुंहे, खांन मुहमार कौ अचळ खाधौ ॥३॥
जाळ जमहर जुगति मरण प्रांमै मुगति, चंदनांमै करे अणी चढ़ीयौ।
अचळ अपछर वरे सूर साखी करे, वीवीयां वरे बुलवाक पड़ीयौ ॥४॥

---

५७. गीतसार—उपरिलिखित गीत में राठौड़ वीर अचलदास शिवराज के पुत्र दूनाड़ा के स्वामी की युद्धवीरता का वर्णन है। अचलदास ने राव मालवदेव के पक्ष में जोधपुर दुर्ग पर आक्रमण कर शाही सेनाध्यक्ष ममारख खांन को मार कर वीरगति प्राप्त की थी। अचलदास की स्मृति में जोधपुर किले पर छत्री है। गीत में अचलदास की बहादुरी तथा कीर्ति का आख्यान है।

---

१. अणी—सेना।—कस—बाँधकर, कस कर। तूसन—तौशन, घोड़ा। वींटीयौ—चारों ओर से घेरे में लिया। कोट—किले। रणतूर—रणतूर्य, बाजा विशेष। वायौ—बजाया। सींघळा सींह—श्रेष्ठ सिंह। अणवीह—निडर। सिमराज रा—शिवराज का पुत्र। अचळ—अचलदास। गढ़—किले पर। पतिसाह—बादशाह।

२. गांण गुण—गुणगान। गाजीयौ—गरजने लगा। ग्रीधती—गृद्धनियाँ। गहमहै—उत्सव मनाने लगी, भीड़ करने लगी। वहै—वहती है। नळियार—तलवार, रक्त(?)। झूझार—जुझार, योद्धा। ताजौ—जबरदस्त, तुम्हारा। गाजि—गर्जना। असुरां तणी—मुसलमानों की। अभंग भड़—दृढ़ निश्चयी वीर, अखण्ड वीर। डील—शरीर। साजौ—सावित, स्वस्थ।

३. प्रोळियां—मुखद्वार पर, प्रतोली पर। सारहे—शस्त्रों से। विढ़ण—लड़ने मरने के लिए। लंघीयै सींह—भूखा सिंह। पीठांण—युद्ध। लाधौ—मिला। त्रिजड़ां—तलवारों के। खांन मुहमार कौ—ममारख खांन। खाधौ—खागया, मारडाला।

४. जाळ—पाश, ज्वाला। जमहर—जौहर, रण कौशल प्रकट कर। प्रांमै—प्राप्त कर। चंदनांमै—कीर्ति अमर कर। अणी—शस्त्रों की नोक। वरै—विवाह कर। सूर—सूर्य। साखी—साक्षी। बुलवाक हाहाकर।

५८. गीत राव अखैराज रिणमलौत बगड़ी रौ

सूरा भड़ भिड़ै ऊछळै ओणी, सूर संपेखै सतर घण।
मालां साथि अखै माचवीयौ, वे सांमी ले ले विढ़ण ॥१॥

रिड़ै रत रथ अरक राखीयौ, सूर सार सांमहाँ सहै।
माले कांधिल अखै महा रिण, वीथ पड़ै हथियार वहै ॥२॥

रिणमालौत अनै रूणेचाँ, आखै अरक इसी अपवार।
विढ़ै वळै वळि वेगि वीछुड़ै, विढ़ै वळै वळि वारोवार ॥३॥

---

५८. गीतसार—उपर्युक्त गीत राव अक्षयराज रणमल्लोत राठौड़ बगड़ी के स्वामी पर रचित है। अक्षयराज ने राव रणमल्ल के अन्य वंशधरों के साथ सम्मिलित होकर अनेक युद्धों में वीरता दिखाकर यश अर्जित किया था। उसने राठौड़ों की सिंघल शाखा के चरड़ा से बगड़ी छीन कर बगड़ी को अपनी राजधानी बनाई। गीत में कांधल के साथ अक्षयराज और रुणेचों के युद्ध करने का संकेत है।

---

१. भड़—वीर। ऊछळै—उछला। ओणी—लोहू। सूर—सूर्य। संपेखै—देखता है। सतर—शत्रु। मालां—रणमल्लोतों के। अखै—गीतनायक अक्षयराज। मांचवीयौ—लड़ा। विढ़ण—युद्ध।

२. रत—रुधिर। अरक—सूर्य। सूर—वीर। सार—लोहा। सांमहां—सम्मुख। सहै—सहन करते हैं। कांधिल—रावत कांधल। अखै—राव अक्षयराज। वहै—प्रहार होते हैं, चलते हैं।

३. रिणमालौत—राव रणमल्ल के वंशज। अनै—अन्य। रुणेचां—रूण स्थान वाले, सोलंखी। आखै—कहता है। अपवार—बुरा समय, युद्धकारी समय, बहुत अधिक। विढ़ै—लड़ते हैं, मरते हैं। विळै वळि—निरन्तर, बलात्। वेगि—त्वरा से। वीछड़ै—बिछुड़ते हैं। वारोवार—बार बार।

५६. गीत राव अखैराज रिणमलोत बगड़ी रौ

अनिकारां देव खत्री अनिकारां, वरस छमासी विढ़ण वरैं।
सूरिज तैं अखैराज सांफळौ, किलंब घड़ा सूं नित्त करै ॥१॥

दूजा देस देसपति दूजा, भव किणहीं मचवै भाराथ।
अंग नित अखौ चढ़ावै अणीये, जुधि नित जुड़ै भिड़ै जगनाथ ॥२॥

अरक सांफळौ पहरे आठे, नीवड़ि जाइ अनेरा नाह।
एकै दहि अखौ आरोड़ै, विहु चिहु पैसे ऊभी वाह ॥३॥

तरुण अखैमल वहतै त्रिजड़े, तुरक घडा सूं निभैतण।
करै संग्राम सदा कासिव सुत, रिणमल सुत नित चढ़ै रिण। ४॥

---

५६. गीतसार—उपर्युक्त गीत राव अखैराज राठौड़ वगड़ी के स्वामी पर कहा हुआ है। कवि ने गीत में कहा है कि अन्य वीर क्षत्रिय और वीर देवता कभी वर्ष छह मास में युद्ध में भाग लेते हैं, पर सूर्यदेव और अखैराज नित्य प्रति असुर सेना से लड़ते रहते हैं।

---

१. अनिकारा—योद्धा, अन्य वीर। खत्री—क्षत्रिय। छमासी—छह मास में। विढ़ण—युद्ध। वरैं—वरण करते हैं। सांफळौ—युद्ध। किलंब—मुसलमान। घड़ा—सेना।

२. देसपति—राजा। दूजा—दूसरे। किणहीं—कभी कभास। मचवै—लड़ते हैं। भाराथ—युद्ध। अखौ—अखैराज। अणीये—अस्त्रों शस्त्रों की नोक। जुड़ै—करते है। भिड़ै—लड़ते हैं। जगनाथ—सूर्य।

३. पहरे आठे—आठ प्रहर। नीवड़ि घने। अनेरा—अन्य। नाह—राजा। दीह—दिन। अखौ—अखैराज। आरोड़ै—लड़ता है। विहु—दोनों। चिहु—चारों। पैसै—पैठते हैं। ऊभी—खड़ी।

४. तरुण—युवा। वहतै—प्रहार करते। त्रिजड़े—तलवार से। निभैतण—निडर, निर्भीक। कासिव सुत—सूर्य। रिण—युद्ध।

६०. गीत राव पंचाइरण अखेराजौत बगड़ी रौ

मोटा पह साख पंचायरण मांगै, मिरण मथ अेह गिरणै उनमांन ।
बैठा तूझ तरणै वारंतर ·· ····, पांचां देसां तरणौं प्रधांन ।।१।।

निखत पंचाइरण इसौ निमंधीयौ, नर कोसां नह मुहर खड़ै ।
तूंझ तारै सो कटक ऊतरै, तूं चाढ़ै सो कटक चड़ै ।।२।।

धीर अमल रिड़माल कळोधर, लागूवे वचंने चलंरण लीयै ।
पोह इम बीजा कहै पंचाइरण, देस वसां जो सीख दीयै ।।३।।

बगड़ी धरणी चाकरी विखधै, नर पूरब दिखरणाध नर ।
अखा समोभ्रम तरणै अनेरा, हुकम चलै सोहो रायहर ।।४।।

---

६०. गीतसार–उपर्युक्त गीत राव पंचायन अखैराजोत बगड़ी के स्वामी पर रचित है। गीत में उल्लेख हुआ है कि पंचायन ऐसे बलवान् नक्षत्रों में उत्पन्न हुआ है जिसका सभी पर प्रभाव है। बड़े बड़े राजा तक पंचायन की साक्षी का विश्वास करते हैं। वह जिस पर सेना का आक्रमरण करना सोच लेता है उसी पर आक्रमरण हो जाता है और जिसकी रक्षा करना विचार लेता है वह बच जाता है।

---

१. मोटा पह–बड़े राजा, बड़े योद्धा। साख–साक्षी। वारंतर–द्वार के बाहर। प्रधांन–मुख्य आमात्य, प्रधान मंत्री।

२. निखत–नक्षत्र। इसौ–ऐसा। निमंधीयौ–रचा गया, बनाया। कोसाँ· मीलों तक। मुहर· आगे। खड़ै–चलते हैं। तारै–उद्धार करे, रक्षा करे। कटक–सेना। ऊतरै–उतरती है, घेरा उठाती है। चाढ़ै–चढ़ाई करवाता है।

३. धीर–धैर्यवान्। कळोधर–कला को धारण करने वाला। लागूवे–वैर रखने वाले, पीछा करने वाले। बीजा–अन्य। वसां–निवास करें, आबाद करें। सीख–स्वीकृत, विदाई।

४. धरणी–स्वामी। विखधै–भोगता है। पूरब–पूर्व धरा। दिखरणाध–दक्षिण धरा। अखा–अखैराज। समोभ्रम–पुत्र, समता की भ्रांति देने वाला पंचायन। अनेरा–दूसरे। सोहो–सभी। रायहर–राजा।

६१. गीत राव जैता पंचाइणोत बगड़ी रौ

नव लाख कटक निमंधे नेजाइत, गिड़ थरहरै गढ़ां गजगाह।
जैता तणा भुजाडंड जोइवा, सूर पधारीयौ पहिर सनाह ॥१॥

साथ उभै लख धीर सनाहां, गजदळ ढोये गमागमै।
पांणि पठांणि लड़ै पाचावत, खेड़ नरेसुर भार खमै ॥२॥

मुर खट लाख मेछ दळ मेळै, सूर सम चढ़े मंडोवर सींम।
जोगिणपुरौ आवीयौ जोइवा, भुज राठौड़ तणा गज भींम ॥३॥

रिणमलहरौ मूंवौ पग रोपै, घणां जंगां जे मरि घणा।
ऊभौ करि जोइयौ असुरे, तंई भुजाडंड जैत तणा ॥४॥

---

६१. गीतसार—उपर्युक्त गीत मारवाड़ के बगड़ी ठिकाने के राव जैता (जैत्रसिंह) की युद्ध-वीरता के वर्णन का है। राव जैता राव मालदेव का बड़ा सामंत था। राव जेता ने मालदेव की ओर से दिल्ली के बादशाह शेरशाह शूरी की सेना से अजमेर के समीपस्थ गिररी समेल पर विकट युद्ध कर वीरगति प्राप्त की थी। जैत के पराक्रम और साहस की बात सुनकर शेरशाह स्वयं रणक्षेत्र में उसके मृत शरीर को देखने के लिए आया था।

---

१. कटक—सेना। निमंधे—तैयार। नेजाइत—भाला धारी, ध्वजधारी। गिड़—वाराह, जिसके दाढ़ पर पृथ्वी ठहरी हुई मानी जाती है। थरहरै—कंपित होता है। गजगाह—युद्ध, वीर। जोइवा—देखने के लिए। सूर—शेरशाह शूरी। सनाह—जिरह बख्तर।

२. उभै लख—दो लाख। धीर—धैर्यवान। सनाहां—कवचधारी। गज दळ—गज सेना। ढोये—आक्रमण किये हुए। गमागमै—चारों ओर। पांणि—भुजा, हाथ। पठांणि—शेरशाह पठान। पांचावत—पंचायन का पुत्र जैता। खेड़—मारवाड़ में राठौड़ों की प्राचीन राजधानी। खमै—सहन करता है।

३. मुर खट—नव। मेछ दळ—यवन सेना। जोगिणपुरौ—दिल्ली का बादशाह। भींम—भयानक, जबरदस्त।

४. मूंवौ—मृत्यु को प्राप्त हुआ। रोपै—जमा कर। घणां—घने। ऊभौ करि—खड़ा करके। असुरे—मूसलमान ने, बादशाह ने। तंई—शत्रु, तव। जैत तणा—जैता के।

६२. गीत राव जैता पंचायणोत बगड़ी रौ

पारंभ पतिसाह थयौ पारंभगुर, चक्रवति ताइ गिर सिर चड़िया ।
विढ़वा काजि जैत सिर गहमह, उभै पहर दळ आहुड़िया ॥१॥

आलम आप सधर आहेड़ी, सुपहरी हालि जिकै सूधा ।
कवळ वाराह जैत सिर कळियळ, आठ घड़ी छट आलूधा ॥२॥

लोध करे सुरतांण लोधीया, पूरबीया मुगल पतिसाहि ।
पहरि सनाह विडारण पांचावत, घणा कटक धवीया घणघाहि ॥३॥

जैत सूर सरस अत जुडंतै, सोह वधारे तेरह साख ।
आधौ दीह कटक आहुड़िया, निवड़ वाराह सरसि नव लाख ॥४॥

---

६२. गीतसार–उपरांकित गीत राव जैतसिंह पंचायनोत बगड़ी के स्वामी की रणवीरता पर लिखित है । गीतकार ने जैतसिंह का दर्शन करते हुए लिखा है कि बादशाह ने युद्ध करने का संकल्प किया और चक्रवर्ती (राव मालदेव) भयातुर होकर पहाड़ों की शरण में जा चढ़ा । किन्तु, जैतसिंह युद्ध में डट गया और दो प्रहर तक उसके सिर पर शस्त्रों के अघात होते रहे ।

---

१. पारंभ–युद्ध, आरंभ । थयौ–हुआ । पारंभगुर–आरंभ किए हुए कार्य को पूरा करने वाला । ताइ–वह, तब, तप्त होकर । गिर सिर–गिरि शिखरों पर । विढ़वा–लड़ने । गहमह–भीड़ । उभै पहर–द्वि प्रहर तक । दळ–सेना । आहुड़िया–टक्करें लेते रहे ।

२. आलम–संसार, बादशाह । सधर–सधैर्य, सीधा । आहेड़ी–आखेटक, शिकारी । सुपहरी–दो प्रहर, राजा । हालि–चलकर । जिकै–जो, वे । कवळ वाराह–सूअर । किळियळ–योद्धा, लड़ाई । छट–तक, अनवरत । आलूधा–उलझे रहे, लड़ते रहे ।

सनाह–जिरह बख्तर । विडारण–युद्ध लड़ने लगा । पांचावत–पंचायनसिंह का पुत्र जैतसिंह । कटक–सैन्यदल । धवीया–ध्वस्त किये, बरसा । घण घाहि–घनघोर, मेघ की तरह बरसते हुए ।

४. सूर–सूअर । सरस–सदृश । जुड़ंतै–भिड़कर, टक्कर लेते । सोह–सब । वधारे–वर्द्धित किये, प्रशंसित किये । निवड़–दृढ़, भयंकर । वाराह–सूअर । सरसि–समान ।

६३. गीत राव जैता पंचायणोत बगड़ी रौ

घातै घड़ तिस रूपी घोड़ो, मुरास महाग्रह मोगर मोड़ो।
पदम पहास दीयै पाहोड़ो, जैतै नैं साह आलम जोड़ो ॥१॥

रहतां जैत सरस रवताळां, बे झड़पड़िया वींनड़ियाळां।
साहिजादी लोधियां सुवाळा, वीवी जोवै वाट वंगाळां ॥२॥

पाधरि राव विढ़ीयौ पचाणी, सारै जैतौ घड़ सुरतांणी।
पी जोवै तावूत पठांणी, मीर वची रूनी मिलकांणी ॥३॥

पर दळिया परिगह पांचरणौ, मोगर चढीया मीर मुंहांणौ।
सूतो दै सेलार सिरांणो, जैतड़ौ भगवट जाइ न जांणौ ॥४॥

---

६३. गीतसार–ऊपर लिखित गीत राव जैतसिंह राठौड़ बगड़ी ठिकाने के अधिपति पर कहा गया है। गीत में लिखा है कि राव जैतसिंह रणभूमि में लड़ता हुआ धराशायी हो गया। वह रणभुमि से पलायन करना नहीं जानता। अनेक शाहजादियां अपने पतियों के आगमन की प्रतीक्षा में थीं, किन्तु उनके स्थान पर उनके शव ही वापस पहुंचे।

---

१ घातै–प्रहार करके, शत्रु। घड़–सेना, शरीर। मुरास–मनुष्य। महाग्रह–विकट युद्ध। मोड़ो–मोड़ने वाला, पीछे धकेलने वाला। पदम–मद्म नामक। पहास–घोड़ा, चमकीला।

२. रवताळ–रावत पद वाले, योद्धा। वे–दोनों, वे। झड़पड़िया–लड़कर धराशायी हुए। सुवाळां–सुन्दरियां। वाट–मार्ग। वंगाळां-मुसलमानों।

३. पाधरि–सीधे रणभूमि में। विढ़ीयौ–लड़ा। पंचाणी–पंचायन का पुत्र जैतसिंह। सारै–लोहे शस्त्र। पी–पति। तावूत–अर्थी, जनाजा। मीर वची–अमीर कन्या। रूनी–रोदन किया। मिलकांणीं–मलिका।

४. परिगह–परिग्रह, सैनिक। पांचाणौ–पंचायनसिंह के पुत्र। मुहाणौ–मुखाग्र। सूतो–सोया। सेलार–भाला। सिरांणौ–सिरहाने। जैतड़ौ–जैतसिंह। भगवट–भगने का मार्ग, भग जाना। न जांणौ–नहीं जानता है।

६४. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

सुकरि सेल सिंदूरियै सूर आखाढ़ सिध,
जस मुकट बांधियै नादि साजै ।
प्रिथीमल अभंग अखईहरौ पाटपति,
भागळां आगळी केम भाजै ॥१॥

नवां कोटां सुछळि नेत्र वाधै निलै,
मेर मांझी कळह मारकी मूठि ।
सारभै पूठि जेजे पहै दीन्ही सदा,
पहां तां किम दियै प्रिथीमल पूठि ॥२॥

---

६४. गीतसार—उपर्युक्त गीत में कवि का कथन है कि अखैराजोत राठौड़ के पट्ट का स्वामी पृथ्वीराज कायरों की भाँति युद्ध भूमि को पीठ देकर कैसे भाग सकता है जबकि उसके सुन्दर हाथ में सिंदूरी रंग में चर्चित भाला है, यशरूपी मुकुट धारण किये हुए है और युद्ध वाद्यों से सज्जित है । वह तो स्वयं रणकला में प्रवीण है, फिर भगौड़ों का अनुकरण कैसे कर सकता है ।

---

१. सुकरि-सुन्दर हाथ । सेल—भाला । सिंदूरियै—सिंदूरी रंग, लाल रंग । आखाढ़ सिध—रणकला में प्रवीण, महान्‌भट । जस मुकुट—यश रूपी मुकुट । नादि—नर्दन, बादित्र । साजै—सज्जित, साज़बाज । अभंग—विकट वीर । अखई हरौ—अखैराज का पौत्र गीतनायक पृथ्वीराज । पाटपति—सिंहासन का स्वामी । भागळां—भगौड़ों, कायरों । आगळी—आगे, सामने से । केम—किस प्रकार । भाजै—भाग सकता है ।

२. नवां कोटां—नव कोटों, मारवाड़ के प्रसिद्ध नव दुर्गों । सुछळि—युद्ध । नेत्र वाधै—वीरता सूचक आभूषण विशेष । निलै—ललाट । मेर मांझी—मुखिया । कळह—युद्ध । मूंठि—मूंठ, तलवार । सारभै—लोहा बजने पर । पूठि—पीठ । पहै—योद्धाओं ने । पहां—योद्धों । तां—उनको ।

जैतउत जोध जग जेठ जांणै जगत,
मुणिसन तणौ सिरि बाधियै मौड़ ।
रेह लागी भड़ां जियां नूं वीररसि,
रिहै तां आगिळी निविजै राठौड़ ।।३।।

सावळे मेड़तै तणा ध्रुवतौ सुहड़,
कमळि बांधै विरद मुरधरा कांम ।
नमेळां आगळीं गात्रि अण नामीयै,
सरग पाधारियौ रिणमलां सांमि ।।४।।

---

३. जैतउत–राव जैता का पुत्र पृथ्वीराज । जोध–योद्धा । जग जेठ–सूर्य । मुणिसन–मनुष्यों । तणौ–को । सिरि–मस्तक । मौड़–मुकुट । रेह–कलंक । भडां–योद्धाओं । जियां नूं–जिनने । वीररसि–वीर रस की, युद्ध की । रिहै–कलंकी, रहे । आगिळी–अग्रिम । निविजै–अपराजित ।

४. सावळे–भाले । मेड़तै–मेड़ता स्थान, मेड़तिया राठौड़ । ध्रुवतौ–संहार करते, वर्षा करते । सुहड़–सुभट, योद्धा । कमळि–सिर । विरद–विरुद । मुरधरा–मारवाड़ । कांम–कार्य । नमेळां–वैरियों, अमित्रों । गात्रि–शरीर । अणनामीयै–बिना झुकाये । सरग–स्वर्ग । पाधारियौ–पधार गया । रिणमलां–राव रणमल की संतति वालों का । सांमि–स्वामी, मुखिया ।

६५. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

सहि सासिन ध्राप सुहड़ सांकीया, साख धणी सात्रवां सल ।
सेन मंडोवर तणी सचींतौ, मरण तुहाळै प्रिथीमल ।।१।।

आप रखा सत हू औछड़िया, करगि सुपह न ग्रहै केवांण ।
अंत ताहरै रयणाहर ऊपम, मारू ऊपड़ियौ मेल्हांण ।।२।।

सार पहार भवे समहरिया, सी पैठौ ठाकुरां सही ।
जोखिम तूझ तणौ जैताउत, नवसहसा दळ थंभै नहीं ।।३।।

जुड़ि जीपतौ कळह जैताउत, जड़ वाजी राठौड़ जुवांण ।
मांण मलांणौ तणौ मुरधरा, मरण मुहाळै अंमळीमांण ।।४।।

---

६५. गीतसार—गीतनायक पृथ्वीराज की रणभूमि में मृत्यु पर कवि कहता है—हे पृथ्वीराज ! तेरे सामने सभी योद्धा सशंक रहते थे। शत्रुओं के हृदय में तुम सदा शल्य बने चुभते थे। तुम्हारी मृत्यु से मंडोर (मारवाड़) की सेना में चिंता व्याप्त हो गई है।

---

१. सहि—समस्त। ध्रापै—थक गए, तृप्त हो गए। सुहड़—सुभट। सांकिया—शंका करने लगे। साख—शाखा। धणी—स्वामी। सात्रवां—शत्रुओं का। सल—शल्य। सचींतौ—सचित्य, चिन्तित। तुहाळै—तुम्हारे। प्रीथीमल—पृथ्वीराज।

२. आप रख—अपनत्व रखने वाला। औछड़िया—आच्छादित। करगि—हाथ, कराग्र। सुपह—योद्धा, राजा। केवांण—तलवार। अंत—मृत्यु। ताहरै—तुम्हारी। ऊपम—उपमा। मारू—मरुदेशीय वीर। ऊपड़ियौ—रणभूमि में लड़ मरा।

सार—लोहा, तलवार। पहार—प्रहार। समहरिया—युद्धवीर। सी—शीत, कायरता। पैठौ—घुस गया। सही—सत्य ही। जोखिम—मृत्यु। नव सहसा—राठौड़ वीर। दळ—सेना। थंभै—रुके, ठहरे।

४. जुड़ि—भिड़कर। जीपतौ—विजय करता था। वाजी—बाजी, खेल। जुवांण—युवा। मांण—मान, प्रतिष्ठा। मुहाळै—मुंह आगे। अंमळीमांण—सजी हुई सेना का उपभोग करने वाला।

६६. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

चांपौहरौ एक वांधीयां चाळां, खार खधा सांम्हा खड़ीया।
मेड़तीया पीथल सूं मांझी, वारोवारी सौह विढ़ोया ॥१॥

जैमल करण ईसरौ अचळौ, सूर अजा सौह संफळीया।
ऊगै अरक विची आफळीया, ढोवै गयंद वड़ा ढळीया ॥२॥

वारह अखैराज जिसा वेरूंड़े, मोटा नर मारीया मरौड़ि।
सूं परिवार दीहां सगळौ, रामायण कीधौ राठौड़ि ॥३॥

अंग आवधे अणी सर फूट, पड़ै न पांचाहरौ पठि।
दूदाहरै दिहूं होइ दोळै, हेक घणै मारीयौ हठि ॥४॥

—रायमल वहीयावट रौ कह्यौ

---

६६. गीतसार—उपर्युक्त गीत मारवाड़ के बगड़ी ठिकाने के अधिपति पृथ्वीराज जैतावत राठौड़ और मेड़ता के शासक राव जयमल्ल के पारस्परिक युद्धाभियानों से सम्बद्ध है। कवि ने गीत में कहा है कि राव चम्पतराय के कुलोद्भव पृथ्वीराज से राव दूदा मेड़तिया के वंशज राव जयमल्ल, कर्ण, ईश्वरदास, अचलदास और अजा सभी ने बारी बारी से लड़ाई की और सभी मिलकर एकाकी पृथ्वीराज को कठिनता से मार पाये।

---

१. चांपौहरौ—राव चांपा का वंशज पृथ्वीराज। वंधीयां चाळां—वस्त्र के छोर बांधकर, कमर कसकर। खार खवा—कुपित हुआ। साम्हाँ—सम्मुख। खड़ीया—चला, गया। पीथल सूं—पृथ्वीराज से। मांझी—मुखिया। वारोवारी—क्रमशः। सौह—सभी। विढ़िया—लड़े।

२. संफळीया—लड़ाई की। ऊगै—उदय। अरक—अर्क, सूर्य। आफळीया—टक्करें ली, भिड़ें। ढोव—आक्रमण में। गयंद—हाथी। ढळीया—गिरे, मारे गये।

३. मरौड़ि—कुचल कर, मरौड़कर। दीहां—दिनों। सगळौ—समस्त। रामायण—भयानक संग्राम, स्वर्गवास। कीधौ-किया।

४. आवधे—हथियारों से। अणी—नोक। सर—बाण, सिर। फूटैं—पार निकले, आर-पार निकल कर। पांचाहरौ-पंचायन का वंशज पृथ्वीराज। पठि-पट्ठा, बली। दूदाहरे—राव दूदा मेड़तिया के वंशज जयमल्ल वगैरह। दोळै—चारों ओर। हेक—अकेले को। हठि—हठ ठान कर।

६७. गीत राज प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

कूंभकरनि घणौ पराक्रम कहता, भिड़ हणमंत जीतौ भाराथि।
पीथा तणौ प्रवाड़ौ पिड़ भुंइ, हेकण किण्हीं न चढीयौ हाथि ॥१॥

सुत विसवास पमण सुत सारे, भिड़तै कपि जीतौ भाराथि।
जता तणा तणौ तण जीपण, हेकै प्रिसण न चढीयौ हाथि ॥२॥

रांमण तणौ भीछ वडरावत, जीतौ रांम तणै भड़ जोइ।
भीछ माल चा तणौ हेक भड़, कांधै विरद वहै नह कोइ ॥३॥

पनरहसै कळहीया प्रिथीमल, लोह मराट तणी म्रत लीह।
दोढ़ौ हणू पाड़ीयौ दोमझि, दूणौ पड़ीयौ पूगै दीह ॥४॥

---

६७. गीतसार–उपर्युक्त गीत बगड़ी के स्वामी पृथ्वीराज जैतावता राठौड़ पर कथित है। कवि कहता है कि संसार में कुंभकर्ण सर्वाधिक पराक्रमी कहा जाता था पर उस पराक्रमी कुंभकर्ण को युद्ध में हनुमान ने मार गिराया था। परन्तु, पृथ्वीराज की बराबरी में अकेले लड़ने की अन्य किसी भी योद्धा की हिम्मत नहीं हुई।

---

१. कूंभकरनि–राजा रावण का भाई कुंभकर्ण। घणौ–अधिक। भिड़–लड़कर। हणमंत–हनुमान। जीतौ–विजय किया। भाराथि–युद्ध। पीथा–पृथ्वीराज जैतावत। प्रवाड़ौ–युद्ध वीरता की ख्याति। पिड़ भुंई–रणभूमि। हेकण–एक ने। किण्हीं–किसी।

२. पमण सुत–पवन पुत्र हनुमान। सारे–तलवार, शस्त्र। कपि–वानर, हनुमान। जैता तण–जैतसिंह का पुत्र पृथ्वीराज। तण–तन। जीपण–विजय करने। हेकै–एक। प्रिसण–पिशुन, वैरी।

३. भीछ–योद्धा। वडरावत–बड़ा–उमराव। तणौ–के। भड़–योद्धा। माल चा–राव मालदेव का। कांधै–कंधों पर। विरद–विरुद। वहै–वहन करे।

४. पनरहसै–संवत् पन्द्रह सौ में। कळहीया–युद्ध लड़ा। लोह मराट–लोह स्तंभ, विकट वीर। म्रत–मृत्यु। दोढ़ौ–डेढ़ा। हणू–हनुमान। दोमझि–युद्ध। पूगै दीह–आयु का अन्तिम दिन आ पहुंचने पर, दिन पूरा होने पर।

६८. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

वडौ केसरीसिंघ वडगात वीरमहरौ, वीडरे न गौ रणतूर वायें।
प्रिथीमल निवड़ राठौड़ वड़ परिणवा, आभि लागौ भलौ कांमि आयें ॥१॥

धड़ै मनि ध्रू जिसैं कीयै धजवड़ हथौ, धड़े अरीयण तणौ वाहतौ धार।
आवीयें भारि राठौड़ आखाढ़ सिंघ, वौम लग वाधीयौ भलौ जुधवार ॥२॥

कलंक लागै नहीं तेणि वंसि तिणि कीयें, अभिनमौ रयणहरि सूर ऊगौ।
प्रिथीमल प्रघट प्रिसणां घड़ा ऊपरी, पतंगरा पुड़ लगें भलौ पूगौ ॥३॥

करे अखीयात अत घात अविचल करे, कळह सुत जेम सत्र पाड़ कूंता।
प्रिथीमल तणौ सुर थांनि पाधारीयौ, हंस हरि हंसरा मंडळ हूंता ॥४॥

---

६७. गीतसार—उपरिलिखित गीत बगड़ी के स्वामी पृथ्वीराज राठौड़ द्वारा युद्ध में वीरता प्रदर्शित कर वीरगति प्राप्त करने का परिचायक है। गीतकार कहता है कि राव वीरमदेव का वंशज पृथ्वीराज केशरीसिंह के तुल्य पराक्रमी था। युद्धतूर्य की ध्वनि होने पर वह युद्ध के मैदान से डर कर नहीं भागा। वह तो शत्रु सेना को पराजित करता हुआ रणखेत में काम आया। और यों वड़प्पन प्राप्त कर आकाश तक जा लगा।

---

१. केसरीसिंघ—बब्बरसिंह। वडगात—वड़े शरीर वाला। वीरम हरौ-राव वीरमदेव का वंशज। वीडरे—डर कर। न गौ—नहीं गया। रणतूर—रणतूर्य—रण वाद्य विशेष। वायें—बजने पर। निवड़—अधिक, भयंकर। घड़—सेना। परिणवा—परिणय करने। आभि लागौ—आकाश से जा लगा। कांमि आयौ—काम आया, मारा गया।

२. घड़ै—शरीर, पक्ष। ध्रू—ध्रुव, अटल। जिसैं—जैसे। धजवड़ हथौ—खड्गधारी वीर। अरीयण—शत्रु। वाहतौ—प्रहार करता। धार—तलवार, शस्त्र की धार। भारि—वजन। आखाढ़सिंघ—युद्ध कला में प्रवीण। वौम लगे—आकाश तक। वाधीयौ—बढ़ा। जुधवार-युद्ध के समय।

३. अभिनमौ—अभिनव। रयण—रणमल्ल (?)। सूर—सूर्य। ऊगौ-उदित हुआ। प्रघट—प्रकट। प्रिसणां घड़ा—शत्रु सेना। पतंग रा—सूर्य के। पुड़—तल, लोक। पूगौ—पहुँचा।

४. अखीयात—अक्षय यश वार्ता। कळह—युद्ध। सत्र—शत्रु। पाड़—पटक कर, मार कर। कूंता—कुन्ति, भाला। पाधारीयौ—पधार गया। हंस—प्राण। हरि हंस रा—सूर्य लोक। हूंता-से।

६९ गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

सिव आगीं सकति पयंपै सांचौ, सारि चडावे घणा सत्र ।
पिड़ि पांडवां न सकीयै पूरे, पीथल ताई पूरीया पत्र ।।१।।
माहाभारथि मेड़तै प्रिथीमल, घट थट चाढ़ेय लोहि घणै ।
अरिजण आगा रहिया आधा, ताइ पत्र भरीया जैत्र तणै ।।२।।
खवीयां जेह अढ़ारह खोहणि, आधी रहीया तां आगांह ।
चौसटि खापरि भरीया चळूवळी, हेकण कमंध तणी हथवाह ।।३।।
सुरे नरे सारां कहीयौ समहरि, हींदू नमौ तुहाळा हाथि ।
सलखाहरा तणै म्रत श्रोणी, सकति तणौ सौह धायौ साथि ।।४।।

—रायमल खिड़िया रौ कह्यौ

---

६९. गीतसार—उपरांकित गीत राठौड़ वीर पृथ्वीराज जैतावत पर रचित है। गीत में कवि ने पार्वती और शिव के परस्पर वार्तालाप के माध्यम से गीतनायक की युद्ध-वीरता की सराहना की गई है। कवि वर्णन करता है कि पार्वती शिव से सत्य ही कह रही है कि आज तक अनेक युद्ध लड़े गए हैं और कितने ही योद्धाओं का शस्त्रों से प्राणान्त हुआ है। महाभारत जैसे विकट युद्ध में पाण्डवों द्वारा खप्पर पूर्ण नहीं किया जा सका था लेकिन पृथ्वीराज ने मेड़ता के युद्ध में उस खप्पर को रक्त से पूर्ण कर दिया।

---

१. आगीं—सामने, समक्ष। सकति—शक्ति, पार्वती। पयंपै—कहती है। सारि—अस्त्र शस्त्र, तलवार। घणा—घने। सत्र—शत्रु। पिड़ि—युद्ध में, महाभारत में। न सकीयै—नहीं कर सके। पूरे—पूर्ण। पीथल—पृथ्वीराज ने। ताइ—वह, उस। पूरीया—पूर्ण किया, भर दिया। पत्र—पात्र, खप्पर।

२. प्रिथीमल—पृथ्वीराज। घट थट—सैन्य समूह, शरीरों का समूह। चाढ़ेय—चढ़ाये। लोहि—लोहा, शस्त्र, लोहू। अरिजण—अर्जुन पाण्डव। आगा—आगे, पूर्व। भरीया—परिपूर्ण किया। जैत्र तणै—जैतसिंह तनय ने।

३. खवीया—खाये, आहार किये। जेह—जो, धनुष की डोरी। अढ़ारह खोहणि—अठारह अक्षोहिणी सेना। आगांह—आगे। चौसटि—चौसट चण्डिकाएँ। खापरि—खप्पर। चळूवळि—लोहू। कमंध—राठौड़। हथवाह—हस्तप्रहार, हाथ के वार।

४. सारां—समस्तों ने। समहरि—युद्ध। तुहाळ—तुम्हारे। सलखाहरा—राव सलखा से वंशोत्पन्न। श्रोणी—लोहू। सौह—समस्त। धायौ—तृप्त हुआ। साथि साथ वाले।

७०. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

अनिकारा ऊवंध वहैं अमग दिसि, जम संकळि तांणतां जगि ।
पीथल किम लोपै परोयावट, पिड़ि वंधण वंधीयौ पगि ।।१।।

सैंधै मुहे जुरणि सांकळीयौ, अखई हरा भुजे अनमंध ।
लाज तणौ वंधण पग लागौ, वंधण किम लोपं सत्रवंध ।।२।।

माल सुछळ सड़ ववेउ मेड़तै, जावौ निवहि निबंध जण ।
पिडि संकळ संकळीयौ पोथल, पीथल सकळीया प्रिसण ।।३।।

सांमिज मेल्है विमुहि संचरै, आऊ गमण करै उरि अंध ।
तैं जगि अव वरण तणै जैतावत, बंध निरवाहि हूवौ निरवंध ।।४।।

—रामां सांदू रौ कह्यौ

---

७०. गीतसार—गीत में गीतकार ने गीतनायक पृथ्वीराज की वीरता की सराहना करते हुए लिखा है कि अन्य वीर कहे जाने वाले योद्धा यमराज के पाश में वंध कर अगम्य दिशा में प्रयाण करते हैं, किन्तु पृथ्वीराज अपनी कुल-परम्परा का कैसे उल्लंघन कर सकता है ? क्योंकि उसके पैर तो कुलमर्यादा के गौरव और युद्धपरम्परा से आवद्ध है । अतः वह तो युद्ध में प्राण त्याग कर बंधन-मुक्त हो गया ।

---

१. अनिकारा–योद्धा, अन्य । ऊवंध–वंधन रहित, मर्यादा भंग करते हुए । वहैं–चलते हैं । अगम दिसि–दुर्गम दिशा । जम संकळि–यमराज का पाश । तांणतां–खींचते लोपै–उल्लंघन करे । परीयावाट–पीढ़ियों की मर्यादा । पिड़ि–युद्ध । पगि–पैर ।

२. सैंधे–जानते पहचानते । मुहे–मुख, सामने । जुरणि–जरा, मृत्यु । सांकळीयौ–लोह शृंखला से वंधा हुआ । अखईहरा–अखैराज का पौत्र पृथ्वीराज । अनमंध–जिसे कोई बांध नहीं सकता, निर्बंध । लाज तणौ–लज्जा का । वंधण–वंधन, रस्सा । सत्रवंध–शत्रुओं को बांधने वाला, शत्रुओं का वंधन स्वीकार कर ।

३. माल–राव मालदेव जोधपुर । सुछळ–युद्ध । ववेउ–बढ़ कर, कटवा कर । निर्वाहि–निभाकर, वहनकर, समूह । निवंव–निर्बंध, मुक्त । संकळ–जंजीर । संकळियौ–बंधा हुआ । संकळीया–बन्दी बनाये । प्रिसण–वैरी विरोधी ।

४. सांमिज–स्वामी को, सामने से । मेल्है–छोड़कर जावें । विमुहि–विमुख, विरुद्ध । संचरै–चले, गमन करे । आऊ–आयु । गमण–विताना, खोना । उरि–हृदय का । निर्वाहि–निर्वहन करे । निरवंव–मुक्त ।

७१. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

हरि माळ रंभ तोडर हीचंतौ, धीर चलण चंपतौ धड़।
सिंदूरीयौ प्रिथीमल सोहै, घाइ डहळी डोहतौ घड़ ॥१॥
नीग्रहि वहि राठौड़ निहसतौ, निवहि निडारि बांधीयै नेत्ति।
जळ दळ प्रघळ डोहि जैताउति, खळभळ रतन कीया रणखेत्रि ॥२॥
पिड़ि मांझी चुणतौ पांणीहंड, वीर कळोधर सूध वंस।
पीथल क्रम अरि सिरि परठवतौ, हिलियौ सांम्हौ सेन हंस ॥३॥
वडै संग्रामि हालीए विहंगे, वप धीरठ तन हार विहार।
आठी सीप घडा भंजे अरि, अखाहरौ विवनौ ऊदार ॥४॥

—रामा सांदू रौ कह्यौ

---

७१. गीतसार—उपरांकित गीत में कवि ने गीतनायक पृथ्वीराज को हंस तथा शत्रुओं के घटों को मोती उपमित कर युद्ध रूपक की रचना की है। कवि कहता है कि पृथ्वीराज रूपी हंस शिव माला (नर मुण्ड) अप्सरा और पदाभूषण (टोडर) को घसीटता हुआ शत्रुओं के शरीर को रौंदता चलता है। वह रक्त रंग में सना हुआ यों शत्रु सेना का मंथन करता शोभा पाता है।

---

१. हरि—शिव, प्राणवायु। माळ—माला। रंभ—अप्सरा। तोडर—राजा द्वारा प्रदत्त प्रतिष्ठा सूचक स्वर्ण पदाभूषण। हीचंतौ—घसीटता हुआ। धीर—हंस, योद्धा। चलण-पैर। चंपतौ-रौंदता। धड़—धट, बिना सिर के शरीर। सिंदूरियौ—रक्त-रंजित। सोहै—शोभा पाता है। घाइ—घायल। डहळी—तलवार। डोहतौ—विलोड़न करता, नाश करता। घड़—सेना।

२. नीग्रहि—दमन करता रोकता हुआ। वहि—चलता। निहसतौ—संहार करता, प्रहार करता। निवहि—समूह, निर्वहन करता। निडारि—निडर। नेत्ति—वीरता के प्रतीक स्वरूप भुजाभूषण। जळदळ—जलरूपी सेना। प्रघळ—अपार। डोहि—मथ-कर। खळभळ—विचलित। रण खेत्रि—युद्ध क्षेत्र।

३. पिड़ि—युद्ध। चुणतौ—चुनता। पांणीहंड—मोती। वीर कळोधर—राव वीरम का कुलदीपक। क्रम—पैर। अरि—शत्रु। परठवतौ—धरता हुआ। हिलियौ—चला। सांम्हौ—सामने।

४. विहंगे-पक्षी, हंस। वप—शरीर। धीरठ—हंस। हार विहार—आहार विहार। सीप घड़ा—सीप रूपी सेना। भंजे—नाश करके। विवनौ—मारा गया, मृत्यु को प्राप्त हुआ।

७२. गीत राव प्रिथीराज जैतावत बगड़ी रौ

पूरिसातन नमौ तुहाळा पीथल, पिड़ि वाहंतां चंद्रप्रहास ।
चळण तणौ बलि चील चांपीयौ, असिमर ऊकसीयौ आकास ॥१॥

जोर जुतैं कीयौ जैतावत, खळ सिरि वाहंतां खड़ग ।
पुड़ ऊपड़े मुहे पड़ियालग, पांए चांपांणी पनंग ॥२॥

अखईहरा जुतैं अतुळीवळ, अति सूरति दाखीयौ अभंग ।
नग मांडीया नाग सिरि निसिचळ, नल व्रंन ऊपड़ीयौ नहंग ॥३॥

वासिग ब्रहमंड वैरि वहंतैं, पगि पडियाळगि पीड़वीया ।
२०५. गीतसार– उक्त गीत में जोधपुर के दुर्गपाल औनाड़सिंह पंवार की रण-वीरता तथा शत्रुओं का नाश करते हुए वीरगति प्राप्त करने का वर्णन है। मारवाड़ के आउवा स्थान पर सन् १८५७ ई. में औनाड़सिंह ने अंग्रेजों की सहायता करते हुऐ स्वातंत्र्य वीरों से लोहा लेकर मृत्यु प्राप्त की थी। औनाड़सिंह जोधपुर की अंग्रेज-भक्त सेना का उच्चाधिकारी भी था।

---

१. प्रळैकाळ ज्यूं–प्रलयकालीन। अथागौ–अथाहता, शीघ्रता। धाड़वे–दौड़कर, तत्परता से धावा मारकर। थापले पीठ–जोश दिलाने के लिए पीठ पर थपकी मारना, शाबासी देना। राग बागी–राग बजी। सिंधुवी–सिंधु रागिनी। चाडवे–रुचि सहित। राड़–युद्ध। लूंण पांणी–नमक और जल, स्वामिधर्म। धीयागाँ लागौ–शस्त्र प्रहारों से लगकर, शस्त्रधाराओं के लगकर। भागलां–भगने वालों के। औनाड़–औनाड़सिंह।

२. थाट–सेना। भांजे–ध्वंस कर। फिरंगाण–अंग्रेजों से। कोपियौ थकौ–कुपित हुआ। काळालोक–भारतीय लोग, क्रांतिकारियों। लोपियौ–उल्लंघन किये हुए। बहै–चलते हैं। कार–मर्यादा। भार भारां–भारी दायित्व। जोपियौ–जोश में भरा हुआ। ऊंडौ–गहरा। रोपियौ–रोपा, दृढ़ता से स्थिर किये हुए।

आडा जीत भूप रै भागतां दळां हुवौ आडो,
धमाई नाळियां मतै गाढ़ौ सार धार ।
जंगां काळा लोक रौ पड़ंतां भार जठै जाडो,
काम आयौ उठै फौजां लाडो किलादार ॥३॥

मांटी पणौ स्यामध्रमो दिखायौ पंवारां मौड़,
चंदनामो प्रथी धू रखायौ चहुंकूंट ।
वारंगनां बधायौ विवाणां चढ़ै अे णवार,
वीढ़ाण ऊजळी धारां सिधायौ वैंकूंट ॥४॥

---

३. आडाजीत–शक्तिशाली, वीर। आडो–रक्षक, सामने। धमाई–चलवाई। नाळियां–तोपें। मत्ते–उन्मत्त, मन से। सार धार–शस्त्र की धाराएं। जठै–जहां। जाडो–सघन, अधिक। लाडो–दूल्हा।

४. मांटी पणौ–मर्दानगी। स्यामध्रमो–स्वामिधर्म। मौड़–सिरमौर। चंदनामो–कीर्ति। धू–शीश, ऊपर। चहुंकूंट–चारों दिशाओं में। वारंगनां–अप्सराएं। बधायौ–स्वागत किया। अेणवार–इस समय। वीढ़ाण–युद्ध। ऊजळी धारां–तलवारों के प्रहारों से। सिधायौ–प्रस्थान कर गया।

२०६. गीत सिंघवी भींवराज जोधपुर रौ

थूरै खामा दहूं राहां दिलेस व्हैं तावीन थायौ,
महो खेहां डंमरां मिळायौ आसमान ।
आम्बेर ऊथापवा पटेल दळा साज आयौ,
जोरावार देख मनां अभायौ जिहांन ॥१॥

महाबाह ऊमरा सकज्जां मंत्र धारा मिळे,
राजा लिखै प्रताप अरज्जां अेह रीत ।
अजीतसाह आगै ही जैसींघ नै ऊबेळीयौ,
ज्यूं अबैही ऊबेळ कीजै बीजाई अजीत ॥२॥

---

२०६. गीतसार—ऊपर लिखा गीत जोधपुर नरेश विजयसिंह के सेनापति भीमराजसिंघवी की युद्ध- वीरता का बोधक है। जयपुर पर माधवराव पटेल ग्वालियर वालों के पूर्वज ने जब आक्रमण किया तब महाराजा सवाई प्रतापसिंह ने जोधपुर से सैनिक सहायता चाही। महाराजा विजयसिंह ने गीतनायक के नेतृत्व में राठौड़ों को सेना भेजी थी। गीत में मरहठों की सेना को पराजित करने तथा अजमेर का किला उनसे छीन लेने का भी उल्लेख है।

---

१. थूरै—कांपते हैं। दहूं राहां—हिन्दू और मुसलमान दोनों धर्मों वाले। दिलेस—वादशाह। तावीन—मातहत। थायौ—किया हुआ। मही—भूमिलोक। खेहां डंमरां—धूलि समूह। आम्वेर—कछवाहों की प्राचीन राजधानी, आमेर नगर। ऊथपवा—उलटने, संहार करने। पटेल दळां—माधव राव अथवा महादाजी पटेल की सेना। साज—सजकर। मनां—मनमें। अभायौ—अप्रिय लगा। जिहांन—संसार को।

२. महाबाह—महावाहु, वीर। ऊमरा—उमराव। सकज्जां मंत्र धारा—सप्रयोजन मंत्रणा के लिए। प्रताप—महाराजा सवाई प्रतापसिंह कछवाहा जयपुर। अरज्जां—निवेदन। अेहरीत—इस प्रकार। अजीतसाह—महाराजा अजितसिंह जोधपुर ने। आगै ही—पहिले भी। जैसींघ—महाराजा सवाई जयसिंह को। ऊबेळीयौ—बचाया था, रक्षा की थी। अबै ही—अब भी। ऊबेळ—रक्षा। बीजाई अजीत—द्वितीय अजितसिंह तुल्य विजयसिंह।

प्रभु चै प्रताप विजैसाह हिंदवांण पत्ती,
तई बत्ती सुणन्ता ऊससे सिरताज ।
कुरम्माण धरत्ती राखिवा तत्ती जैतकाज,
रैणा रूप मदीठौ भेजीयौ भीवराज ॥३॥

बाजे डाक त्रम्बाळा सालुळे महावीर वंका,
धैधींग असंका भुंइ मंडे सूर धीर ।
इंद रौ पारंभ लीधां कूरमाण बेळ आयौ,
वखतेसनन्द रौ दीवाण महावीर ॥४॥

हैं खुरां धमस्सा वागी मचोळां भूगोळ हल्ले,
गरद्दां झवोळां चौतरफ झल्ले गैण ।
अठी माधवेस प्रथी जैत आण आवाजीयौ,
महावाह भीभ जैण गाजीयौ भीमेण ॥५॥

---

३. प्रभु चै—स्वामी के । विजेसाह—विजयसिंह । हिंदवांण पत्ती—हिन्दू समाज के स्वामी । तई बत्ती—आततायी की बात, तप्त वचन, क्रुद्ध बचन, तुम्हारी बात । ऊससै—जोश में उफन कर । कुरम्माण धरत्ती—कछवाहा राज्य, ढूंढ़ाड़ देश । तत्ती—त्वरा पूर्वक । जैतकाज—विजय के कार्य हेतु । मदीठौ—मदमस्त ।

४. बाजे—ध्वनि करें । डाक त्रम्बाळ—डाक और नगाड़े, वाद्ययंत्र। सालुळे—चले, रवाना हुए । वंका—वांकुरे । धैधींग—जबरदस्त, हाथी । असंका—आशंका । भुंइ—भूमि । इंदरौ—चन्द्र का, चन्द्रवंशीय । कूरमाण—कछवाहों की । वेळ—सहायतार्थ, रक्षाहित । वखतेसनंद रौ—महाराजा वखतसिंह के पुत्र महाराजा विजयसिंह का ।

५. हैं खुरां—घोड़ों के सुमों से । धमस्सां—ध्वनि विशेष । वागी—हुई, वजी । मचोळां—अनवरत एक वार ऊपर और एक वार नीचे हिलने की क्रिया का भाव । हल्ले—हिलना । गरद्दां—धूलिसमूह । झवोळां — धूलिमिश्रित वायु के प्रवल प्रवाह से । झल्ले—फैलकर । गैण—आकाश । अठी—इधर । माधवेस—महादाजी पटेल । प्रथी जैत—पृथ्वी को जीतने वाला । आण—आकर । आवाजीयौ—गर्जने लगा । जैण—जिससे, जैसे । गाजीयौ—गर्जने लगा । भीमेण—भीमराज सिंघवी ।

तसां फिरंगाण तेरै हजार धुबक्की तोपां,
कड़क्की बीजळा रुद्र तोपां प्रळै काळ ।
ऊजाळवा नवां कोटां सताबां हरौळ आगै,
राळीया जा अराबां ऊपरै बाजराज ॥६॥

मारवाड़ा वीर चौतरफां मार मार मच्चे,
तई जंग जोबा भाण खंचे सपतास ।
खागां भींक देबा काज भीम मेळीया जोस खाथै,
बांकड़ा गनीमां माथै भेळीया ब्रहास ॥७॥

वीर हाक जोगणी हजारां खागां धारां वागी,
चमू गजां भिड़ज्जां दुसारां चूर चूर ।
अथागो भाराथ सुं दीवाण विजैसाह वाळो,
सतारा नाथ सूं खाग वागो महासूर । ८॥

---

६. तसां—उसी ओर, उसी प्रकार । फिरंगाण—अंग्रेज फ्रांसिसि सेनाएं । धुबक्की—छूटने लगी, ध्वनि करने लगी । कड़क्की—कड़ड़ कड़ड़ की ध्वनि । बीजळां—विद्युत-सी । रुद्र—भयानक । प्रळै काळ—प्रलयकालीन । ऊजाळवा—कीर्तिमान् करने । नवां कोटां—मारवाड़ राज्य को । सताबां—शीघ्रता से । हरौळ—सेना की अग्रिम पंक्ति । राळीया—पटके, डाले । अराबां—तोपखाना, तोपें । बाजराज—घोड़े ।

७. मार मार मच्चे—मारो मारो का कोलाहल हुआ । तई—उस समय । जोबा—देखने के लिए । भाण—सूर्य । खंचे—खींचा । सपतास—सप्ताश्व को । खागां भींक—तलवारों की चोटें । देबा काज—देने हेतु । खाथै—जल्दी से । गनीमां—बैरियों । माथै—पर । भेळीया—मिलाये । ब्रहास—घोड़ ।

८. वीरहाक—वीरों की ललकार, बावनवीरों की ललकारें । जोगणी—देवी । खगधारां—खड्गधारा । वागी—बजी । चमू—सेना । भिड़ज्जां—घोड़े । दुसारां—भालों से । अथागो—अगाध, अथकित । भाराथ—युद्ध । सतारानाथ सूं—पूना-सतारे के राजा से, मरहठा नरेश से । खाग वागो—तलवारें बजाने लगा ।

कुंत बाण कबाण बेधके वंका बीर केई,
लोटणा पख ज्यूं लुटै केई रीठ लेर ।
धैंधींग ऊपटे केई अथां वगो विरद्दां धारू,
वागा मारू मारहठी कट्टा जैण वेर ॥९॥

भाण मागां गरद्दां कायरां माण पाण भागा,
भीड़े रूकां ऊनागां वीराण बाण भींठ ।
लोहा झाट देतै भुजांडंडां आसमाण लागा,
रूघाहरी सींधीरांण वागा आकारीठ ॥१०॥

विधूसै खाग हूं फिरंगाण रा चौवड़ा वाड़ा,
घेतळां ऊवेड़ जाड जोड़ जोस घटेल ।
जोरावार अथायो आघात री देखतां जूझ,
मांण छंडे भागो आधीरात री पटेल ॥११॥

---

९. कुंत वाण—भाले और तीर, भाले और बन्दूकें । कवाण—धनुष । वेधके—विध्य होकर । केई—कई, अनेक । लोटणा पंख—गिरह बाज कबूतर पक्षी । लुटै—लौट गए, भूलुण्ठित हो गए । रीठ लेर—चोटें खाकर । धैंधींग—जबरदस्त, हाथी । अथां—अथाह । धारू—धारण कर्त्ता । मारू—मारवाड़ के वीर । मारहठी—महाराष्ट्रीय । कट्टा—दुर्धर्षवीर, लड़ाकू । जैण वेर—जिस समय ।

१०. भाण मागां—सूर्यपथ, आकाश मार्ग । गरद्दां—धूलिराशि । माण पाण—सम्मान और लज्जा । भीड़े—भिड़ाकर । रूकां—तलवारें । ऊनागां—नग्न । वीराण—वीर । बाण भींठ—तोपों को स्पर्श कर । लोहा झाट—शस्त्रों के प्रहार । भुजांडंडां—भुजदण्ड । लागा—छूने लगे । रूघाहरी—रघुनाथ का पौत्र भीमराज । सिंधीरांण—सिंधियों का राजा, महादाजी पटेल । आकारीठ—युद्ध, घमासान युद्ध ।

११. विधूसै—विध्वंस करे । खाग हूं—तलवार से । फिरंगाण रा—फिरंगियों का । चौवड़ा वाड़ा—चार पंक्तियों का घेरा । घेतलां—प्रहारकों का । ऊवेड़—संहार कर । जाड जोड़—घने आदमियों का समूह । घटेल—शरीर, कमीवाले । अथागो—अथाह । आघात—प्रहार । जूझ—युद्ध । मांण—प्रतिष्ठा । छंडे—छोड़कर ।

लाखां माल गयंदां सहेत डेरा लूट लीधा,
सबोल धणी रा कीधा लिक्खमां सुजाव ।
जीतौ देस देस नै दिलेस नै गांजीयौ जैण,
तैण माधवेस नै भांजीयौ रूकां ताव ॥१२॥

हिन्दू पातसाह बिजैसाह री तपस्यां हूंतां,
राड़ाजीत दूनी साल में दीयौ अरेह ।
राजा प्रताप चौ घिरै जिहांन भाखीयौ सारै,
अंबानैर वाळौ राज राजा राखीयौ अबीह ॥१३॥

बजावे जैत रा जांगी मिळावे अच्छरां वरां,
रूकां धारां धपावे घेतलां चौ वीर रीत ।
अज्जमेर कीलो अच्छेहरी धरा लीधी अं ही,
जैतवादी सींघवी तेहरी राड़ांजीत ॥१४॥

कूरमाण प्रताप चौ सारौ रोग काट आयौ,
तई सेन लोहां लाट आयौ सरताज ।
खावंद चा सबोल बाला सारी धरा खाट आयौ,
राड़ाजीत थाट पाट आयौ भीमराज ॥१५॥

---

१२. गयंदां–हाथियों । डेरा–शिविर । धणी रा स्वामी के । लिक्खमां–लिखम का । जीतौ–विजय किया । गांजीयौ–गंजित किया । जैण–जिसने । तैण–उस । माधवेश–महादाजी । भांजीयौ–भंग किया । रूकां ताव–तलवार के आतप से ।

१३. हूंतां–से । राड़ाजीत–युद्ध में विजय कर । अरेह–निष्कलंक, शत्रु । भाखीयौ–कहा । सारै–समस्त । अंबानैर–आमेर । अबीह–निडर ।

१४. जैतरा–विजय का । जांगी–नगाड़े । वरां- दूल्हे । धपावे–तृप्त करे । कीलो–किल्ला । अच्छेहरी–श्रेष्ठ । सींघवी–सिंघवी भीमराज ।

१५. सारौ–समग्र । रोग–बिमारी, संकट । खावंद चा–स्वामी का । थाट पाट–सज-धजकर, वैभव प्रकट करता हुआ ।

२०७. गीत कविराज भावानीदान कोटा रौ

करण उपगार सदा हितकारी, कविजण लागै मीढ़ किसा ।
आवै नजर आसतीराळा, जौतां पात भुवान जिसा ॥१॥

देवाहरा ऊजाळी दांनत, घैंच अरिहर माण घणा ।
वसुधा सीस अजै छत वरतै, तालाबर संकरेस तणा ॥२॥

अधक परताप राण महियार्‌यां, जग सोभा अप्रमाण जपै ।
लीधां लाज डांणराह लाणौ, तूंहणपुर आथाण तपै ॥३॥

प्रभता पूर बधी दधि पाजां, चित साजां दिन रात चहै ।
सुकव्या आथ अवै जस काजां, राजां सिर आतंक रहै । ॥४॥

—मंगळजी मोतींसर नगरी रौ कह्यौ

---

२०७. गीतसार— उपर्युक्त गीत भूतपूर्व कोटा राज्य के राजकवि भवानीदान महियारिया तुणपुर की उदारत से सम्बद्ध है। गीतकार ने गीतनायक के दान की सराहना करते हुए कहा की वह यश के लिए सुकवियों को द्रव्य देता है। उसकी उदारता से नरेश भी आतंकित बने रहते हैं।

---

१. उपगार—उपकार । मीढ़—बराबरी में । आसतीराळा—आस्तिकता वाला । जीतां—देखते । पात—पात्र, कवि । भुवान—भवानीदान । जिसा—जैसा ।

२. देवाहरा—देवा का पौत्र । ऊजाळी—उज्ज्वल की, प्रसिद्ध की । दानत—वदान्यता । घैंच—हाँक कर, घसीटकर । अरिहव—वैरी । माण—सम्मान । घणा—घना । अजै—अद्यावधि । छत—छत्र, राजत्व । वरतै—व्यवहृत होता है । तालाबर—भाग्यशाली । संकरेसतणा—शंकरदान का पुत्र कविराजा भवानीदान ।

३. महियारियां—चारणों की महियारिया शाखा का भवानीदान । जपै—वर्णन करता है । लीधां लाज—लज्जा लिए हुए । डांण राह—दान की राह, उदारता का पथ । तूंहणपुर—तूनपुर । आथाण—स्थान । तपै—राज्य करता है । पूर—पूर्ण । वधी—बढ़ी फैली । दधि पाजां—समुद्रों पर्यन्त । साजां—चंगा, उदार । सुकव्या—उत्तम कवियों । आथ—अर्थ, धन । अवै—देता है । जस काजां-कीर्ति की कामनां से । आतंक—भय, डर ।

२०८. गीत कलियाणसिंघ वैरीसिहोत रौ

असमर कै वार पाड़ीयां ऊठे, बाही हाथ भाराथ वरै ।
तौ जिम तिकै कहिजै ताता, कला पराक्रम जिकै करै ।।१।।

म्रत मुर वार धरण गै माथै, भांज भांज सांधै भाराथ ।
दलां रज हुवे भाण दूसरा, हद जांणिजेज बाहे हाथ ।।२।।

मार मरणगां धरण मेळिया, घड़ मचकोड़ वार घणा ।
सूर सधीर सामंतां सरखा, ताइ बदजै वैरसी तणा ।।३।।

कळि ऊबरै मरै साको कर असमर खग खेले अचड़ ।
रूप कळोधर जिसां रावतां, धप खेवजे पूजजे घड़ ।।४।।

—माला सांदू रौ कह्यौ

---

२०८. गीतसार—उक्त गीत क्षत्रिय वीर कल्याणसिंह की असीम वीरता और शौर्य-प्रदर्शन का प्रतिबोधक है। गीतकार का कथन है कि कल्याणसिंह युद्ध भूमि में तलवारों के आघातों से अनेक बार गिर कर उठता था। कलयुग में ऐसे वीर ही मरकर अमर कीर्ति प्राप्त करते हैं। कल्याणसिंह को वीरों के सदृश तथा देवतुल्य मानकर धूप दीप करके पूजा की जानी चाहिए।

---

१. असमर—तलवार। कै वार—कई वार। पाड़ीयां—गिरकर पड़ने पर। बाही—प्रहार की, चलाई। भाराथ—युद्ध। जिम—ज्यों। तिकै—वे। ताता—फुर्तीले, उतावले। कला—कल्याणसिंह। जिकै—वह, वे।

२. म्रत—मृत। मुर वार—तीन दफा। धरण—पृथ्वी। गै—गज, गया। माथै—सिर। भांज भांज—भंजन कर, तोड़ कर। सांधै—जोड़े। रज—क्षत्रियपन, धूलि। भाण—गीतनायक के पूर्वज का नाम। हद—सीमा, बेहद। जांणिजेज—जानी जाती है। बाहे—प्रहार।

३. मरणगां—मारने वालों को। धर मेळिया—धराशायी कर दिये, मिट्टी में मिला दिये। घड़—घट, शरीर। मचकोड़—मच मचा कर। घणा—घना, अधिक। सरखा—सदृश। ताइ—उन, इससे। बदजै—शाबास कहिये, वाह वाही दीजिए। तणा—पुत्र, का।

४. कळि—कलियुग में। ऊबरै—बचे, शेष रहे। साको कर—युद्ध कर, साका कर। असमर—तलवार का युद्ध।

२०९. गीत भीमराज भटनेर रौ

सुरतांण फौज असमांन सीधड़ो, सेहर डडीया पडियौ सेर ।
सादां जिसी वार सादूळां, भीमराज तूटौ भटनेर ॥१॥

ऊभे थकै न वैठौ ऊपर, वडिया जो पड़ीयै बिहळ ।
भूरज भटनैर तणी भीमड़े, सीधे लीधा रायसळ ॥२॥

असी रावतां सिलह ऊतरे, वीसा सौ विढ़ पड़े खिवांण ।
मन जीतो जातो जांणीयौ मनोहर, राण तणौ पड़ीयै आरांण ॥३॥

हर कोई दीयै पोळियां हाथां, चंद्रहासां चित्रियौ चढ़े ।
कोई भीमड़ा तणी पर करज्यो, गढ़ सिरवां तूटते गढ़े ॥४॥

खत्रियां गुर नमौ खड़ग सिध खीमां, पोत तुहाळी तणौ प्रमांण ।
वासण इम देसौत विरड़ियौ, सुपह पिछम दिली सुरतांण ॥५॥

---

२०९. गीतसार—उपर्युक्त गीत भटनेर के शासनाधिकारी भीमराज से सम्बद्ध है। भीमराज ने शाही सेनानायक राजा रायसल शेखावत और राव मनोहर शेखावत के भटनेर पर आक्रमण करने पर वीरता के साथ उनका सामना किया और अस्सी रावत पदवीधारी तथा एक सौ वीस योद्धाओं सहित घमसान लड़ाई की।

---

१. असमान—आकाश। सेहर—शिखर। सादां—प्रकार। वार—समय। सादूळां—सिहों। तूटौ—टूट पड़ा, भिड़ा। भटनेर—भटनेर नामक दुर्ग पर।

२. ऊभे—खड़े, सावित रहते। थकै—रहते हुए। बिहळ—विह्वल। भूरज—बुर्ज। तणी—की।

३. सिलह—जिरह बख्तर। वीसा सौ—एक सौ बीस। विढ़ पड़े—लड़ मरे। खिवांण—विमान। आरांण—युद्ध।

४. दीयै पोळियां—दरवाजे बन्द किए। चंद्रहासां—तलवारों। चित्रियौ—चित्रित, घायल। भीमड़ा—भीमराज। पर—तरह, सहायता। सिरवां—सिरपर, ऊपर।

५. खत्रियां गुर—श्रेष्ठ क्षत्रिय। खड़ग सिध—खड्गसिद्ध, वीरवीर। खीमां—खेमसिंह। तुहाळी—तेरी, तुम्हारा। इम—इस प्रकार। देसौत—देशपति। सुपह—राजा, योद्धा। दिली—दिल्ली।

२१०. गीत राजा हरसाय खत्री जैपुर रौ

दर कूंच खड़े अड़े जुध कारण, स्याम ध्रम जळ चाढ़ि सवाय।
कूंभाथळां बाहे केवाणां, हरि मिंदर पोहतौ हरिसाय ॥१॥

राजा रौ लूण उजाळे राजा, भोज आमेरे निवाहण भार।
पाट हरामी जाट पधारे, जुध छाडे नीसरियौ जुवार ॥२॥

समर मेळे भागो सूजावत, भिड़ खत्री जीतियौ भाराथ।
संकर तणा उपासी संवरि, सालो न वणै ही साथ ॥३॥

मह पती माधो तणा मुसद्दी, चंद जस नाम कियै चहु कूंट।
चढ़ि अणी-धारां रथे चढ़िया, वर अच्छरि वसिया वैकूंट ॥४॥

---

२१०. गीतसार—उपर्युक्त गीत राजा हरसहाय खत्री जयपुर पर कथित है। हरसहाय-महाराजा सवाई माधवसिंह प्रथम जयपुर का फौजवक्षी था। उसने भरतपुर के राजा जवाहरमल जाट के साथ तंवरावाटी के माउण्डा स्थान पर युद्ध विजय प्राप्त कर वीरगति पाई थी। माउण्डा की पराजय से जवाहरमल का राजस्थान से प्रभाव समाप्त हो गया था।

---

१. दर कूंच—मंजिल दर मंजिल। खड़े—प्रस्थान कर। अड़े—सामने आकर भिड़े। स्याम-ध्रम—स्वामीधर्म। जळ—कांति। सवाय—सवाई, अधिक। कूंभाथळां—गजमस्तकों। वाहे—प्रहार करके। केवांणा—तलवारें। हरि मिंदर—स्वर्गलोक। पोहतौ—पहुंचा, गया।

२. लूण—नमक। उजाळे—उज्ज्वल कर। भोज—हुआ। निबाहण—निभाने वाला। भार—दायित्व। पाट—सिंहासन का। जाट—राजा जवाहरमल्ल जाट भरतपुर। नीसरियौ—रणभूमि का त्याग कर भाग गया। जुवार—राजा जवाहरसिंह।

३. समर—युद्ध। मेळे—मिलते, दोनों ओर से युद्धारंभ होते। भागो—भाग गया। सूजावत—राजा सूरजमल्ल का पुत्र। खत्री—जयपुर का सेनानायक हरसहाय खत्री। जीतियौ—विजय किया। भाराथ—युद्ध। उपासी—उपासक। संवरी—संबर, भील (?)।

४. महपती—महाराजा। माधो—माधवसिंह जयपुर। चंद जस नाम—अमर कीर्तिनाम। चहु कूंट—चारों दिशाओं में। अणीधारां—शस्त्रों की नोकें। अच्छरि—अप्सरा। बसिया—निवास किया। वैकूंट—स्वर्ग-लोक।

२११. गीत आपा मरहठा दिखणी रौ

अंजस कर घणां उताळा आया, कहता पळ में अमल करां ।
मुसकल हुई मरायौ मांझी, घोडां नूं जावणौ घरां ॥१॥

आया लाख सवाळख आगै, लाख तणौ न रहयौ लवलेस ।
दीठा देस घणांई दिखण्यां, अहपुर नूं कीधो आदेस ॥२॥

डोढ़ बरस रहिया लग दोळां, रौळा कर कर थाक रहे ।
चक्र अदीठ विजै चक्रवत रा, वैरहरां ऊपरां वहै ॥३॥

जळ में किला मेलिया ज्यारां, त्यारां भला उतारे तौर ।
नरपतियां ओपम नवकोटां, नवकोटां ओपम नागौर ॥४॥

---

२११. गीतसार—उपर्युक्त गीत राव जय अप्पा सिंधिया पर रचित है । जयअप्पा ने जोधपुर के महाराजा विजयसिंह पर आक्रमण कर मेड़ता में जोधपुर की सेना को पराजित कर नागौर पर घेरा लगा दिया था । नागौर के दो राजपूतों ने छलाघात से जयअप्पा को मार दिया था । गीत में जय अप्पा के नागौर में मारे जाने का वर्णन है ।

---

१. अंजस—अभिमान । घणां—घने । उताळा—शीघ्रता से । पळ में—क्षण मात्र में । अमल—अधिकार । मांझी—मुखिया ।

२. सवाळख—सवा लक्ष, सपादलक्ष देश, नागौर प्रान्त का प्राचीन नाम । आगै—सामने । दीठा—देखे । घणांई—बहुतेरे । दिखण्यां—दक्षिण वालों ने, मरहठों ने । अहपुर—अहिपुर, नागौर । आदेस—नमस्कार ।

३. लग—लगे हुए, तक । दोळां—चारों ओर, पीछे पड़े रहे । रोळां—लड़ाई, झगड़े बखेड़े । थाक—थक । चक्र अदीठ—अदृश्य चक्र । विजै—विजयसिंह । चक्रवत रा—चक्रवर्ती राजा का । वैरहरां—शत्रुओं । वहै—चले ।

४. ज्यारां—जिनके । त्यारां—तिनके, उनके । भला उतारे तौर—अच्छी तरह गर्व भंजन किया । ओपम—उपमा । नवकोटां—नवदुर्गों, मारवाड़ में नौ दुर्ग प्रसिद्ध है । इसलिए मारवाड़ को नवकोटि मारवाड़ कहते हैं ।

२१२. गीत आपा मरहठा दिखणी रौ

कह कह रे कासीद कटारी, आपा रै दल वाळी ।
गह पतसाह घणां गरबांणां, जाझी अगन प्रजाळी ॥१॥

जाटां हूंत पहल्ली जुटियौ, तठै कुवधवा तांणी ।
खांडूराय मराय खराबी, आपस में ही आंणी ॥२॥

दिल्ली आद सकोई देसां, ठौड़ ठौड़ धर थांणौ ।
एता प्रवाड़ा तणौ आदमी, मुरधर मांह मरांणौ ॥३॥

भाजत लाख बरजत्तां भिड़ियौ, सिव ने केम सुहावै ।
कमधां लीधौ मार कटारां, आपो तिकौ न आवै ॥४॥

बीजा सकौ प्रथी रा बोलै, विजै विजै री वांणी ।
जनकू अनै दतू री जोवै, वाटड़ियां विलखांणी ॥५॥

जिया लिया चाहौ धर चौथां, धर दूजा दिस धाज्यौ ।
घर घर में कूके घेतलियां, मुरधर देस म जाज्यौ ॥६॥

---

२१२. गीतसार— उपर्युक्त गीत जयअप्पा सिंधिया पर सर्जित है। जयअप्पा नागौर में महाराजा विजयसिंह के आदमियों द्वारा छल से मारा गया था। गीत में लिखा है कि पहिले तो सिंधियों ने जाटों से लड़ कर खाण्डेराय को मरवाया और फिर मारवाड़ में जयअप्पा स्वयं मारा गया। घायलों की स्त्रियाँ अपने पतियों से कहती है कि भविष्य में मारवाड़ की ओर चौथ वसूल करने कभी मत जाना।

---

१. कासीद–सन्देश वाहक, दूत। आपा–राव जयअप्पा सिंधिया। जाझी–गहरी, घनी। प्रजाळी–प्रज्वलित। हूंत–से। जुटियौ–लडा।

२. तठै–वहां। कुवधवा–कुबुद्धि। तांणी–की, रची। आंणी–की।

३. स कोई–सब कोई। थाँणौ–सैनिक चौकियां। एता–इतने। प्रवाड़ा–यश तथा युद्ध के कार्य। मारांणौ–मारा गया।

४. भाजत–भागते। लाख बरजतां–बहुत भांति मना करने पर भी। भिड़ियौ–लड़ा। केम–कैसे। सुहावै–सहन हुवे। कमधां–राठौड़ों ने। आपो–जयअप्पा सिंधिया। तिकौ–वह, जो।

५. बीजा–दूसरे। सकौ–सब कोई। विजै–महाराजा विजयसिंह की। विजै री–विजय की। जनकू–जनकोजी मरहठा। दतू–दत्तोजी मरहठा। वाटड़ियां–मार्ग। विलखांणी–विलाप करती हुई।

६. चौथां–चौथ नामक एक कर। धाज्यौ–जाना। कूके–रुदन करे। घेतलियां–घायलों की स्त्रियां, भेड़-बकरियों के चरवाहों की औरतें। म–मत। जाज्यौ–जाना

२१३. गीत मेघसिंघ सौलंखी रौ

आखड़ियां बिड़द सदा आगौलग, रौळा जुटिया हुआ जियार ।
सौलंखी मिटिया नह सुणिया, सौलंखी कटिया वधि सार ।।१।।

जैचंद बरस पन्दरा जीवाणे, अफळ मरण करण आचाहि ।
अलहणपुरा सदा होइ आई, मेघ बरस चौदाहि मांहि ।।२।।

नवधण तणा बाजि नाराजां कंवळ अवल येखै सब कोई ।
मरण तणा मौसर जग मांहीं, होई आई देवा जिम होइ ।।३।।

लोहे अंग बाईस लागतां, रियां अंग भांजीया रीस ।
बाईसी मिटतां ऊवरीया, बरसाँ भूगति गयौ बाईस ।।४।।

---

२१३. गीतसार— उपर्युक्त गीत क्षत्रियों के सौलंखी कुल के योद्धा मेघसिंह की युद्ध-वीरता पर रचित है । गीत में कहा है कि वीर जयचंद्र सौलंखी पन्द्रह वर्ष की आयु में वीर-गति को प्राप्त हुआ और मेघसिंह चौदह वर्ष की अवस्था में वैरियों के बाईस घातक आघातों से घायल होकर धराशायी हुआ ।

---

१. आखड़िया–प्रण, प्रतिज्ञा । बिड़द–विरुद । आगौलग–पूर्व से ही चलते आ रहने वाले, निरन्तर । रौळा–लड़ाई, दंगा फसाद । जियार–जिस समय । कटिया–हथियारों से कट मरे । वधि–आगे बढ़ कर । सार–लौहा, तलवार, शस्त्र ।

२. जीवाणे–जीवित रहा । अफळ–निष्फल । अलहणपुरा–सौलंखी, अनहिलपुर पाटन में सौलंखियों का शासन रहने के कारण सौलंखी अनहिलपुरा कहलाने लगे । मेघ–मेघसिंह । चौदाहि–चौदह वर्ष में ।

३. नवधण तणा–राजा नवधनसौलंखी की संतान वाले । बाजि–लड़ कर । नाराजां–तलवारों से । कंवळ–सिर । मौसर अवसर ।

४. लोहे–शस्त्र । रिमां–वैरियों । भांजीया–नष्ट किये । रीस–रोष, क्रोध । बाईसी–सेना के । मिटतां–समाप्त होते । ऊवरिया–बच रहे । भुगति–भोग कर, उपभोग कर ।

२१४. गीत अंग्रेजां रै विरोध रौ

बाणीजां नीत हित देस देस जांणौ बुरी, नफै हूं भलौ ओ बुरौ नापैं ।
कुलछणां देस हित काज करसी किसा, दुखियां री लूट हूं नांह धापैं ॥१॥

विणज रौ नाम ले आया बण वापड़ा, तापड़ा तोड़िया राज तांई ।
मोकौ पा मूगलां रोसांण जिण मारिया, पोखौ थां कुण कयां समझ कांई ॥२

धोळे दिन देखतां नवाबी धपाई, सताई बेगमां अवध सांई ।
खोड़ला फौज हिंदवांण की खपाई, सफाई नांख सरम साई ॥३॥

---

२१४. गीतसार– प्रस्तुत गीत अंग्रेज सत्ता के विरोध पर रचित है। गीतकार ने अंग्रेजों के भारत में आगमन, सत्ता हथियाने, व्यापारी से शासक बन बैठने और देशी शासक अवध के नवाब आदि की दुर्दशा करने का वर्णन किया है और कवि ने भारतीय वीरों मुसलमानों, राजपूतों, मरहठों, जाटों और सिक्खों को मिल कर सैनिक विद्रोह करने का सन्देश दिया है।

---

१. बाणीजां–वाणिज्य की, व्यापारियों की । नफै–लाभ । नापैं–माप करते हैं। कुलछणां–कुलक्षणी । करसी–करेंगे । हूं–से । नांह धापैं–तृप्त नहीं होते हैं।

२. बिणज रौ–व्यापार का । बापड़ा–बेचारे, गरीब भाव लेकर । तापड़ा तोड़िया–खूब दौड़े भागे, बहुत अधिक प्रयत्न किया । तांई–वास्ते । रौसांण–दमन कर, कण्ठ दबा कर । पोखौ–पोषण करो । थां–तुम । कयां–कैसे । कांई–क्या ।

३. धोळे दिन–दिनदहाड़े । सताई–सताना । सांई–स्वामी, मुसलमान । खोड़ला–कुलक्षण वाले, बुरे । खपाई–नष्ट की । सफाई–बिलकुल ही । नांख–डाल कर, त्याग कर । सरम–लज्जा ।

धरा हिंदवांण री दाव रया दगै सूं, प्रगट में लड़्यां ही पार पड़सी ।
संकट में एक हुय भेद मेटो सकल, लोक जद जोसहूं जवर लड़सी ।।४।।

मिल मुसलमां रजपूत ओ मरेठां, जाट सिख पंथ छंड जवर जुड़सी ।
दौड़सी देस रा दव्योड़ा दाकळ्यां, मुलक रा मीठा ठग तुरत मुड़सी ।।५।।

भरोसौ छंड फिरंगाण री भ्रमड़ौ, निरखती नफा नुकसान नक्की ।
नवौ नित धांन करसांण निपजावसी, पावसी फतै हिन्दूवाण पक्की ।।६।।

— संकरदान सांभर वोवासर रौ कह्यौ

४. दाव रया—अधिकार में ले रहे हैं । दगै सूं—धोखे से, छल से । पार पड़सी—कार्य सिद्ध होगा, काम चलेगा । जवर—जबरदस्त, जोरावरी से, खूब ।

५. पंथ छंड—मजहबी भेदभाव को छोड़ कर । जुड़सी—लड़ेंगे । दव्योड़ा—दमित, कुचले हुए । दाकळ्यां—ललकारने पर । मुड़सी—पीछे लौट जायंगे ।

६. फिरंगाण रौ—अंग्रेजों को । भ्रमड़ौ—भ्रम । नक्की—साफ, पूरा पूरा । धांन—अन्न । करसांण—कृषक । निपजावसी—उत्पन्न करेंगे । पावसी—प्राप्त करेंगे । पक्की—निश्चित, दृढ़ ।

ऐतिहासिक टिप्पणियां

पृष्ठ ३ गीत सं. १, २, ३ राजा उदैसिंघ राठौड़—

जोधपुर के राव मालदेव का पांचवाँ पुत्र राजा उदयसिंह राठौड़। उदयसिंह का वि. सं. १५९४ में जन्म हुआ था उसे राव मालदेव ने अपने जीवनकाल में फलोदी का परगना जागीर में दिया था। राव मालदेव के निधन के बाद जब वि. सं. १६१९ में राजा चन्द्रसेन मारवाड़ की गद्दी पर बैठा तब उदयसिंह ने सं. १६२७ वि. में बादशाह अकबर की सेवा स्वीकार की और खीचीवाड़े के उपद्रवों को दबाने के लिए भेजा गया। तद्नन्तर उसे ओरछा और बुंदेलखण्ड के राजा मधुकरशाह पर भेजा गया। उदयसिंह ने मधुकरशाह का दमन कर अकबर से राजा की पदवी प्राप्त की और वि. सं. १६४० में उसने जोधपुर पर अधिकार कर लिया। उसने शाही सेवा में रह कर खंभात की चढ़ाई, सिरोही पर आक्रमण आदि अवसरों पर वीरता प्रदर्शित की थी। विक्रम सं. १६४० में बादशाह अकबर ने अब्दुर्रहीम खानखाना के साथ राजा उदयसिंह को मुजफ्फर गुजराती के उपद्रव को शान्त करने के लिए भेजा था। राजपीपला की लड़ाई में मुजफ्फर को पराजित होकर मैदान से भागना पड़ा। प्रथम गीत में मुजफ्फर पर विजय तथा तृतीय गीत में सिरोही के राव सुरतान देवड़ा पर विजय प्राप्त करने का उल्लेख है। दोनों ही गीतों की घटनाएँ इतिहास से प्रमाणित हैं। गीतकार माला सांदू महाराजा गजसिंह का आश्रित कवि था। वह नागौर के भदोरा ग्राम का निवासी था।

—मारवाड़ का इतिहास प्र. भाग(रेऊजी) पृ. १७०, १७६

पृष्ठ ६ गीत सं. ४, ५ महाराजा जसवंतसिंघ जोधपुर—

मारवाड़ के राजा गजसिंह के द्वितीय पुत्र और उत्तराधिकारी महाराजा जसवंतसिंह राठौड़। राजा गजसिंह की इच्छा पर बादशाह शाहजहां ने पाटवी राजकुमार अमरसिंह को राव की पदवी और नागौर का प्रान्त प्रदान किया और जसवंतसिंह को गजसिंह के निधन के बाद जोधपुर का शासन तथा महाराजा का खिताब दिया। जसवंतसिंह ने शाहजहां के शाहजादों के उत्तराधिकार के धर्माट के युद्ध में दाराशिकोह और शाहजहाँ का पक्ष लिया था। प्रथम

गीत में जसवंतसिंह के भाले की तीक्ष्णता तथा दिल्ली से बराबरी करने तथा द्वितीय गीत में विजयपाल यादव से दुर्ग छीनने का वर्णन है। इतिहास से सिद्ध नहीं होता कि विजयपाल कहाँ का था। वैसे यादव करौली के शासक थे और 'माडेचा' शब्द जैसलमेर के भाटियों के लिए प्रचलित है। वर्णित घटना का ख्यातों में कोई संकेत-सूत्र प्राप्त नहीं है। जसवंतसिंह ने जोधपुर पर ४१ वर्ष राज्य किया। बादशाह औरंगजेब के शासनकाल में उनका सात हजारी जात मन्सब था। दक्षिण, कंधार मालवा के युद्धों में उन्होंने भाग लिया था। जसवंतसिंह वीर, विद्वानों के आश्रयदाता और काव्य के मर्मज्ञ विद्वान् माने जाते हैं। वि. सं. १७३५ में उनका जमरूद स्थान पर देहान्त हुआ।

—मा. इ. प्र. भाग, पृ. २१०—२४२

पृष्ठ ८ गीत सं. ६, ७, ८ महाराजा अजीतसिंघ जोधपुर—

जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह के पुत्र और उत्तराधिकारी महाराजा अजितसिंह राठौड़। अजितसिंह का महाराजा जसवंतसिंह की मृत्यु के बाद जमरूद से मारवाड़ आते समय मार्ग में वि. सं. १७३५ चैत्र मास में जन्म हुआ था। अजितसिंह और उसके भाई दलथंभन को बादशाह औरंगजेब बंदी बनाकर मुसलमान बनाना चाहता था, किन्तु मारवाड़ के स्वामिभक्त उमराव दुर्गादास करणोत, सोनंग चांपावत, अजबसिंह चांपावत, मोहकमसिंह मेड़तिया तोसीना प्रभृति वीरों ने शाही मन्सब त्याग कर दलथंभन और अजितसिंह का क्रमशः मालवा और छप्पन के पहाड़ों में पालन पोषण किया। मुकुन्ददास चांपावत पाली और मुकुन्ददास खीची ने भी महाराजा के शिशुकाल में उल्लेखनीय सेवाएँ कीं। जब मारवाड़ के जागीरदारों ने दुर्गादास के नेतृत्व में विद्रोह कर शाही अधिकारियों को मारवाड़ में चैन नहीं लेने दिया तब अन्त में बादशाह औरंगजेब ने राव अमरसिंह नागौर के पौत्र राव इन्द्रसिंह को जोधपुर पर प्रतिस्थापित किया। किन्त, आलनियावास के मेड़तिया राजसिंह ने मेड़ता के फौजदार सादुल्ला खां को परास्त कर मेड़ता छीन लिया और मारवाड़ में समन्तात राठौड़ों के विद्रोह का स्वर गूंजने लगा। दुर्गादास ने औरंग-जेब के शहजादे अकबर से सांठ गांठ कर उसे विद्रोही बना दिया। चांपावत उदयसिंह, ऊदावत जगरामसिंह. जोधा उदयभान, कर्मसोत अनोपसिंह आदि ने शाही थानों को लूट कर शाही प्रभाव को नगण्य कर दिया। तब बादशाह ने महाराजा अजितसिंह को वि. सं १७५६ में जालौर और सांचोर के परगने दिये पर वि सं. १७६३ में बादशाह औरंगजेब की मृत्यु होने पर महाराजा अजितसिंह का जोधपुर पर अधिकार हुआ। तदनन्तर अजितसिंह का वैभव बढ़ता ही रहा। महाराजा अजितसिंह राजनीतिज्ञ होने के साथ साथ कवि और विद्वान् भी थे। गजउद्धार, भावविरही, दुर्गा सप्तशती के अनुवाद आदि उनकी राजस्थानी काव्य-कृतियां हैं। यद्यपि अजितसिंह को मारवाड़ के स्वामिधर्मी

सरदारों ने अपनेप्र ाणों का बलिदान कर पालन-पोसण किया था। किन्तु, अजितसिंह ने शक्ति प्राप्त कर राव अमरसिंह के वंशधर राव मोहकमसिंह, उसके अनुज मोहनसिंह, अपने वैमातृक भ्राता दलथंभन, अर्जुनसिंह जैतावत, मुकुन्ददास चांपावत आदि को छला-घात से मरवाने का जघन्य दुष्कर्म किया। उन पाप कर्मों का फल ही था कि सं. १७८१ में अपने पुत्र बखतसिंह द्वारा छलाघात द्वारा उसे भी मरना पड़ा। एक गीत में अजितसिंह के दीवान गोकुलदास मुहता की सेवाओं और उस पर अजितसिंह की कृपा का भी वर्णन है।

—मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. २४८-३२७, अजित विलास, ।

पृष्ट ११ गीत सं. ९, १०, ११, १२ महाराजा विजयसिंघ राठौड़ जोधपुर—

जोधपुर के महाराजा बखतसिंह के पुत्र महाराजा वियर्यसिंह राठौड़। विजय सिंह वि. सं. १८०९ में जोधपुर की गद्दी पर बैठा। उसके शासनकाल में जयअप्पा, महादाजी सिंधिया और जनकोजी की मारवाड़ में लूट-खसोट चलती रही। जोधपुर के राज्य स्वत्वच्युत महाराजा रामसिंह का विग्रह भी जारी रहा। गीतों में महाराजा विजयसिंह द्वारा जयपुर के महाराजा सवाई प्रतापसिंह की महादाजी सिंधिया के विरुद्ध वि. सं. १८४४ के तुंगा स्थान के युद्ध में सहायता करने का वर्णन है। तुंगा के युद्ध में जयपुर और जोधपुर की सेना ने मरहठों को जबरदस्त पराजय दी थी। महाराजा विजय सिह परम वैष्णव नरेश थे। मरहठों और मारवाड़ के सामंतों से इनका आजीवन वैर-विरोध बना रहा। वि. सं. १८५० में विजयसिंह का देहावसान हुआ।

—मा. इ. प्र. (भाग) रेउ पृ ३७१, ३८७, ३९२

पृष्ठ १५ गीत सं. १३, १४, १५, १६ महाराजा मानसिंघ राठौड़ जोधपुर—

जोधपुर के महाराजा विजयसिंह के पांचवे पुत्र महाराजा गुमानसिंह के पुत्र महाराजा मानसिंह जोधपुर। महाराजा विजयसिंह के सिंहासन पर उनके निधनोपरान्त महाराज भीमसिंह का पुत्र भीमसिंह बैठा और मानसिंह को जागीर में जालौर प्रान्त दिया गया। भीमसिंह और मानसिंह के परस्पर वैमनस्य चलता था। अतः महाराजा भीमसिंह ने मानसिंह को बंदी बनाने के लिए जालौर पर सेना भेजी, किंतु इस काल में महाराजा भीमसिंह का वि. सं १८६० में देहान्त हो गया। तब मारवाड़ के सरदारों ने मानसिंह को भीमसिंह की गद्दी पर अभिषिक्त किया। महाराजा मानसिंह ने जोधपुर के सिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद सिरोही के राव वैरीशाल पर आक्रमण कर सिरोही पर अधिकार कर लिया। तदनंतर गींगोली की घाटी (परबतसर) में सवाई जगतसिंह जयपुर से युद्ध लड़ा। गींगोली के युद्ध में मारवाड़ के सरदार ठाकुर सवाईसिंह पोकरण

के नेतृत्व में जयपुर की सेना से मिल गए। फलतः मानसिंह को पराजित होना पड़ा। महाराजा जगतसिंह ने जोधपुर पर घेरा डाल कर महाराजा मानसिंह को तंग कर दिया। १३ वें और १४ वें गीत में उपर्युक्त घटनाओं का अतिरंजित वर्णन है। १५ वें गीत में मानसिंह की निर्भीकता तथा १६ वें में महाराजा के काव्य-सर्जन और नाथ-भक्ति की ओर संकेत किया गया है। मानसिंह नाथ-सम्प्रदाय के प्रबल समर्थक और अनुयायी थे।

महाराजा मानसिंह के शासन में ठाकुर सवाईसिंह पोकरण, सवाई जगतसिंह जयपुर नरेश अमीरखांन पिण्डारी और मरहठों के बखेड़े परेशानी उत्पन्न करते रहे। परन्तु, अपने विग्रहपूर्ण दीर्घकालीन शासन में भी मानसिंह का राजस्थान में प्रभावशाली स्थान बना रहा। अंत में सं. १६०० वि. में मंडोर में इनका अवसान हुआ।

—मा. इ. द्वि. भाग (रेउ) पृ. ४०१-४११

पृष्ठ २२ गीत सं. १७, १८ राव कलियाणमल राठौड़ वीकानेर—

वीकानेर के राव जैतसिंह का जेष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी राव कल्याणमल राठौड़ वीकानेर। राव कल्याणमल वि. सं. १५९८ में सिरसा में गद्दी पर बैठा। वीकानेर पर राव मालदेव जोधपुर ने अधिकार कर रक्खा था। राव कल्याणमल ने बादशाह शेरशाह की सहायता प्राप्त की और राव किशनसिंह जैतपुर के स्वामी ने वीकानेर स्थित जोधपुर की सेना पर आक्रमण कर राव कल्याणमल का अधिकार स्थापित किया। कल्याणमल ने मेड़ता के शासक राव वीरमदेव, हाजीखां पठान आदि की सहायता की थी। गीत में राव कल्याणमल की उदारता और केल्हणकोट तथा वीकूपुर पर आक्रमण कर भाटियों और सिंघलों को परास्त करने का वर्णन है। वीकानेर के इतिहास और दयालदास री ख्यात में यह उल्लेख नहीं है, पर समसामयिक कवि रचित गीत होने के कारण प्रसंग सही जान पड़ता है। राव कल्यणमल का वि० सं० १६३० में स्वर्गवास हुआ।

—वीकानेर का इतिहास प्र. भा. (ओझा) पृ० १३९–१५६, दयालदास री ख्यात भा. २ पृ० ६४–९०

पृष्ठ २४ गीत सं० १९, २०, २१, २२, राजा रायसिंघ राठौड़ वीकानेर—

वीकानेर के राव कल्याणमल के उत्तराधिकारी महाराजा रायसिंह वीकानेर। रायसिंह अपने पिता का देहांत होने पर सं० १६३० विक्रमी में वीकानेर के राजसिंहासन

पर बैठा। रायसिंह ने शाही पक्ष का समर्थन करते हुए इब्राहिम हुसैन मिर्जा की सेना पर हमला कर उसे नागौर से भागने के लिए विवश किया तथा गुजरात के विद्रोहियों का दमन करने के लिए प्रेषित शाही सेना में नियुक्त होकर वि० सं० १६३० में विद्रोही मुहम्मद-हुसैन मिर्जा को बन्दी बनाने में सफल हुआ। रायसिंह ने राजा चंद्रसेन जोधपुर, महाराव-सुरतान, देवड़ा सिरोही बादशाह के सौतेले भाई मिर्जा मुहम्मद हकीम तथा काबुल, बिलुचिस्तान और लाहौर आदि के युद्धों में उल्लेखनीय भाग लिया। बादशाह जहांगीर के शासनकाल में रायसिंह का मन्सब पांच हजारी था। गीत मे रायसिंह की वीरता और उदारता का वर्णन है। उसने शंकर बारहठ को नागौर का प्रान्त और सवा करोड़ रुपयों का दान दिया था। दुरसा आढ़ा, माला सांदू आदि चारणों को हाथी और ग्राम दान में दिये थे। वह स्वयं काव्य-मर्मी और साहित्य-सेवी शासक था। वि० सं० १६६८ में बुरहानपुर में वह दिवंगत हुआ।

—बी. इ. पहला भाग (ओझा) पृ. सं. १६२—२०५, दयालदास री ख्यात पृ. १३६।

पृष्ठ २८ गीत सं० २३, २४ महाराज रामसिंह राठौड़ बीकानेर—

बीकानेर के राव कल्याणमल का द्वितीय पुत्र और महाराजा रायसिंह का अनुज महाराज रामसिंह बीकानेर। महाराजा रायसिंह ने रामसिंह को वी. सं. १६५६ में कल्याणपुर स्थान पर ठाकुर मालदेव चुरू को भेज कर मरवाया। गीतों में महाराज-पृथ्वीराज ने महाराज रामसिंह को मरवाने के कारण महाराजा रायसिंह को उपालंभ दिया है। रामसिंह अपने समय का उच्चस्तर का वीर पुरुष था। पृथ्वीराज ने उसे लक्ष्मण की तरह का भ्रातृसेवी वीर अंकित किया है।

—दयालदास री ख्यात भा. २ पृ. १३६, बी. इ. प्र. भा. (ओझा) पृ. १५६।

पृष्ट ३० गीत सं. २५ राजा दलपतसिंघ राठौड़ बीकानेर—

बीकानेर के महाराज रायसिंह का जेष्ठ पुत्र और उत्ताराधिकारी महाराजा दलपतसिंह बीकानेर। यद्यपि महाराजा रायसिंह अपने द्वितीय पुत्र शूरसिंह को अपना उत्ताराधिकारी बनाना चाहता था, पर बादशाह जहाँगीर ने दलपतसिंह को बीकानेर की सनद प्रदान कर शासक घोषित कर दिया और वि. सं. १६६९ में मिर्जा रुस्तम के साथ दलपसिंह को ठट्ठा पर भेजा. किन्तु दलपतसिंह शाही आदेश की उपेक्षा कर बीकनेर चला गया। दलपसिंह ने शूरसिंह की फलोधी की जागीरी भी छीनली थी। उनके इस प्रकार के व्यवहार से रुष्ट होकर बादशाह जहाँगीर ने दलपतसिंह के विरुद्ध नवाब जावदीनखां को सेना देकर भेजा और शूरसिंह को बीकानेर के शासक का अधिकार प्रदान किया। छापर-

स्थान पर दोनों पक्षों में युद्ध हुआ। दलपतसिंह को चूरू के ठाकुर भीमसिंह ने छल से युद्ध-भूमि में बंदी बना कर हिसार भिजवा दिया। वहां से उसे अजमेर भेज दिया गया। विक्रमी सं. १६७० में हाथीसिंह चांपावत ने कारावद्ध महाराजा दलपतसिंह को मुक्त करवाने के लिए बंदीखाने पर आक्रमण कर दलपतसिंह को कारामुक्त कर दिया। किन्तु, शाही रक्षकों के साथ की मुठभेड़ में महाराजा दलपतसिंह और चांपावत हाथीसिंह दोनों लड़ते हुए मारे गये। गीत में दलपतसिंह की मृत्यु का वर्णन है।

—बी. इ. प्र. भा. (ओझा) पृ. २०५—२१०, कूंपावत राठौड़ों का इतिहास पृ. ७५।

पृष्ठ ३१ गीत सं० २६ महाराजा सूरसिंघ राठौड़ बीकानेर —

बीकानेर के महाराजा रायसिंह के द्वितीय पुत्र महाराजा सूरसिंह। जहांगीर ने वि.सं. १६७० में महाराजा दलपतसिंह को बीकानेर के राज्याधिकार से हटाकर सूरसिंह को राज्याधिकार प्रदान किया। इसने शाही सेवा में रह कर शाहजादे खुर्रम, काबुल, ओरछा, खानजहां आदि के विरुद्ध भेजी गयी शाही सेनाओं में रह कर युद्धों में भाग लिया। सूरसिंह का बुरहानपुर के बोहरी गांव में वि. सं. १६८८ में देहांत हो गया। गीत में सूरसिंह को अपने पूर्ववर्ती चांपा, कांधल,दूदा, बीदा, शत्रुशाल आदि सरक्तीय राठौड़ योद्धाओं के समान वीर घोषित किया गया है।

—बी. इ. प्र. भा. (ओझा) पृ. २११, २१४, २१५, २१६, २२७।

पृष्ठ ३२ गीत सं. २७ राजा रायसिंह बीकानेर —

बीकानेर के महाराजा रायसिंह राठौड़। रायसिंह ने बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार कर शाही पक्ष के कतिपय युद्धों में भाग लेकर पराक्रम दिखाया था। गीत सं. २७ में रायसिंह द्वारा गुजरात के युद्ध में मुसलमानों का संहार करना लिखा है। संभवतः यह प्रसंग १६३० विक्रमी में बादशाह अकबर के गुजरात अभियान का परिचायक है।

—बी. इ. प्र. भा. (ओझा) पृ. १६९—१७० विशेष गीत सं. १९—२२ की टिप्पणी देखें।

पृष्ठ ३३ गीत सं. २८ महाराजा गजसिंघ बीकानेर —

बीकानेर का महाराजा गजसिंह आनन्दसिंह का पुत्र था। महाराजा जोरावरसिंह का निःसंतान निधन हो जाने पर वि. सं. १८०२ में गजसिंह बीकानेर की राजगद्दी पर बैठा। महाराजा गजसिंह ने राजाधिराज बखतसिंह नागौर और महाराजा रामसिंह जोधपुर के आपसी युद्धों में, बखतसिंह की सहायता की थी। मारवाड़ के मरहठों के आक्रमणों में

गजसिंह महाराजा विजयसिंह का पक्षधर बना रहा। उसने बीकानेर के विद्रोही सरदारों का दमन कर उन्हें अधीन बनाया। वह सदैव जोधपुर नरेशों का सहायक बना रहा। गजसिंह विद्वानों का आश्रयदाता और स्वयं राजस्थानी भाषा-काव्य का अच्छा ज्ञाता था। गजन, इभनामी आदि सम्बोधनों से उसका काव्य मिलता है। चारण गोपीनाथ गाड़ण ने ग्रंथराज की रचना की तब महाराजा गजसिंह ने उसे सम्मानित किया। गीत में महाराजा गजसिंह का काव्य-प्रेमी तथा काव्य-रचयिता के रूप में स्मरण किया गया है। बादशाह ने गजसिंह को सप्तहजारी का मन्सब प्रदान किया था। गजसिंह का वि. सं. १८४४ में देहावसान हुआ।

—बी इ. प्र, भा. (ओझा) पृ. ३२२-३५८, मारवाड़ रा उमरावां री वात, राज रसनामृत पृ. ५०

पृष्ठ ३४ गीत सं. २६ महाराजा रतनसिंह बीकानेर—

बीकानेर के महाराजा सूरतसिंह का जेष्ठपुत्र और उत्तराधिकारी महाराजा रतनसिंह बीकानेर। महाराजा रतनसिंह ने वि.सं १८८५ में बीकानेर का शासनाधिकार प्राप्त किया। उसने पंजाब, जैसलमेर, उदयपुर और रीवां के महाराजाओं से मित्रता बढ़ाई। पड़ौसी राज्यों के सीमा-सम्बंधी विवाद मिटाये। विद्रोही जागीरदारों और प्रजा को लूटने-मारने वाले डकैतों आदि का दमन कर शान्ति स्थापित की। उसने अंग्रेज सरकार से समझौता कर शेखावाटी ब्रिगेड की स्थापना में सहायता दी। वह इतिहास और साहित्य का प्रेमी था। कवियों ने उसकी गुण-ग्राहकता पर प्रसन्न होकर काव्य-ग्रन्थ लिखे। उसका वि. सं. १९०८ में बीकानेर में स्वर्गवास हुआ।

—बी. इ. द्वि. भा. (ओझा) पृ. ४०६, ४०८. ४२७, ४३८

पृष्ठ ३६ गीत सं. ३० महाराजा बहादरसिंघ किसनगढ़—

राजस्थान के किशनगढ़ राज्य का शासक महाराजा बहादुरसिंह राठौड़। वह महाराजा मानसिंह का पुत्र था। प्रसिद्ध भक्त कवि नागरीदास (महाराजा सांवतसिंह) बहादुरसिंह के जेष्ठ भ्राता थे। बहादुरसिंह ने उनकी अनुपस्थिति में किशनगढ़ पर अधिकार कर लिया था। महाराजा बहादुरसिंह वीर और विद्वान् नरेश था। बहादुरसिंह रचित **राग-रागिनी पद, मोहकमसिंह री वारता** आदि प्रसिद्ध कृतियां हैं। बहादुरसिंह ने मरहठों के आक्रमणों के समय सदैव जोधपुर का साथ दिया। महाराजा विजयसिंह जोधपुर, महाराजा गजसिंह बीकानेर और महाराजा बहादुरसिंह किशनगढ़ के घनिष्ठ मैत्री रही। वि. सं. १८३८ में महाराजा बहादुरसिंह का निधन हुआ।

—बांकीदास री ख्यात पृ. ८२, ८३

पृष्ठ ३८ गीत सं. ३१, से ३५ महाराज वहादरसिंघ किशनगढ़—

किशनगढ़ के महाराजा वहादुरसिंह राठौड़। संगीत, साहित्य और स्थापत्य कला के प्रेमी थे। उन्होंने किशनगढ़ दुर्ग का निर्माण करवाया। मरहठा-काल में राजस्थानी नरेशों में महाराजा बहादुरसिंह एक विशिष्ट शासक माने जाते थे। विशेष परिचय के लिए गीत सं. ३० की टिप्पणी देखें।

पृष्ठ ४६ गीत सं. ३६ महाराजा प्रतापसिंघ किसनगढ़—

किशनगढ़ के शासक महाराजा प्रतापसिंह महाराजा विरुदसिंह के पुत्र थे प्रतापसिंह वि. सं. १८४५ में किशनगढ़ की गद्दी पर बैठे। महाराजा प्रतापसिंह ने मरहठों से मित्रता करके जोधपुर पर आक्रमण करने की योजना बनाई थी, किन्तु योजना असफल होने पर महाराजा विजयसिंह ने वि. सं. १८४५ में रूपनगर तथा किशनगढ़ पर घेरा डालकर प्रतापसिंह से तीन लाख का दण्ड वसूल किया। महाराजा प्रतापसिंह साहसी शासक था। वि. सं. १८५४ में उसका देहांत हो गया।

—वीरविनोद द्वि. भाग पृ. ५३३,५३४

पृष्ठ ४८ गीत सं. ३७ महाराजा कल्याणसिंघ किसनगढ़—

महाराजा प्रतापसिंह का पुत्र महाराजा कल्याणसिंह। महाराजा कल्याणसिंह ने जोधपुर नरेश मानसिंह और जयपुर नरेश सवाई जगतसिंह के मध्य वि. सं. १८५१ में मित्रता करवाने में सहयोग किया। महाराजा के विरुद्ध किशनगढ़ के जागीरदारों तथा महाराज कुमार मोहकमसिंह ने वखेड़ा किया तव कल्याणसिंह ने वि० सं. १८७४ में अंग्रेजों से संधि कर मोहकमसिंह को शासन-भार सौंप दिया तथा स्वयं दिल्ली चला गया। वि. सं. १८९५ में दिल्ली में ही उसका निधन हुआ।

—वीरविनोद द्वि. भा. पृ ५३५-५३६.

पृष्ठ ४९ गीत सं. ३८ कुंवर उदैभाण चुवाण—

मेवाड़ के कोठारिया ठिकाने के रावत रुक्मांगद का पुत्र कुंवर उदयभानु चौहान। उदयभानु ने महाराणा राजसिंह प्रथम और महाराणा जयसिंह के शासनकाल में महाराणा की ओर से शाही थाने पर आक्रमण कर मुसलमान सैनिकों को हताहत किया। तदनन्तर वह महाराणा की ओर से दक्षिण में शाहजादे औरंगजेब के पास भेजा गया।

उदयभानु की वीरता पर प्रसन्न होकर मेवाड़ नरेश ने उसे बारह ग्रामों की जागीर प्रदान की। वह प्रसिद्ध चौहान वीर राव हम्मीर रणथंभोर का वंशज था। रुक्मांगद के बाद वह कोठारिया का रावत हुआ।

—राजपूताने का इतिहास चतुर्थ खण्ड (ओझा)पृ.११८७-८८।

पृष्ठ ५० गीत ३९,४० महाराजा बळवंतसिंघ रतलाम—

मालवा के रतलाम राज्य का शासक महाराजा बलवंतसिंह राजा पर्वतसिंह का पुत्र था-बलवंतसिंह विद्वान् और महान् दानवीर था। उसके दरबार में चारणों, रावों और विद्वान् ब्राह्मण कवियों का निरन्तर आवागमन बना रहता था। 'भैरिया रा सोरठा' नामक उसकी नीतिपरक पुस्तक प्रसिद्ध है।

पृष्ठ ५५ गीत सं, ४१,४२ राठौड़ बल्लू चांपावत—

पाली के ठाकुर गोपालदास का पुत्र ठाकुर बल्लू चांपावत। ठाकुर बल्लू को नागौर के राव अमरसिंह ने वि० सं. १६९५ में बारह गांवों से हरसोलाव का पट्टा प्रदान कर अपना उमराव बनाया था। राव अमरसिंह से किसी प्रसंग पर मन मुटाव होने पर बल्लू मारवाड़ छोड़कर मेवाड़ में महाराणा के पास चला गया। मेवाड़ से शाही सेवा में चला गया। बादशाह शाहजहां के शासनकाल में वह राव अमरसिंह के साथ वि सं १६९८ में काबुल में रहा। वि. सं. १७०१ में राव अमरसिंह के आगरा म मारे जाने पर वह शाही पक्षीय अर्जुन गौड़ की हवेली पर आक्रमण करते हुऐ वीरगति को प्राप्त हुआ। उक्त युद्ध में ठाकुर भवानीसिंह कूंपावत दियावड़ी, ठाकुर भवानीदास चांपावत खाटू, हरनाथसिंह सुन्दरदासोत मेड़तिया रीयां, रणछोड़दास हरीदासोत मेड़तिया आदि कोई ३४ बड़े योद्धा मारे गए और शाही सेना के २५० सैनिक खेत रहे।

—कूँपावत राठौड़ों का इतिहास, पृ. १९६-२०२, बांकीदास री ख्यात पृ. ७२।

पृष्ठ ५९ गीत सं. ४३ ठाकर लालसिंघ चांपावत हरसोळाव—

ठाकुर हरिसिंह का वंशधर ठाकुर लालसिंह हरसोलाव। लालसिंह ने महाराजा-विजयसिंह के समय में मरहठों के साथ लड़े गए युद्धों में वीरता प्रदर्शित की थी। परन्तु, हरसोलाव ठिकाने की पीढ़ियों में लालसिंह का नाम नहीं मिलता है।

पृष्ठ ६१ गीत सं.४४ ठाकर वखतसिंघ—

ठाकुर कल्याणसिंह का वंशधर ठाकुर वखतसिंह । वह किस स्थान का स्वामी था तथा कछवाहों से किस स्थान के युद्ध में लड़ा था स्पष्ट नहीं है । संभवतः वह राजाधिराज वखतसिंह नागौर का सामन्त हो और गगवाणा के युद्ध में लड़कर खेत रहा हो ।

पृष्ठ ६२ गीत सं. ४५ ठाकुर भभूतसिंघ पोकरण—

मारवाड़ के प्रमुख ठिकाने पोकरण का स्वामी ठाकुर वभूतसिंह । वह ठाकुर-सालिमसिंह का पुत्र था । ठाकुर वभूतसिंह की जागीर में एक सौ ग्राम थे ।

पृष्ठ ६४ गीत सं. ४६ ठाकर लिछमणसिंघ चांपावत अड़वड़—

अड़वड़ ठिकाने का ठाकुर लक्ष्मणसिंह चांपावत । वह चांपावतों की भोपतोत उप-शाखा का था । उसने महाराजा भीमसिंह की ओर से बीकानेर के विदावतों पर आक्रमण कर उन्हें मारवाड़ से वाहर खदेड़ा और उसी लड़ाई में काम आया ।

पृष्ठ ६६ गीत सं. ४७ ठाकर जोरावरसिंघ चांपावत किसारी -

नागौर पट्टी के किसारी ठिकाने का ठाकुर जोरावरसिंह । वह महाराजा जसवंतसिंह द्वितीय का कृपा-पात्र सरदार था । लोहियाणा की ओर के एक राजपूत विद्रोही के आत्मसमर्पण करने पर जोरावरसिंह ने कहा—राजपूत होकर वंदी हो गया ? वह कायर था । इस पर महाराजा जसवंतसिंह ने विनोद में कहा—'ठाकरां राज रा हाथ लाम्बा हुवै है । थांने भी पकड़ सकै है ।' इस पर जोरावरसिंह वागी हो गया । कई दिनों तक वाहर दौड़ता रहा । मारवाड़ की पुलिस उसे न पकड़ सकी । तव फिर जोरावरसिंह के मित्र खैरवा के कुंवर ने छल-पूर्वक दुर्ग में वंदी वना कर पुसिस को सूचना दी । जोरावर-सिंह पुलिस द्वारा घिर जाने पर तलवार से अपनी घोड़ी को मार कर स्वयं लड़ता हुआ मारा गया ।

— जोरजी चांपावतरी झमाल (अप्रकाशित)

पृष्ठ ६९ गीत संख्या ४८ ठाकर वखतावरसिंघ आऊवा —

मारवाड़ के आऊवा ठिकाने का चांपावत वंश के ठाकुर वखताव सिंह । वह महाराजा भीमसिंह का समकालीन था । महाराजा अजितसिंह के विपत्तिकाल में ठाकुर-तेजसिंह ने वादशाह औरंगजेव के विरुद्ध अजितसिंह की सहायता की थी । अजितसिंह ने जोधपुर पर अधिकार होने पर तेजसिंह को वि. सं. १७६३ में यह ठिकाना प्रदान किया

था। ठाकुर बख्तावरसिंह तेजसिंह का पौत्र और ठाकुर हरनाथसिंह के पुत्र आईदानसिंह का पुत्र था। महाराजा मानसिंह ने रुष्ट होकर जब आऊवा पर सेना भेजी तब ठाकुर-बख्तावरसिंह ने क्षत्रियोचित साहस से राजकीय सेना का सामना कर यश प्राप्त किया।

—तवारीख जागीरदारान राज मारवाड़ पृ. ६६; बांकीदास री ख्यात पृ. ५५।

पृष्ठ ७० गीत सं. ४६ राव करमसी जोधावत नाहड़सर—

राव जोधा राठौड़ मारवाड़ के स्वामी का नवां पुत्र राव कर्मसिंह खींवसर का अधिपति। कर्मसिंह से राठोड़ों की करमसोत शाखा का प्रचलन हुआ। कर्मसिंह प्रारंभ में नागौर के खान फतन खां की सेवा में रहा फिर बीकानेर के राव लूणकर्ण के पास जा रहा। राव लूणकर्ण ने वि.सं. १५८३ में नारनोल के नवाब शेख अबीमीरा पर आक्रमण किया। नारनोल के समीपस्थ ढोसी ग्राम में दोनों पक्षों में मुकाबला हुआ। नवाब के पक्ष में अमरसर का राव रायमल शेखावत, पाटन के तंवर योद्धा थे। युद्ध में राव लूणकर्ण और राव कर्मसिंह खींवसर आदि कई राठौड़ मारे गए। नवाब की विजय हुई।

—बी. इ. प्र. भा. (ओझा) पृ. ११७—११८; मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. ६६।

पृष्ठ ७१ गीत सं. ५० राव पंचायण करमसिंघौत खींवसर—

नागौर परगने के खींवसर ठिकाने वालों का पूर्वज राव पंचायन। पंचायन राव-जोधा के नवें पुत्र कर्मसिंह का पुत्र था। नागौर के शासक फतनखां कायमखांनी ने कर्मसिंह को खींवसर की जागीर वि. सं. १५२४ के आसपास दी थी। राव पंचायन मारवाड़ के बड़े सरदारों में था। राठौड़ों की ख्यात में लिखा है कि राव पंचायन तथा अचला ने नाडौल के युद्ध में महाराणा कुंभा को पराजित कर भगा दिया था। किन्तु, मारवाड़ के इतिहास में नाडौल की लड़ाई सं. १५१२ वि. के आसपास अंकित है। अतः ख्यातकार का उपर्युक्त कथन ठीक नहीं जान पड़ता है। पंचायन राव मालदेव का सामन्त था और उसने सुल्तान शेरशाह सूरी और राव मालदेव के वि.सं. १६०० के गिरी सुमेल के युद्ध में शेरशाह की सेना से राव जैता बगड़ी, राव कूंपा आसोप आदि महावीरों सहित लोहा लेकर वीरगति प्राप्त की थी। गीत में अचला शिवराजोत और पंचायन कर्मसिंहोत के मेवाड़ वालों से नाडौल में लड़ने का वर्णन है।

—मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. ६१ ६६, राठौड़ों की ख्यात (डॉ. कल्याणसिंह का संग्रह); ऐतिहासिक बातां पृ. ४५; कूंपा मेहराजोत रा दूहा।

पृष्ठ ७२ गीत सं. ५१ ठाकर हरदास कर्मसियौत डांवरा रौ—

राठौड़ों की कर्मसोत शाखा के ठाकुर महेशदास का पुत्र ठाकुर हरदास कर्मसोत। ठाकुर हरदास मारवाड़ के डांवरा ठिकाने का ठाकुर था। ठाकुर महेशदास खींवसर का स्वामी था। गीत में महेशदास की उदारता और वीरता उभय गुणों की सराहना की गई है। हरदास को महाराजा गजसिंह ने वि. सं. १६७४ में खींवसर दिया था। वि. सं. १६८८ में उसका देहांत हुआ।

—राठौड़ों की ख्यात (डॉ. कल्याणसिंह का संग्रह)

पृष्ठ ७३ गीत सं. ५२ ठाकर महेशदास पंचायणौत खींवसर —

नागौर परगने के कर्मसोतों के खींवसर ठिकाने का ठाकुर महेशदास कर्मसोत॥ महेशदास ने संभवतः शेरशाह सूर की मृत्यु के बाद मंडोवर में मुसलमानों से युद्ध किया था। महेशदास वि. सं. १६१८ में मेड़ता में मिर्जा शरफुद्दीन के साथ लड़े गए युद्ध में राठौड़ देवीदास जैतावत, वीरमदेव मांगलिया आदि के साथ मारा गया।

—बांकीदास री ख्यात पृ. १५, १६.

पृष्ठ ७४ गीत सं. ५३ ठाकुर खेतसिघ महेसौत नाहड़सर —

राठौड़ वीर ठाकुर खेतसिंह महेशदास का पुत्र था। खेतसिंह की जागीर में नाहड़सर का ठिकाना था। ख्यातों में लिखा है वि वह बादशाही मनसबदार था। उसने किस युद्ध में कटार से शत्रु का संहार किया, कोई संकेत-सूत्र नहीं मिलता। गीत में लिखा है कि बादशाह ने उसके कटार के प्रहार की सराहना की। इससे यह सूत्र मिलता है कि वह एक समय शाही सेवा में रहा होगा।

—राठौड़ों की ख्यात (हस्तलिखित)

पृष्ठ ७५ गीत सं. ५४ लखमीदास पातावत —

वह राव जोधा के पांचवें पुत्र रायपाल राठौड़ का वंशज था। लक्ष्मीदास ने सिवाना के शाही थानाध्यक्ष पुरदलखां मेवाती पर वि. सं. १७४१ में कांणाणा ग्राम में आक्रमण कर मार डाला। पुरतलखां बादशाह औरंगजेब की ओर से सिवाना पर नियुक्त था। राजरूपक के अनुसार पुरदलखां वि. सं. १७४२ में मारा गया था। रतनसिंह सुन्दर-

दासोत, अखैसिंह चांपावत तथा लखसिंह (लिखमीदास) प्रतापसिंहोत (पातावत) की मुठ-भेड़ में पुरदलखां मारा गया था। राठौड़ों के एक सौ वीर और तुर्कों के छः सौ सैनिक मारे गये थे।

—अजित विलास पृ. ४७; राजरूपक पृ. २८०; छंद २३

पृष्ठ ७६ गीत सं. ५५ ठाकर प्रिथीराज दलपतौत पीपाड़—

राठौड़ों की कर्मसोत शाखा का ठाकुर पृथ्वीराज दलपतसिंह का पुत्र। पृथ्वीराज को राव अमरसिंह ने खींवसर का पट्टा दिया था, फिर महाराजा जसवंतसिंह ने वि.सं १७०० में पीपाड़ दिया। वह महाराजा जसवंतसिंह के सामंतों में था। उसने महाराजा जसवंतसिंह की ओर से भाटियों से लड़ाई की थी। पृथ्वीराज वि. सं. १७१५ में शाहजादों के उत्तराधिकार के उज्जैन के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। उज्जैन के युद्ध में पृथ्वीराज के साथ जैतसिंह मुकंददासोत, गिरधरदास माधोदासोत, गोरधन माधोदासोत और इंद्रभाण सबलसिंहोत आदि कर्मसोत मारे गये थे।

– राठौड़ों की ख्यात; मा. इ. द्वि. भा. (रेउ) पृ. ६६४

पृष्ठ ७७ गीत सं. ५६ सिवराज जोधावत दुनाड़ा —

मारवाड़ के दूनाड़ा ठिकाने का स्वामी शिवराज राठौड़। वह जोधपुर के राव जोधा का पुत्र था। शिवराज को वि. सं. १५१८ के आस-पास दूनाड़ा दिया गया था। शिवराज ने देवीदास विजयमलोत सिवाना के स्वामी तथा उसके सहायक बपड़ांऊ, खावड़, बाड़मेर और पोकरण की सम्मिलित सेना को पराजित कर विजय प्राप्त की थी।

– मारवाड़ रा परगना री विगत, प्र. भाग पृ. ३९; मा.इ.प्र. भाग (रेउ) पृ. ९६, ९७

पृष्ठ ७८ गीत सं. ५७ अचळदास सिवराजौत दुनाड़ा—

जोधपुर के राव जोधा का पौत्र और शिवराज का पुत्र अचलदास दूनाड़ा का अधिपति। वि. सं. १६०० में गिर्री सुमेल के युद्ध में राव मालदेव के हार जाने पर शेरशाह की सेना ने जोधपुर दुर्ग को हस्तगत करने के लिए आक्रमण किया। तब अचलदास शिवराजोत, तिलोकसी वरजांगोत राठौड़, जैतमाल और शंकर भाटी वीरतापूर्वक जूझ कर रणखेत रहे। अचलदास ने शेरशाह के सेना-नायक ममारखखाँन को मार कर वीरगति प्राप्त की थी। अचलदास द्वारा ममारखखांन को मारने का ख्यातों में उल्लेख है यथा—

'खाधौ अचळ ममारखखांन।' जोधपुर के क़िले में मस्जिद के पास उल्लेखित वीरों की स्मृति में छत्रियां बनी हुई है

— मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. १३१ पाद टिप्पणी सं. ३; परम्परा ऐतिहासिक बातां-भाग ११ पृ. ४५; राठौड़ों की ख्यात (हस्तलिखित)।

पृष्ठ ७९ गीत सं. ५८, ५९ राव अखैराज रिणमलौत बगड़ी—

जोधपुर के राव रणमल्ल का जेष्ठ पुत्र राव अखैराज बगड़ी का अधिपति। अखैराज ने विक्रमी संवत् १४८३ में हूलों को विजित कर सोजत पर अधिकार किया। राव-रणमल्ल की मृत्यु पर राव अखैराज ने अपना राज्याधिकार अपने अनुजात राव जोधा को जोधपुर पर स्थापित कर त्याग का आदर्श प्रकट किया। राव अखैराज ने सोजत पर अधिकार करने के पश्चात् सिंघल चरड़ा को मार कर बगड़ी पर भी वि. सं. १४८३ में अधिकार कर लिया। गीतों में राव अखैराज का रुणेचां और सांखलों तथा मुसलमानों से लड़ने का वर्णन है।

—मा.इ प्र. भाग (रेउ) पृ. ७३, ८७, ८८, ९५; कूंपावत राठौड़ों का इतिहास पृ. ८५,८६।

पृष्ठ ८१ गीत सं ६० राव पंचाइण अखैराजौत बगड़ी —

मारवाड़ के बगड़ी ठिकाने का स्वामी राव पंचायन राठौड़। वह राव अखैराज का जेष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी था। राव पंचायन ने वि. सं. १५४५ में राव जोधा के निधन पर जोधा के जेष्ठ पुत्र को राज्य-स्वत्व से च्युत कर सातल को जोधपुर की गद्दी पर बैठाया और और राव सातल तथा राव सूजा का देहावसान होने पर राव बीरम को अधिकार से च्युत कर वि. सं. १५७२ में राव गांगा को जोधपुर के राजतख्त पर प्रतिष्ठित किया। गीत में राव पंयायन की वीरता का वर्णन हे।

— कूंपावत राठोड़ों का इतिहास पृ. ८८।

पृष्ठ ८२ गीत सं० ६१, ६२, ६३, राव जैता पंचाइणौत बगड़ी —

बगड़ी का शासक राव जैता (जैत्रसिह) वह राव पंचायन का जेष्ठ पुत्र था। वह मारवाड़ के राव मालदेव के प्रधान सेनापतियों में था। राव जैता ने कूंपा, पंचायन-कर्मसोत; वीदा भारमलोत आदि के सहयोग से जोधपुर के राज्य का हिसार तक विस्तार किया उसने और वीर वर कूंपा ने वि. सं. १५९१ में राव वीरमदेव मेड़तिया पर आक्रमण कर अजमेर पर अधिकार किया। वि. सं. १५९८ में दासी पुत्र वणवीर को चित्तौड़ की गद्दी से हटा कर महाराणा उदयसिंह को बैठाने में सहायता दी। राव जैता जैसा

वीर था वैसा ही समाज-प्रेमी भी। राव मालदेव की राज्य-वृद्धि में वह प्रमुख सहायक रहा। वि. सं. १६०० के सुमेल गिर्री के युद्ध में राव मालदेव के मैदान छोड़ भागने पर वीरवर जैता ने पंचायन कर्मसोत, खींवकरण ऊदावत आदि अनेकों योद्धाओं के साथ शेरसाह और राव वीरमदेव मेड़तिया की सेना से घमासान युद्ध कर वीरगति प्राप्त की। राव मालदेव की वीस हजार और शेरशाह की चालीस हजार सेना उस युद्ध में मारी गयी थी।

–आसोप का इतिहास पृ. २३, २४, ४३; कूंपावत राठौड़ों का इतिहास ८९, ९०, ९१; मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. १२४, १३०, १३१.

पृष्ठ ८५ गीत सं. ६४, ६५, ६६, ६७, ६८, ६९, ७१, ७२, ७३ राव प्रिथीराज जैतावत वगड़ी—

वगड़ी ठिकाने का शासक राव पृथ्वीराज जैतावत। वह अपने पिता राव जैता के बाद वगड़ी की गद्दी पर बैठा। उसने राव मालदेव की सेना का नायकत्व प्राप्त कर वि.सं. १६०५ में अजमेर और सं. १६०९ में फलोधी प्रान्त पर अधिकार किया और पोकरण, बाडमेर, कोटड़ा (मालानी) को परास्त कर जोधपुर के अधीन बनाया। महाराणा उदयसिंह को वणाला स्थान पर पराजित किया। जब वि. सं. १६१० में राव मालदेव ने मेड़ता के राव जयमल पर चढ़ाई की तब राव माल देव के साथ पृथ्वीराज वगड़ी, चांदा वीरमदेवोत, जगमाल वीरमदेवोत, रतनसी खीवावत जैतारण और पृथ्वी–राज कूंपावत आदि योद्धा थे· दोनों सेनाओं में भयंकर युद्ध हुआ। राव जयमल की विजय हुई। राठौड़ पृथ्वीराज जैंतावत राव मालदेव के अनेक बड़े योद्धाओं सहित रण–खेत रहा।

- परम्परा (ऐतिहासिक वार्ता) भाग ११ पृ. ४७, ४८, ४९; कूंपावत राठौड़ों का इतिहास पृ. ९२, ९३

पृष्ठ ९६ गीत सं. ७४ राणा देवीदास जैतमालोत सिवाणा—

सिवाणा के विजयपाल राठौड़ का पुत्र राणा देवीदास। मालानी के शासक रावल मल्लिनाथ के अनुज जैतमाल से राठौड़ों की जैतमालोत प्रशाखा का उद्‌भव हुआ। जैतमाल के हापा, करण, त्रिहणजी और विजयपाल उत्तराधिकारी हुए। विजयपाल के पुत्र देवीदास ने राव जोधा के संकेत पर आपामज सिंधल भाद्राजून को मार कर सिवाणा पर अधिकार कर लिया था। देवीदास बड़ा दानी, वीर और जातीयसेवी शासक था।

राणा देवीदास के बाद क्रमशः जोगीदास, करमसी और डूंगरसी सिवाणा के शासक हुए राव मालदेव जोधपुर ने वि.सं. १५९५ में आक्रमण कर राणा डूंगरसी ने सिवाणा छीन लिया।

—मारवाड़ रा परगनां री विगत द्वि. भाग पृ. २१६-२१९।

पृष्ठ ९७ सं. ७५ भगवानसिंघ दलावत राठौड़—

राठौड़ रामसिंह का वंशज और दलपतसिंह का पुत्र भगवानसिंह। भगवानसिंह की रणवीरता से राजा तथा शाहजादे सभी भय खाते थे। वह राठौड़ों की किस प्रशाखा तथा ठिकाने का स्वामी था ख्यातों से पता नहीं लगता है।

पृष्ठ ९८ गीत सं. ७६ अमरसिंघ —

अमरसिंह का परिचय प्राप्त नहीं है। उसने आक्रमण कर अचलदास को धराशायी किया था। अमरसिंह को गीतकार ने मालदेव का पुत्र बताया है।

पृष्ठ ९९ गीत सं ७७ भींवसिंघ हींगोलावत राठौड़—

राठौड़ों की हिंगोलावत उपशाखा के रूपसिंह का पुत्र निम्बा का वंशज भीमसिंह राठौड़। भीमसिंह के विषय में अन्य परिचय उपलब्ध नहीं है।

पृष्ठ १०० गीत सं ७८ नरहरदास कांधलोत राठौड़—

जोधपुर के राव जोधा के पराक्रमी भाई राव कांधल का वंशज नरहरिदास राठौड़ राव कांधल के उत्तराधिकारियों के ठिकाने बीकानेर राज्य में थे। नरहरिदास संभवतः उदयसिंह का पुत्र था। वह किसके विरुद्ध लड़ा, कोई संकेत नहीं मिलता।

पृष्ठ १०१ गीत सं. ७९ भाखरसिंघ राठौड़—

राठौड़ कर्णसिंह का पौत्र भाखरसिंह राठौड़। गीत में भाखरसिंह की वीरता पर बादशाह अकबर के प्रसन्न होने का वर्णन है। भाखरसिंह के ठिकाने और मनसब आदि की जानकारी उपलब्ध नहीं होती।

पृष्ठ. १०२ गीत सं. ८० कंवर रामसिंघ राठौड़—

संभवतः बीकानेर के राव कल्याणमल का पुत्र और महाराजा रायसिंह का अनुज रामसिंह राठौड़। रामसिंह को महाराजा रायसिंह ने मरवा दिया था।

पृष्ठ १०३ गीत सं. ८१ ठाकर रूपसिह राठौड़—

ठाकुर नाहरसिह का पुत्र ठाकुर रूपसिह । रूपसिह नागौर के राजाधिराज बखतसिह और जयपुर के महाराजा सवाई जयसिह के मध्य लड़े गए वि. सं. १७९८ के गंगवाना स्थान के युद्ध में लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ था । संभवतः वह नागौर प्रान्त के किसी ठिकाने का ठाकुर था ।

पृष्ठ १०४ गीत सं. ८२ उदैसिंघ नरसिंघ लखधीर भावसी चांदावत—

मारवाड़ के नोखा नींबड़ी ठिकाने के उदयसिह, नृसिह, लखधीरसिह और भावसिह चांदावत राठौड़ । चांदावत प्रशाखा मेड़ता के राव वीरमदेव के पुत्र राव चांदा से प्रचलित हुई । उदयसिह भावसिह आदि चारों वीर विजयपाल के पुत्र थे । उदयसिह, नृसिह, लखधीरसिह और भावसिह ने मेड़ता स्थान के किस युद्ध में आमेर के कछवाहों से लड़ाई की थी कोई अन्य उल्लेख प्राप्त नहीं हैं । गीत में चारों योद्धाओं के रणभूमि में काम आने का वर्णन है ।

पृष्ठ १०६ गीत सं. ८३ राव कल्ला राठौड़ सिवाणा—

मारवाड़ के सिवाना प्रान्त का शासक राव कल्ला (कल्याणसिंह) राठौड़ । जोधपुर के राव मालदेव का पौत्र और राव रायमल्ल का पुत्र राव कल्याणसिह बड़ा स्वाभिमानी वीर था । राव कल्ला ने बादशाह अकबर के मनसब की उपेक्षा कर शाही सेना से जूझ कर मरना गौरवपूर्ण समझा । बादशाह अकबर के निर्देश पर जोधपुर के राजा उदयसिह ने राव कल्ला पर आक्रमण किया था । राव कल्ला ने कोई छः माह तक शाही सेना का साहस पूर्वक सामना किया । अन्त में वि. संवत् १६४० में सिवाना में जूझता हुआ रण खेत रहा । मारवाड़ के खारी पट्टी के लाडनू, लैड़ी, गौराऊ, भीडासरी, सिवा, छपारा आदि ठिकाने राव कल्ला के वंशजों के थे ।

—मा. इ. प्र. भाग (रेउ)पृ. १७५—१७६; मा. प. विगत द्वि. भाग पृ. २१९—२२०

पृष्ठ १०७ गीत सं. ८४ उदैसिंघ राठौड़ बघेरा—

राजा चंद्रसेन का आठवां वंशधर उदयसिंह हुआ । वह मालमसिंह का पुत्र और अजमेर मेरवाड़ा के बघेरा ठिकाने का स्वामी था । उदयसिंह ने बघेरा के किले पर मरहठों के आक्रमण को विफल कर पराक्रम दिखाया था ।

—बांकीदास री ख्यात पृ. ८४

पृष्ठ १०८ गीत सं, ८५ राव सगतसिंघ जोधा खरवा —

अजमेर मेरवाड़ा के खरवा ठिकाने का स्वामी राव शक्तिसिंह जोधा। वह मोटे राजा उदयसिंह जोधपुर का ९ वां पुत्र था। बादशाह अकबर ने शक्तिसिंह की वीरता से प्रसन्न होकर उसे राव की पदवी तथा तीन हजारी का मनसब और सोजत, फूलिया तथा केकड़ी के परगने जागीर में दिए थे। कुछ समय बाद सोजत की एवज में बादशाह ने राव शक्तिसिंह को जैतारण दिया। राव शक्तिसिंह का वंशज राव माधवसिंह और उसका पुत्र राव गोपालसिंह हुआ जो बड़ा वीर और स्वतंत्रता-प्रेमी था। उसने अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता के प्रयासों में सक्रिय भाग लिया था। राव शक्तिसिंह को बादशाह अकबर ने वि. सं. १६५६ में सोजत का पट्टा दिया था।

—मा. इ. प्र. भाग (रेउ) पृ. १८० पा. टिप्पण १; जोधपुर का इतिहास-(ओझा) पृ. ३६३, ३६६।

पृष्ठ १०९ गीत सं० ८६, ८७ राव खंगार जोगावत —

जोधपुर के शासक राव जोधा के पुत्र जोगा तथा उसका पुत्र राव खंगार। राव खंगार की संतति से राठौड़ों की खंगारोत शाखा प्रारंभ हुई। राव-खंगार जैसा वरसिंघोत से खारिया ग्राम में लड़ कर मारा गया। जोगा को राव जोधा ने छापर द्रोणपुर दिया था।

—छत्रिय जाति की वंशावली पृ. २८; राठौड़ों की ख्यात (हस्तलिखित,) जोधपुर, राज्य का इतिहास (ओझा) प्र: खंड पृ. २५३।

पृष्ठ १११ गीत सं० ८८ चंद्रभाण दुवारकादासोत राठौड़—

मारवाड़ के पांचला ग्राम का ठाकुर चंद्रभाण जोधा। ठाकुर चंद्रभाण द्वारकादास का पुत्र था। वह महाराजा जसवंतसिंह का सामंत था। जसवंतसिंह की मृत्यु के पश्चात् वि. सं. १७३५ में महाराजा जसवंतसिंह के शिशु पुत्र अजितसिंह की रक्षार्थ दिल्ली में बादशाही सेना से लड़कर चंद्रभाण वीरगति को प्राप्त हुआ। चंद्रभाण के पांचला का पट्टा ६०००) रू. की रेख का था। वह पाटन के वीरमगांव का थानेदार भी रहा। उसने औरंगजेब के सामने गाढे राव नामक हाथी को तलवार से मारा था।

—कूंपावत राठौड़ों का इतिहास पृ. २४७-२४८; राजरूपक पृ. ३७; राठौड़ों की ख्यात

पृष्ठ ११३ गीत सं. ८९ कीरतसिंघ पूरणमलोत राठोड़—

खंगार का वंशज और पूर्णमल्ल का पुत्र कीर्तिसिंह राठौड़ का अन्य परिचय प्राप्त नहीं है।

पृष्ठ ११४ गीत सं ९०, से ९७ राव रतनसिंघ ऊदावत जैतारण—

मारवाड़ के राव सूजा के लघु पुत्र राव ऊदा की संतति ऊदावत राठौड़ कहलाते हैं। राव रत्नसिंह राव खींवकरण का जेष्ठ पुत्र था। खींवकरण वि. सं. १६०० में शेरशाह के विरुद्ध गिरीं सुमेल के युद्ध में मारा गया था। राव रत्न-सिंह सं १६०० में जैतारण की गद्दी पर बैठा। वह मालदेव जोधपुर के बड़े सरदारों में था। राव मालदेव की ओर से वि. सं १६१३ में हरमाड़ा (अजमेर) के पास नवाव हाजी खां पठान की सहायतार्थ महाराणा उदयसिंह से लड़े गए युद्ध में रत्नसिंह ने वीरता दिखाई थी। उक्त युद्ध में उदयपुर की सेना पराजित हुई थी और सूजा वालेचा तथा तेजसी डूंगरसिंहोत ऊदावत दो बड़े योद्धा मारे गए थे। राव मालदेव की राव जयमल से हुई पराजय का प्रतिशोध लेने के लिए सं. १६१४ में रतनसिंह और देवीदास जैतावत ने मेड़ता पर आक्रमण कर राव जयमल से मेड़ता छीन लिया। जब वि. सं. १६१४ में अजमेर के सूबेदार कासिमखां ने जैतारण पर आक्रमण किया तब राव रत्नसिंह ने राव मालदेव से सहायता मांगी थी पर मालदेव ने मदद नहीं भेजी। फलस्वरूप रतनसिंह उक्त युद्ध में मारा गया और जैतारण उसके वंशजों के हाथ से निकल गया। रत्नसिंह के साथ किशनदास जैतसिंहोत ऊदावत, कानदास तथा शंकरदास ऊदावत आदि कोई ३२ वीर मारे गए।

—इतिहास नीबाज पृ. ४३, ४४, ४६, ४८, ४९

पृष्ठ १२२ गीत सं. ९८ कुंवर जसवंतसिंह—

खेतसिंह का पुत्र और शूरसिंह का पौत्र कुमार जसवंतसिंह। जसवंतसिंह के ठिकाने तथा युद्ध आदि में वीरता प्रकट करने की जानकारी प्राप्त नहीं हुई।

पृष्ठ १२३ गीत सं. ९९ ठाकर अमरसिंघ नीवाज—

मारवाड़ के नीवाज ठिकाने का ठाकुर अमरसिंह ऊदावत राठौड़। वह ठाकुर जगरामसिंह का पौत्र और कुंवर कुशलसिंह का पुत्र था। कुशलसिंह ठाकुर जगरामसिंह की मौजूदगी में ही अजमेर के शाही सूबेदार के आक्रमण करने पर जगरामगढ़ में लड़कर मारा गया था। अतः अमरसिंह अपने पितामह जगरामसिंह के बाद सं. १७६७ में नीवाज का पट्टाधिकारी हुआ। वह महाराजा अजितसिंह का विश्वस्त सरदार था। अमरसिंह ने महाराजा अभयसिंह द्वारा नवाब सरबिलंदखां अहमदाबाद पर किए गए सैनिक अभियान में उल्लेखनीय वीरता का परिचय दिया और अजमेर के तारागढ़ दुर्ग पर अधिकार कर शाही सूबेदार को अजमेर से भगा दिया था।

—इतिहास नीवाज पृ. १०१, १०२, १०७, ११३; अजितविलास १०५, १०७

पृष्ठ १२४ गीत सं. १०० ठाकर सुरतांणसिंघ ऊदावत नींवाज—

नीवाज के ठाकुर शम्भुसिंह का उत्तराधिकारी ठाकुर सुल्तानसिंह ऊदावत राठौड़। वह १८५६ में नीवाज की गद्दी पर बैठा था। उसने महाराजा मानसिंह की आज्ञा से सिरोही राज्य पर आक्रमण कर सिरोही नरेश को दण्डित करने वाली जोधपुर की सेना का नेतृत्व किया था। तदनन्तर वह महाराजा मानसिंह जोधपुर और महाराजा सवाई जगतसिंह जयपुर के हुए युद्धों में महाराजा मानसिंह का सहायक बना रहा। महाराजा मानसिंह और ठाकुर सवाईसिंह पोकरण, ठाकुर केशरीसिंह आसोप प्रभृति सरदारों में तीव्र विरोध उत्पन्न हो गया था। फलतः महाराजा मानसिंह ने ठाकुर सवाईसिंह को छलाघात से नवाब अमीर खां टोंक द्वारा मरवा डाला और फिर स्वार्थियों के भ्रमित करने पर ठाकुर सुल्तानसिंह के निवास नीवाज की हवेली (जोधपुर नगर) पर आक्रमण किया। ठाकुर सुल्तानसिंह ने क्षत्रियोचित रीति से राजकीय सेना का सामना किया और वह अपने भाई शूरसिंह, ठाकुर खेतसिंह, ठाकुर भीमसिंह पोह आदि सहित मारा गया।

—इतिहास नीवाज पृ. १५६, १६७, १७०, १७१, १७२, १७४।

पृष्ठ १२५ गीत सं. १०१ राव वीरमदेव दूदावत मेड़ता—

जोधपुर के राजा जोधा के लघु पुत्र राव वीरमदेव मेड़तिया राठौड़। वीरमदेव बड़ा पराक्रमी शासक था। उसने नागौर के शासक, जोधपुर के राव मालदेव और अजमेर के शाही सूबेदार से लड़ाइयां लड़ी। मालदेव और वीरमदेव में जीवन-पर्यन्त विरोध चलता रहा। वीरमदेव से मेड़ता, रियां और अजमेर

जाने के बाद वह क्रमशः बोंली और चाटसू में रहा। वहां से वह शेरशाह के पास दिल्ली गया और शाही सहायता प्राप्त कर मालदेव को पराजित किया। वह सं. १५५४ में मेड़ता की गद्दी पर बैठा और सं. १६०९ में मेड़ता में स्वर्गवासी हुआ।

—राठौड़ों की ख्यात; ठिकाना कुचामन की ख्यात।

पृष्ठ १२६ गीत सं. १०२ केसवदास जैमलोत मेड़तिया परबतसर—

राव जयमल मेड़तिया का छोटा पुत्र केशवदास मेड़तिया। ईश्वरदास के पुत्र नरहरिदास के बाद जब केशवदास भी अकबर बादशाह की सेवा में चला गया तब अकबर ने केशवदास को मेड़ता का आधा परगना जागीर में प्रदान कर मन्सब दिया। तदनन्तर बादशाह ने उसे मारवाड़ के राव चंद्रसेन के विरुद्ध भेजे गए सेनानायकों में भेजा। तदुपरांत सन् १५९७ ई. में अहमदनगर राज्य के विरुद्ध भेजी गई सेना में उसे हरावल के प्रमुख व्यक्तियों में नियुक्त किया गया। केशवदास सन् १५९९ ई. बीड़नगर के घमासान युद्ध में वीरतापूर्वक लड़ता हुआ खेत रहा।

—शोधपत्रिका लेख 'अकबर कालीन विभिन्न केशवदास' डॉ. रघुवीरसिंह, वर्ष १२, अंक ३ पृ. २, ३

पृष्ठ १२७ गीत सं. १०३ ठाकर रामसिंघ मेड़तिया—

ठाकुर रामसिंह मेड़तिया के सम्बन्ध में कोई परिचय उपलब्ध नहीं हुआ। मेड़तियों के ठिकानों में रामसिंह नामक दो ठाकुरों के नाम मिलते हैं। पहला रामसिंह आलनियावास का ठाकुर और दूसरा रामसिंह रायण का ठाकुर था। गीतनायक रामसिंह का सही परिचय प्राप्त नहीं है।

—पृष्ठ १२८ गीत सं. १०४ राजा सबळसिंघ मेड़तिया मारोठ

मारोठ के स्वामी रघुनाथसिंह मेड़तिया का बड़ा पुत्र सबलसिंह मेड़तिया। सबलसिंह बादशाह औरंगजेब की सेवा में था। उसके मन्सब आदिकी जानकारी प्राप्त नहीं है। सबलसिंह ने रसनरासो के लेखक प्रसिद्ध कवि कुम्भकर्ण सांदू भदोरा के परिवार को यवनों द्वारा पकड़ने पर मुक्त करवाया था। सबलसिंह का उत्तराधिकारी इन्द्रसिंह हुआ। इन्द्रसिंह को महाराजा अजितसिंह ने वि.सं. १७६७ में गोढ़ावाटी परगने

का मींढ़ा ठिकाना प्रदान किया था। मींढ़ा और उसके आस-पास के ग्रामों में सबलसिंहोत मेड़तियों की भूमि है।

–कुचामन री ख्यात; मारवाड़ के ठिकानेदारों की पीढ़ियां; बांकीदास री ख्यात पृ. ६६

पृष्ठ १३० गीत सं. १०५ कल्याणसिंघ मेड़तिया सोहिला––

कल्याणसिंह मेड़तिया सोहिला के ठाकुर प्रतापसिंह का पुत्र था। रतनरासो के लेखक कुंभकर्ण सांदू ग्राम भदोरा ने गीत में कल्याणसिंह को पतावत (प्रतापसिंह का पुत्र) कहा है, इससे अधिक परिचय प्राप्त नहीं हुआ।

पृष्ठ १३२ गीत सं० १०६ ठाकर बिसनसिंघ चांणोद—

गोड़वाड़ के चांणोद ठिकाने का ठाकुर विशनसिंह मेड़तिया। विशनसिंह ठाकुर शिवसिंह का पुत्र था। जोधपुर के महाराजा विजयसिंह ने वि.सं. १८२९ म विशनसिंह को चांणोद का पट्टा प्रदान किया था। ठाकुर विशनसिंह ने महाराणा अरिसिंह मेवाड़ के समय में उनके विरोधी महाराणा रत्नसिंह (फरेबी) के विरुद्ध अरिसिंह की सहायता की थी। उसने सादड़ी, खीमेल आदि स्थानों की लड़ाइयों में प्रशंसनीय वीरता प्रकट की थी।

—मारवाड़ के ठिकानेदारों की पीढ़िया (ह.लि.); तवारीख जागीरदारांन राज मारवाड़ पृष्ठ १६०.

पृष्ठ १३३ गीत सं० १०७ ठाकर प्रतापसिंघ गोपीनाथौत मेड़तियौ बोरूंदा—

बिलाड़ा परगने के बोरूंदा ठिकाने वालों का पूर्वज प्रतापसिंह विशनदासोत मेड़तिया राठौड़। वह ठाकुर गोपीनाथ का पुत्र था। प्रतापसिंह ने पठानों की सेना से लोहा लेकर वीरगति प्राप्त की थी। प्रतापसिंह का पिता ठाकुर गोपीनाथ महाराजा अजितसिंह के पक्ष में डीगराणा (मेड़ता) के युद्ध में मारा गया था। प्रतापसिंह किस युद्ध में काम आया, ख्यातों में विशेष विवरण नहीं मिलता।

–– तवारीख जागीरदारांन राज मारवाड़ पृ० १९०; मारवाड़ के जागीरदारों की वंशावली (ह.लि.); मारवाड़ का इतिहास (रेउ) द्वितीय भाग पृ. ६६९

पृष्ठ १३४ गीत सं० १०८, १०९ ठाकर भारथसिह सूरसिंघोत—

बिलाड़ा परगने के बोरूंदा ठिकाने का स्वामी भारतसिंह-मेड़तिया। वह ठाकुर शूरसिंह का पुत्र था। 'तवारीख जागीरदारान मारवाड़' में बोरूंदा की पीढ़ियों में शूरसिंह को 'सूरतसिंघ' लिखा है और सूरतसिंह का उत्तराधिकारी जैतसिंह लिखा है। पीढ़ियों की सूची में भारतसिंह का नाम नहीं दिया है। संभवतः भारतसिंह जैतसिंह का कनिष्ठ भ्राता रहा होगा। वह दौलतसिंह जोधा, बखतसिंह खंगारोत सहित ईडर से मारवाड़ में आते हुए रोहीड़ा की घाटी में मारा गया था। उसकी वीरता पर सुखा दमामी का यह दोहा प्रसिद्ध है—

आया पिसण अपार, विकट थाट घाटा विचै।
भारथ भारथ वार, साम्हो लड़ियौ सूरउत॥

राठौड़ां री ख्यात (ह.लि.)

पृष्ठ १३६ गीत सं. ११०, १११ राणा सगर चित्तौड़—

उदयपुर के महाराणा उदयसिंह का छोटा पुत्र और महाराणा प्रतापसिंह का अनुज राणा सगर। वह राणा जगमाल का सगा भाई था। जगमाल के वि.सं. १६४० में दत्ताणी (सिरोही) के युद्ध में मारे जाने पर वह महाराणा प्रतापसिंह से रुष्ठ होकर शाही सेवा में चला गया। बादशाह जहांगीर ने सगर को राणा की पदवी और चित्तौड़, नागौर तथा अजमेर के प्रान्त दिये थे। महाराणा अमरसिंह से संधि हो जाने पर बादशाह जांहगीर ने चित्तौड़ की एवज में सगर को पूर्व में जागीर तथा रावत की पदवी दी। सगर की संतति वालों के मालवा में ऊमरी भदोरा आदि ठिकाने थे। सगर का जन्म वि: सं. १६१६ में हुआ था वह तीन हजारी जात तथा दो हजार का मनसवदार था।

—बांकीदास री ख्यात पृ० ९४; मआसिरुल, उमरा पृ० ४००; नैणसी री ख्यात भाग १ पृ० २३, २४.

पृष्ठ १३८ गीत सं. ११२ राजा भीवसिंघ सीसोदिया टोडा—

टोडा राज्य का राजा भीमसिंह राणावत (सिशोदिया) वह महाराणा अमरसिंह का छोटा पुत्र था। बादशाह जांहगीर और महाराणा अम सिंह के संधि हो जाने पर शाही सेवा में गया। वि. सं. १६७९ में भीमसिंह को राजा का उपटंक

और मेड़ता जागीर में मिला था। वह शाहजादा खुर्रम का अत्यन्त विश्वासी और महान् योद्धा था। वह शाहजहां के विद्रोह करने पर वि. सं. १६८१ में शाही सेना नायक शाहजादा पर्वेज, महावतखां खानखानां, मिर्जा राजा जयसिंह, महाराजा गजसिंह आदि से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। कथित युद्ध विहार के झूंसी नामक स्थान पर लड़ा गया था।

—मआसिरुल उमरा, पृ० ३६३, ३६४ की पादटिप्पणी; गजगुण रूपक पृ० १४२।

पृष्ठ १४६ गीत सं. ११३ महारावत हरिसिंघ प्रतापगढ़—

वागड़-प्रदेश के देवलिया प्रतापगढ़ का महारावत हरिसिंह-सिशोदिया। वह महारावत जसवंतसिंह का उतराधिकारी था। महारावत जसवंतसिंह के वि. सं. १६६० में उदयपुर में छलाघात से मारे जाने पर हरिसिंह गद्दी पर बैठा। वह विद्वानों का आश्रयदाता शासक था। 'हरिपिंगळ प्रबंध' डिंगल छंदशास्त्र का ग्रन्थ जोगीदास कंवारिया ने उसी की आज्ञा से रचा था।

—बांकीदास री ख्यात भाग १ पृ० ९६, ६७; हरि-पिंगळ (ह.लि.)।

पृष्ठ १४० गीत सं० ११४ महारावत प्रतापसिंघ देवळिया —

देवलिया प्रतापगढ़ का महारावत प्रतापसिंह। वह महारावत हरिसिंह का उत्तराधिकारी था। अहमदाबाद के युद्ध में पराजित होने पर नवाब सर बिलंदखां महारावत प्रतापसिंह के पास रहा था। वह १७३२ वि. में देवलिया की गद्दी पर बैठा था। उसने सं. १७६५ में अपने नाम पर प्रतापगढ़ नगर का निर्माण कर अपनी राजधानी बनाया। संवत् १७६५ में उसका देहान्त हुआ।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत प्र. भा. पृ. ५२४; राजस्थानी वातां भा. ७

पृष्ठ १४२ गीत सं. ११५ महारावत उदैसिंघ प्रतापगढ़ —

देवलिया प्रतापगढ़ का महारावत उदयसिंघ। वह अपने पिता महारावत दलपतसिंह के बाद संवत् १९२० विक्रमी में प्रतापगढ़ की गद्दी पर बैठा। उदयसिंह बडा मिलनसार था उसने प्रतिवेशी राजाओं से राजनैतिक मेल मिलाप बढ़ाकर मित्रता स्थापित की। उसका वि. सं १९४६ में निःसंतान देहावसान हुआ।

राजपूताने का इतिहास प्र. भा. गहलोत पृ. ५३१,५३२.

पृष्ठ १४३ गीत सं. ११६, ११७ राजा ऊमेदसिंघ सायपुरा—

शाहपुरा राज्य का स्वामी राजा उम्मेदसिंह। वह राजा भारतसिंह का पुत्र था। उम्मेदसिंह १७२९ ई. में शाहपुरा की गद्दी पर बैठा था। वह बड़ा वीर था। उसने अपने जीवनकाल में गगवाणा, बनेड़ा, राजमहल, बूंदी आदि अनेक प्रसिद्ध युद्धों में भाग लेकर शौर्य दिखाया तथा महाराणा अरिसिंह का प्रबल पक्षधर बना रहा। अन्त में महादाजी सिंधिया द्वारा मेवाड़ पर आक्रमण करने पर वि.सं. १८२४ में उज्जेन के युद्ध में अपने तीनों पुत्रों सहित वीरगति प्राप्त की। उक्त युद्ध में सात हजार मरहठे सैनिक मारे गए थे।

–शाहपुरा री ख्यात, भाग २।

पृष्ठ १४७ गीत सं. ११८ महारावळ बिजैसिंघ डूंगरपुर—

महारावत उदयसिंह का पुत्र महारावत विजयसिंह डूंगरपुर। महारावत विजयसिंह वि. सं. १९५४ में सिंहासनासीन हुआ उसने अपने राज्य में शिक्षा का निःशुल्क प्रबंध किया। शासन सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण सुधार किये। सं. १९५६ के महादुर्भिक्ष में प्रजा का पोषण किया। वह सं. १९७४ में स्वर्गवासी हुआ।

—राजपूताने का इतिहास गहलोत प्र. भा. पृ. ५२४-२५

पृष्ठ १४९ गीत सं. ११९ रावत नारायणदास सीसोदिया वेगू—

महाराणा उदयसिंह के पुत्र शक्तिसिंह से सिशोदियों की शक्तावत शाखा का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिसिंह के पुत्र अचलदाल और उसका पुत्र रावत नारायणदास हुआ। राणा सगर ने नारायणदास को रावत की पदवी और वैगू तथा रतनपुर के ठिकाने दिए थे। वह राणपुर में काम आया था।

—नैणसी री ख्यात भा. १ पृ. २७, ६३, ६७; बांकीदास री ख्यात पृ. ९३

पृष्ठ १५० गीत सं. १२० दलपत सकताउत सीसोदिया—

महाराणा उदयसिंह के पुत्र महाराज शक्तिसिंह का पौत्र दलपत शक्तावत। वह रावत अचलदास वेगू का पुत्र था। उसने महाराणा अमरसिंह की ओर से शाही सेना से युद्ध कर प्रसिद्धि प्राप्त की थी।

नैणसी री ख्यात भा पृ. २७

पृष्ठ १५१ गीत सं. १२१ कलियाणदास परतापौत सीसोदिया —

महाराणा प्रतापसिंह का छोटा पुत्र कल्याणदास। वह यशोदावाई चहुवान की कुक्षि से उत्पन्न हुआ था। गीत में उसके भयानक रूप में घायल होकर वच रहने का वर्णन है।

—वीरविनोद द्वितीय भाग, प्रथम खण्ड पृ. १७५; मुंहता नैणसी री ख्यात भाग १ पृ. २८.

पृष्ठ १५३ गीत सं. १२२ मिरजा राजा जैसिंघ कछवाहा आमेर —

वह आमेर के राजा महासिंह का पुत्र था। अपने पिता की मृत्यु के वाद सं. १६७१ में आमेर की गद्दी पर वैठा। शाही सेवा में रहकर उसने अनेक युद्धों में विजय प्राप्त कर यश अर्जित किया था। अपनी मृत्यु के समय सं १७२३ में वृद्धि प्राप्त कर उसका सप्तहजारी जात तथा सात हजार का मनसव हो गया था। वह वुरहानपुर में मृत्यु को प्राप्त हुआ।

— मुगल दरवार भाग १ पृ. १५४–१६३; राजस्थानी निवंध-संग्रह पृ. १८–२४.

पृष्ठ १५४ गीत सं० १२३ महाराजा सवाई जयसिंघ आमेर —

आमेर नरेश मिरजा राजा जयसिंह का पौत्र और राजा-विष्णुसिंह का पुत्र महाराजा सवाई जयसिंह कछवाह। वह अपने पिता के निवन पर ईस्वी सन् १६९९ में आमेर की गद्दी पर वैठा और शाही सेवा में प्रविष्ट हुआ। जयसिंह ने वादशाह की ओर से मथुरा मण्डल के चूड़ामणि जाट, से तथा गगवाना, वूँदी के युद्ध आदि में विजय प्राप्त की। वह राजनीति, ज्योतिष, स्थापत्य और गणित आदि कलाओं का प्रेमी तथा कुशल शासक था। भारत का भव्य नगर जयपुर सवाई जयसिंह की कीर्ति का अद्वितीय उदाहरण है। मालवा का प्रान्तपाल रहते हुए उसने मरहठों से मित्रता वढ़ाई। इस युगपुरुष का वि. सं. १८०० में देहावसान हुआ।

मु. द. भाग १ पृ १६४–१६७; कछवाहों का इतिहास पृ. ३०.

पृष्ठ १५६ गीत सं० १२४ महाराजा सवाई प्रतापसिंघ —

वह जयपुर के महाराजा सवाई माधवसिंह (प्रथम) का द्वितीय पुत्र था। प्रतापसिंह अपने अग्रज महाराजा सवाई पृथ्वीसिंह की मृत्यु के वाद जयपुर राज्य के सिंहासन पर वैठा। उसने तुंगा और पाटन स्थानों पर मरहठों से भयानक युद्ध लड़े।

अलवर और जयपुर का विग्रह भी इसके शासनकाल में खूब चला। पर, युद्धों में रत रहते हुए भी प्रतापसिंह ने हवामहल जैसी रमणीय इमारत का निर्माण करवाया। संगीत और साहित्य की उल्लेखनीय सेवाएँ कीं। 'ब्रजनिधि ग्रन्थावली' के नाम से उनका काव्य प्रसिद्ध है। महाराजा सवाई प्रतापसिंह का शासनकाल वि. सं. १८३५ से १८८० तक रहा।

—प्रतापरासो पृ. ४४; महाराजा प्रतापसिंह की निशानियां.

पृष्ठ १६१ गीत सं. १२५, १२६ महाराव सेखा कछवाहा —

शेखावाटी संघ के ठिकानों का परम प्रतापी पूर्वज महाराव-शेखा कछवाहा। वह महाराव मोकल का पुत्र और उत्तराधिकारी था। उसने शासनाधिकार प्राप्त कर अमरसर नगर का निर्माण किया और वहां अपनी राजधानी स्थापित की। महाराव शेखा ने चरखी दादरी के जाटू क्षत्रियों, हांसी हिसार के कायमखांनियों, जयपुर नरेश चंद्रसेन तथा गौड़ावाटी के गौड़ क्षत्रियों को पराजित कर प्रसिद्धि प्राप्त की तथा गौड़ों के साथ अंतिम युद्ध में सं. १५४५ में वीरगति को प्राप्त हुआ।

— रायसल जससरोज; देवगुण प्रकास; खण्डेला का इतिहास; केशरीसिंह समर पृ. १४.

पृष्ठ १६६ गीत सं. १२७ राव रायमल सेखावत —

महाराव शेखा का उत्तराधिकारी राव रायमल शेखावत। राव रायमल बादशाह हुमायूं और जोधपुर के शासक राव मालदेव का समसामयिक था। राव रायमल ने हिंदाल को पराजित किया तथा नारनौल को लूटा। वह सं. १६३३ के आस पास स्वर्गवासी हुआ।

— केशरीसिंह समर पृ. १५-१९.

पृष्ठ १६७ गीत सं. १२८ राव सूरजमल सेखावत —

राव रायमल का पुत्र राव सूरजमल। वह बादशाह का विरोधी बना रहा। उसने गौड़ावाटी से लगे किशनगढ़ के इलाके के गौड़ों को पराजित किया। अंत में रासा टांक से वह पराजित होकर मेवात में टीबा बसई जा रहा और वहीं उसका देहावसान हुआ।

— रायमल जससरोज; केशरीसिंह समर पृ. १९.

पृष्ठ १६८ गीत सं. १२९ राजा गिरधरदास सेखावत खंडेला —

वह खण्डेला के राजा रायसल दरबारी का पुत्र और उत्तराधिकारी था। अपने पिता के देहावासन के पश्चात् वि. सं. १६३२ में वह खण्डेला का अधिपति बना। बादशाह जांहगीर की सेवा में उपस्थित होने पर उसे मेवात के डाकुओं का उन्मूलन करने पर नियुक्त किया। राजा गिरधरदास ने उनका दमन कर शान्ति-स्थापित की। वि.सं. १६७२ में उसे दक्षिण में भेजा गया उस समय उसे राजा की पदवी और ८०० जात, आठ सवार का मनसब मिला। तदनन्तर उसके मनसब में वृद्धि कर वि. सं. १६७९ में दो हजार जात, डेढ़ हजार का मनसबदार बनाया गया और शाहजादे-खुर्रम के विद्रोह का दमन करने के लिए भेजी गई सेना में नियुक्त कर दक्षिण में भेजा गया। वहीं वि. सं. १६८० में वह पूजा करते हुए बुरहानपुर में बाराह के सैयदों के एक सेवक द्वारा २६ आदमियों सहित मारा गया। राजपूत मनसबदारों ने राजा गिरधर का वैर लेना चाहा तब शाहजादे परवेज ने सैयदों के मुखिया सैयद कबीर को कैद कर लिया और घटना की जांच होने पर उसे मृत्यु दण्ड दिया गया।

— म. उ. भा. १ पृ. ३५३; केशरीसिंह समर पृ. ३८; ओझा निबन्ध संग्रह पृ.६०-६३.

पृष्ठ १६९ गीत सं १३० राव रायचंद सेखावत मनोहरपुर —

महाराव शेखा के पौत्र सूरजमल का पाटवी पुत्र और राजा रायसल का जेष्ठ भ्राता राव लूणकर्ण का पुत्र राव मनोहरदास हुआ और मनोहरदास का पुत्र राव रायचन्द हुआ। राव रायचंद ने भी अपने पूर्वजों की भांति शाही-मनसब प्राप्त किया और शाही सेना में रह कर कंधार और बक्सर आदि के युद्धों में भाग लिया तथा शौर्य प्रदर्शित कर बक्सर के युद्ध में मारा गया। इसके भ्राता राय-पृथ्वीचंद को बादशाह जांहगीर ने पांच सदी जात, तीन सो सवार का मनसब दिया था। वह कांगड़ा के युद्ध में विक्रमादित्य के साथ मारा गया था।

—नैणसी भाग १ पृ. ३१९; म. उमरा पृ. ३७८; जयपुर व अलवर का इति. पृ.१९६.

पृष्ठ १७० गीत सं. १३१ राव तिलोकचंद सेखावत मनोहरपुर —

मनोहरपुर का शासक राव तिलोकचंद शेखावत। वह राव रायचंद का उत्तराधिकारी हुआ। राव तिलोकचंद बड़ा दानवीर था। उसने वि. सं. १६९२ में सांवलदास बारहठ के चारों ही पुत्रों को हनुवंतपुरा, जौनपुरा, किशनपुरा और कल्याण-पुरा नामक चार ग्राम दान किये और भूधरदास को हणुतिया ग्राम दिया।

—रायसल जससरोज; जयपुर अलवर का इतिहास पृ. १९६

पृष्ठ १७१ गीत सं. १३२ राव विसनसिंघ सेखावत मनोहरपुर —

राव नाथूसिंह का पुत्र राव बिशनसिंह शेखावत मनोहरपुर। वह जयपुर राज्य के प्रथम श्रेणी के सरदारों में था ।

पृष्ठ १७२ गीत सं. १३३ राव हणवंतसिंघ सेखावत मनोहरपुर —

मनोहरपुर के महाराव विष्णुसिंह का उत्तराधिकारी महाराव हनवंतसिंह शेखावत । वह महाराजा सवाई रायसिंह जयपुर के बाल्यकाल में जयपुर राज्य परिषद का सदस्य रहा । महाराव हनुवंतसिंह काव्य प्रेमी, नीति-निपुण और उदार शासक था । उसके आश्रित कवि आईदान पाल्हावत ने छंदशास्त्र का ग्रन्थ 'हनवंत प्रकास' बनाया था ।

— रा. इ. तृतीय भाग पृ. १४६; वीर-गीत-संग्रह भा. १ भूमिका पृ. ३.

पृष्ठ १७३ गीत सं. १३४, १३५, १३६ ठाकर सादूळसिंघ सेखावत झुंझणू—

शेखावाटी प्रांत के झुंझनू के स्वामी ठाकुर शार्दूलसिंह-शेखावत । ठाकुर शार्दूलसिंह ठाकुर जगरामसिंह का पुत्र था । शार्दूलसिंह का वि. सं. १७३८ में टोंक छीतरी ग्राम में जन्म हुआ था । वह बड़ा वीर और राजनीति निपुण व्यक्ति था उसने अपने भ्राता सलहदीसिंह के सहयोग से झुंझनू के नवाबी राज्य को समाप्त कर उस पर अपना अधिकार स्थापित किया । शार्दूलसिंह ने फतहपुर के नवाबी राज्य को नष्ट करने में राव शिवसिंह सीकर की सहायता की । उसने वि.सं १७८० में सीकर पर शाही आक्रमण होने पर राव शिवसिंह की मदद की और गगवाणा के युद्ध में महाराजा सवाई जयसिंह के पक्ष में राजाधिराज वखतसिंह नागौर से युद्ध लड़ा । शार्दूलसिंह का वि.सं. १७९९ में परशुरामपुरा में देहावसान हुआ ।

— शार्दूलसिंह शेखावत पृ. ७०, ११६; १४४, १४६ शार्दूल वंश-प्रकास १५९–२१०

पृष्ठ १७७ गीत सं. १३७ ठाकर नौलसिंघ सेखावत नवलगढ़ —

ठाकुर शार्दूलसिंह का चतुर्थ पुत्र ठाकुर नवलसिंह शेखावत। ठाकुर नवलसिंह वि.सं. १७९४ में रोहीली नामक स्थान पर नवलगढ़ का दुर्ग बनाया था । बादशाह शाह आलम ने ठाकुर नवलसिंह को तीन हजारी जात, दो हजार सवार का मनसब दिया था । नवलसिंह ने वि.सं. १८३२ में फरुखनगर के नवाब कालेखां-

विलोच और रेवाड़ी के राव मित्रसेन अहीर को पराजित किया। शेखावाटी के इतिहास में यह घटना मांडण के युद्ध के नाम से प्रसिद्ध है। नवलसिंह का पुत्र लालसिंह मांडण के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुआ। वि.सं. १७८० में सिघाना में नवलसिंह का देहावसान हुआ।

—शार्दूलसिंह सेखावत पृ. १३५, १४९; मांडण का युद्ध (ह.लि.) शेखावतों की ख्यात.

पृष्ठ १७८ गीत सं. १३८ ठाकर लिछमणसिंघ महणसर —

महणसर का ठाकुर लक्ष्मणसिंह शेखावत। वह ठाकुर-नवलसिंह नवलगढ़ का पौत्र और ठाकुर नाहरसिंह का जेष्ठ पुत्र था वह बड़ा वीर और उदार सरदार था। उसने महाराजा सवाई जगतसिंह की ओर से वि.सं. १८६३ में महाराजा मानसिंह जोधपुर से लड़े गये पर्वतसर के पास गींगोली की घाटी के युद्ध में भाग लियाया था।

— लावा रासा भूमिका पृ. ६; शार्दूलवंश-प्रकास पृ. ३८१, ३८२; शार्दूलसिंह शेखावत पृ. १८१.

पृष्ठ १७९ गीत सं. १३९ सुखरूपसिंघ, उम्मेदसिंघ, जैमल सेखावत झाड़ली—

शेखावतों की 'गोपालजी के' प्रशाखा के ठाकुर गोवर्द्धनसिंह झाड़ली के पुत्र सुखरूपसिंह, उम्मेदसिंह और जयमल शेखावत। सुखरूपसिंह, उम्मेदसिंह और जयमल ने विपक्षियों से जूझ कर रणभूमि में प्राण विसर्जन किया था। यह युद्ध कहां और कब हुआ कोई संकेत नहीं मिला।

पृष्ठ १८१ गीत सं. १४० जवाहरसिंध सेखावत पाटोदा —

सीकर राज्य के पाटोदा ठिकाने का ठाकुर जवाहरसिंह-शेखावत। ठाकुर जवाहरसिंह सीकर के राव शिवसिंह का पौत्र, दलपतसिंह का पुत्र था। ठाकुर जवाहरसिंह ने अपने भाई ठाकुर डूंगरसिंह तथा अन्य शेखावत बंधुओं के सहयोग से अंग्रेजों की छावनी नसीराबाद को लूट लिया था। उसने आगरा के किले पर आक्रमण कर वि सं १९०३ में डूंगरसिंह और अन्य स्वतंत्रता प्रयासी योद्धाओं को बंधन-मुक्त किया और अंग्रेजों की सत्ता को हिला दिया था। अंत में बीकानेर नरेश रतनसिंह के प्रयत्न

से आत्मसमर्पण कर अपने ठिकाने पाटोदा में शांति से रहने लगा। राव राजा भैरूंसिंह-शेखावत सीकर और राव राजा माधवसिंह के शासनकाल में जवाहरसिंह ने सीकर राज्य का राजकीय कार्य भी किया।

— स्वतंत्रता सेनानी डूंगजी जवाहरजी पृ. १–८; रायसल जस सरोज; रायसल विरुद छिहतरी।

पृष्ठ १८२ गीत सं० १४१ राव कलियाणसिंघ नरूका मांचेड़ी ––

मांचेड़ी का राव कल्याणसिंह नरूका। वह राव फतहसिंह का पुत्र था। कल्याणसिंह मिर्जा राजा जयसिंह के द्वितीय पुत्र राजा कीर्तिसिंह कामा के पास रहता था। उसने कामा पर अधिकार करने में राजा कीर्तिसिंह की सहायता की थी। बादशाह औरंगजेब के पक्ष में राजा कीर्तिसिंह की ओर से राव कल्याणसिंह ने अनेक युद्धों में भाग लेकर वीरता का परिचय दिया था। उसका पांचवा वंशधर राव-प्रतापसिंह हुआ जिसने कछवाहों के अलवर-राज्य की स्थापना की। कल्याणसिंह कामा-पहाड़ी का सूबेदार भी रहा।

—लावा रासा पृ. ३४, ३५; नैणसी भा. १ पृ. ३१८.

पृष्ठ १८३ गीत सं. १४२ महाराव प्रतापसिंघ नरूका ––

अलवर-राज्य का संस्थापक महाराव प्रतापसिंह नरूका-कछवाहा। वह राव मोहबतसिंह का पुत्र था। महाराव प्रतापसिंह महाराजा सवाई-प्रतापसिंह जयपुर का समकालीन था। प्रतापसिंह ने जयपुर और भरतपुर के बीच हुए मावंडा मंडोली के युद्ध में जयपुर का पक्ष लिया था। किन्तु, महाराजा सवाई प्रतापसिंह से अनबन हो जाने पर वह दिल्ली चला गया और वहां बादशाह शाह आलम द्वितीय से वि.सं. १८२७ में महाराव राजा की पदवी और पंचहजारी का मनसब प्राप्त किया। प्रतापसिंह ने वि.सं. १८३२ में भरतपुर के जाट नरेश को पराजित कर अलवर को अपनी राजधानी बनाया। वह वि. सं १८४७ में स्वर्गवासी हुआ।

—लावा रासा भूमिका पृ. ३५; प्रताप रासो (सम्पादकीय) पृ. ४२, ४३.

पृष्ठ १८४ गीत सं. १४३ रावराजा संगरामसिंघ उनियारा —

जयपुर के अर्द्ध स्वतंत्र राज्य उनियारा का शासक रावराजा संग्रामसिंह। वह रावराजा फतहसिंह का पुत्र था। वि. सं. १७६५ में महाराजा सवाईजयसिंह आमेर और महाराजा अजितसिंह जोधपुर ने शाही थाने सांभर पर आक्रमण किया। सांभर का शाही रक्षक अली अहमदखां सैयद और उसके सहायक नारनोल मथुरा के फौजदार गैरतखां, अहमद सैयदखां मुकाबले पर आये। दोनों ओर के घमासान युद्ध में दानों राजाओं की सैनाओं के पैर उखड़ गये। उस समय रावराजा संग्रामसिंह ने अपने पांच सौ सवारों से शाही पक्ष पर आक्रमण किया जिसमें सैयदअली अहमदखां मथुरा तथा आमेर के सैयद हुसैनखां फौजदार मारे गये।

— मा. इ. प्र. भा. पृ. २९६; सांभर का युद्ध पृ. ४–८.

पृष्ठ १८६ गीत सं. १४४ रावराजा सरदारसिंघ नरूका उनियारा —

जयपुर के स्वशासी उनियारा राज्य का अधिपति रावराजा-सरदारसिंह नरूका प्रथम। सरदारसिंह ने किस युद्ध में तुर्क सेना को पराजित किया था, कोई पुष्ट आधार नहीं मिला। अह रावराजा अजितसिंह का पुत्र था। ई. सन् १७७४ से १७७७ तक वह उनियारा का शासक रहा।

— जयपुर अलवर का इतिहास पृ.१९८.

पृष्ठ १८७ गीत सं. १४५, १४६ रावराजा संगरामसिंघ नरूका उनियारा—

रावराजा संग्रामसिंह नरूका उनियारा का स्वामी। उसने जयपुर और जोधपुर नरेशों के साथ सांभर के शाही फौजदार सैयदअली अहमद, सैयद-हुसैनअली और सैयद अब्दुला को पराजित किया था।

— लावा रासा भूमिका पृ. ३३, जयपुर अलवर का इतिहास पृ. १९८.

पृष्ठ १८९ गीत सं. १४७ ठाकर केसरीसिंघ जूझारसिंघोत —

वह कछवाहों की राजावत शाखा के ठाकुर जूझारसिंह का पुत्र था। जूझारसिंह आमेर के महाराजकुमार जगतसिंह का छोटा पुत्र था।

— नैणसी री ख्यात भाग १, पृ. २९१, २९८.

पृष्ठ १९० गीत सं. १४८ ठाकर भैरूंसिंघ —

ठाकुर भैरूंसिंह के ठिकाना आदि का परिचय अज्ञात है। यह ठाकुर सौभाग्यसिंह का पुत्र और स्यामलदास का वंशज था।

पृष्ठ १९२ गीत सं. १४९ कछवाहां सीसोदियां रौ जुध —

कछवाहों और सीसोदियों में युद्ध बनास नदी के पास राजमहल स्थान पर हुआ था। वह युद्ध कछवाहा नरेश ईश्वरसिंह और महाराणा उदयपुर की सेना में हुआ था। इसमें महाराणा जगतसिंह द्वितीय को पराजित होना पड़ा था।

—मेवाड़ का संक्षिप्त इतिहास पृ. १३५.

पृष्ठ १९३ गीत सं. १५० महाराव सुरताण देवड़ा सिरोही—

सिरोही राज्य का शासक महाराव सुरतान देवड़ा। वह भाण देवड़ा का पुत्र था। राव मानसिंह के निःसंतान देहावसान पर सुरतान सिरोही की गद्दी पर बैठा। उसने राव कल्ला देवड़ा को हराया और जगमाल सीशोदिया को वि. सं. १६४० में पराजित कर रणशायी किया। वह राजा चंद्रसेन जोधपुर और महाराणा प्रतापसिंह के समान ही स्वतंत्रता-प्रेमी था। वि. सं. १६६७ में उसका देहावसान हुआ।

— नैणसी भाग १ पृ. १४२, १४८, १५२, १५३; डूंगरसी रतनू ग्रंथावली पृ.१९०-१९२.

पृ० १९४ गीत सं. १५१ राव सत्रसाल हाडा बूंदी —

हाडा क्षत्रियों के बूंदी राज्य का शासक महाराव शत्रुशाल हाडा। वह राव रतनसिंह का पौत्र और राजकुमार गोपीनाथ का पुत्र था। शत्रुशाल अपने पितामह के बाद वि. सं. १६८८ में बूंदी की गद्दी पर बैठा। बादशाह-शाहजहां की सेवा में उपस्थित होने पर उसे तीन हजारी जात, दो हजार सवार का मनसब मिला। तदनन्तर उसने दक्षिण के दौलताबाद के घेरे, दुर्ग परेंदा के घेरे, बालाघाट बुरहानपुर, कंधार तथा बीदर और कल्याणी के युद्धों तथा घेरों में साहस तथा वीरता का प्रदर्शन कर यश पाया और वि.सं. १७१५ में धौलपुर के मैदान में शाहजादा-

दाराशिकोह के पक्ष में शाहजादा औरंगजेब और मुराद की सेना से लड़ता हुआ खेत रहा। तव वह चार हजारी जात, चार हजार का मनसवदार था।

— विन्हैरासो पृ. २२२; म. उमरा पृ. ४०१--४०५.

पृष्ठ १९५ गीत सं. १५२ राव मुकंदसिंघ हाड़ा कोटा —

कोटा राज्य का अधिपति राव मुकुंदसिंह हाडा। राव रतनसिंह के द्वितीय पुत्र माधवसिंह हाडा कोटा का पुत्र राव मुकुंदसिंह हाडा वि.सं.१७०४ में कोटा-राज्य की गद्दी पर बैठा। बादशाह शाहजांह ने उसे दो हजारी जात, पन्द्रह सौ सवार का मनसब प्रदान कर सम्मानित किया। तदनंतर वह कंधार और चित्तौड़ दुर्ग की चढ़ाई पर भेजा गया। तदनुपरान्त वि. सं. १७१५ में शाहजांह के शाहजादों के उज्जैन के युद्ध में भेजा गया और उसी युद्ध में अपने तीन भाईयों सहित वीरतापूर्वक संग्राम करते हुए धराशायी हुआ। उस समय वह तीन हसारी जात, दो हजार सवार का मनसवदार था।

— विन्हैरासो पृ. २२४; म. उमरा पृ. ३११.

पृष्ठ १९६ गीत सं. १५३ महाराज मोहणसिंघ हाडा पलायथा —

वह कोटा नरेश राव माधवसिंह का पुत्र और राव मुकुंदसिंह का भाई था। महाराज मोहनसिंह वि.सं. १७१५ में उज्जैन की समरस्थली में अपने भाई राव मुकुंदसिंह के नेतृत्व में शाहजादा औरंगजेब और मुरादबख्श की सेना से लड़कर काम आया। उस समय उसका आठ सौ जात, चार सौ सवार का मनसब था।

—कोटा राज्य का इतिहास प्र. भा. पृ. १३४.

पृष्ठ १९७ गीत सं. १५४ पांच माधाणी हाडा —

कोटा के राव माधवसिंह के पुत्र राव मुकुंदसिंह, महाराज-जूझारसिंह कोटड़ा, महाराज मोहनसिंह पलायथा, महाराज कन्हीराम कोयला और महाराज किशोरसिंह सांगोद। ये पांचों भाई उज्जैन के युद्ध में शामिल थे। उक्त युद्ध में चार भाई मारे गए और किशोरसिंह घायल होकर बच रहा। तदनंतर वह कोटा का शासक बना।

— विन्हैरासो पृ. २२४.

पृष्ठ १९८ गीत सं. १५५ कंवर संगरामसिंघ हाडा—

कुंवर संग्रामसिंह हाडा कोटा बूंदी राज्यों के किस ठिकाने का कंवर था प्राप्त इतिहासों से पता नहीं चलता।

पृष्ठ १९९ गीत सं. १५६ महाराव उम्मेदसिंघ हाडा बूंदी —

बूंदी के महाराव राजा बुद्धसिंह का पुत्र महाराव राजा-उम्मेदसिंह हाडा बूंदी। जयपुर नरेश सवाई जयसिंह और महाराव राजा बुधसिंह के प्रवल विरोध होने पर जयसिंह ने बुद्धसिंह को पराजित कर बूंदी पर करवाड़ के कुंवर-दलेलसिंह को अपनी पुत्री विवाह कर अधिष्ठित कर दिया था। सवाई जयसिंह की मृत्यु के बाद उम्मेदसिंह ने वि.सं. १८०० में कोटा के महाराव दुर्जनशाल और शाहपुरा के राजा उम्मेदसिंह राणावत आदि की सहायता प्रप्त कर दलेलसिंह से बूंदी छीन कर अपना अधिकार स्थापित किया। तदनंतर महाराजा सवाई ईश्वरीसिंह ने पुनः बूंदी पर चढ़ाई कर दवलाना स्थान पर उम्मेदसिंह को परास्त कर बूंदी को हस्तगत किया। उम्मेदसिंह ने उदयपुर, शाहपुरा, कोटा और मल्हार राव होलकर की सहायता प्राप्त कर राजमहल स्थान पर युद्ध लड़ा और बूंदी पर कब्जा किया। फिर ई. सन् १८६२ में माहादाजी सिंधिया और कोटा के महाराव दुर्जनशाल से भी युद्ध लड़ा।

— **राज. इ. (गहलोत) द्वि. भा. पृ.८३, ८४, १२७.**

पृष्ठ २०७ गीत सं. १५७ से १७२ तक महाराज बळवंतसिंघ हाडा गोठड़ा—

महाराव राजा उम्मेदसिंह हाडा बूंदी के द्वितीय पुत्र महाराज वहादुरसिंह का जेष्ठ पुत्र महाराज बलवंतसिंह हाडा गोठड़ा। महाराज बलवंतसिंह बड़ा स्वाभिमानी वीर था। उसने जयपुर राज्य के उनियारा संस्थान की सेना को पराजित कर अपनी वीरता का प्रदर्शन किया था। वह अंग्रेज और उनके मित्र महाराज-राणा जालिमसिंह झालावाड़ नरेश का प्रवल विरोधी था। महाराज राणा जालिमसिंह की राजकुमारी से बूंदी नरेश विशनसिंह का विवाह हुआ था। इसलिए विशनसिंह भी उसकी ओर झुका हुआ था। बलवंतसिंह ने वि.सं. १८६७ में बूंदी के नैनवां स्थान पर अधिकार कर अपना प्रभुत्व स्थापित किया। अंग्रेजों ने इस अवसर का लाभ उठाकर वि.सं. १८८१ में जब कि वलवंतसिंह केशोराय पाटन की तीर्थयात्रा पर था उसपर आक्रमण कर उसे घेर लिया। ऐसी विकट स्थिति में भी वलवंतसिंह ने साहस नहीं छोड़ा और अंग्रेजों की सेना से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ। महाराज वलवंतसिंह के साथ ही उनके भाई दलपतसिंह, शेरसिंह, पुत्र घौंकलसिंह और फतहसिंह भी मारे गए थे।

पृष्ठ २३० गीत सं. १७३ कंवर धौंकळसिंघ हाडा गोठड़ा—

स्वातंत्र्य संग्राम के होता महाराज वलवंतसिंह का पुत्र राजकुमार धौंकलसिंह गोठड़ा। वह अपने पिता महाराज वलवंतसिंह सहित वि.सं. १८८१ में केशोराय पाटन स्थान पर अंग्रेजों तथा महाराज राणा जालिमसिंह झाला झालावाड़ के विरुद्ध लड़ कर रणखेत रहा।

पृष्ठ २३१ गीत सं. १७४ सेरसिंघ हाडा गोठड़ा —

महाराजा वलवंतसिह हाडा का लघु भ्राता शेरसिंह हाडा। शेरसिंह वि.सं. १८८१ में केशोराय पाटन के युद्ध में अंग्रेजों से लड़ता हुआ मारा गया था।

पृष्ठ २३२ गीत सं. १७५ से १७९ तक दळपतसिंघ हाडा—

महाराजा वलवंतसिह का अनुज दलपतसिंह हाडा। वह अपने अग्रज महाराज वलवंतसिंह, शेरसिंह और भतीजे धौंकलसिंह फतहसिंह सहित केशोराराय पाटन स्थान के युद्ध में अंग्रेजी सेना से लड़ता हुआ वीरगति को प्राप्त हुआ।

पृष्ठ २३७ गीत सं. १८० सेरसिंघ हाडा —

महाराज वलवंतसिंह गोठड़ा का छोटा भाई शेरसिंह-हाडा विशेष देखें टिप्पणी गीत सं. १७४ की।

पृष्ठ २३९ गीत सं. १८१ ठाकर सोनिंग भाणावत सोनगरा सादड़ा—

उदयपुर राज्य के सादड़ा ठिकाने का ठाकुर सोनिंग-सोनगरा चौहान। वह भांण का पुत्र तथा अक्षयराज का पौत्र था। भांण माहाराणा-उदयसिह के राज्यकाल में कुंभलगढ़ दुर्ग पर शाहवाजखांन कंवू से जूझकर रणक्षेत्र में काम आया था। राणा उदयसिंह जोधपुर भाण के दामाद थे। सोनिग अपने पिता भाण के साथ ही कुंभलगढ़ पर मारा गया था।

नैणसी भा.१ पृ. २०९, २१०

पृष्ठ २४० गीत सं. १८२ मोहकमसिंघ चहुवाण —

लालसिंह चौहान का पुत्र मोहकमसिंह चहुवान । मोहकमसिंह ने महाराजा अभयसिंह और नवाब सरबिलंदखां के मध्य हुए अहमदाबाद के युद्ध में वीरता दिखाई थी। तदनुपरान्त वि. सं. १८०८ में महाराजा रामसिंह और राजाधिराज-बखतसिंह नागोर के विग्रह में मोहकमसिंह तथा भाटी सुजानसिंह लवेरा ने महाराजा-रामसिंह का पक्ष त्याग कर जोधपुर दुर्ग पर बखतसिंह का अधिकार करवा दिया था। परन्तु, इस प्रकार विश्वासघात करने पर महाराजा बखतसिंह उन दोनों से रुष्ट हो गये। मोहकमसिंह सांचोर का स्वामी था।

—मा. इतिहास (रेउ) प्रथम भाग पृ. ३६५.

पृष्ठ २४२ गीत सं. १८३ ठाकर संभुदानसिंघ चौहान संखवास —

नागौर के संखवास ठिकाने का ठाकुर शंभुदानसिंह चहुवान। वह चहुवानों की सांचोरा शाखा का था। शंभुदानसिंह ठाकुर राजसिंह का पुत्र और उत्तराधिकारी था। वह ठाकुर राजसिंह के वि. सं. १८११ में जयअप्पा सिंधिया के भाई दत्ताजी सिंधिया के नागौर के आक्रमण में मारे जाने पर संखवास की गद्दी पर बैठा। महाराजा विजयसिंह जोधपुर ने उसे संखवास के अतिरिक्त कापरड़ा और बगड़ की जागीर प्रदान की थी। शंभुदानसिंह ने जालौर क्षेत्र के डकेतों का भी दमन किया था।

—कीरत प्रकाश काव्य.

पृष्ठ २४४ गीत सं. १८४ रावळ भीमसिंघ भाटी जैसलमेर —

जैसलमेर का महारावल भीमसिंह भाटी। वह रावल हरिराज का पुत्र था। रावल हरिराज के निधनोपरांत वि. सं. १६३४ में वह सिरोही की गद्दी पर बैठा। बादशाह अकबर ने उसे मनसब प्रदान कर मिर्जा खांनखांना के साथ उड़ीसा और बंगाल की लड़ाइयों में भेजा था। वह विक्रमी संवत् १६७० में स्वर्गवासी हुआ।

— राजपूताने का इतिहास प्र. भा. (गहलोत) पृ. ६७३.

पृष्ठ. २४५ गीत सं. १८५ राजा सिवराम गौड़ सरवाड़ —

राजा गोपालदास गौड़ के जेष्ठ पुत्र बलिराम का पुत्र राजा-शिवराम गौड़। वह बादशाह शाहजहां के शासनकाल में ढ़ाई हजारी जात, ढ़ाई हजार सवार का मनसबदार था। शिवराम वि. सं. १७१५ में धौलपुर (शामूगढ़) के युद्ध में मारा गया था।

विन्हैरासो पृ. २२८.

पृष्ठ. २४६ गीत सं. १८६ भीम विक्रमोत गौड़—

भीम अजमेर प्रांत के गौड़ों की खोखर शाखा के गिरवर-सिंह का पौत्र और विक्रमसिंह का पुत्र था। वह वि. सं. १७१५ में शाहजहां के पुत्रों के धौलपुर के युद्ध में शाही पक्ष में लड़ कर मारा गया था।

— विन्हैरासो पृ. २३२.

पृष्ठ २४७ गीत सं. १८७ सैंसमल गौड़ मानावत —

मानसिंह गौड़ का पुत्र सहसमल गौड़। वह किस युद्ध में काम आया कहीं कोई वृत्तान्त उपलब्ध नहीं हुआ। संभवतः वह उज्जैन में मारा गया हो। मानसिंह आसेर का किलेदार था।

पृष्ठ २४८ गीत सं. १८८ वीरभद्र गौड़—

राजा गोपालदास गौड़ का पुत्र वीरभद्र गौड़। वह वि. सं. १७१५ में शाहजहां के पुत्रों के उज्जैन स्थान के युद्ध में बादशाही पक्ष में लड़ता हुआ मृत्यु को प्राप्त हुआ था।

—विन्हैरासो पृ. २३०

पृष्ठ २४९ गीत सं. १८९ पोकरदास गौड़ —

भीकसिंह गौड़ का पुत्र पोकरदास गौड़। वह मांडू का किला-अध्यक्ष था। वह वि. सं. १७१५ में शाहजहां के विद्रोही पुत्रों के विरुद्ध धौलपुर में लड़कर काम आया।

— विन्हैरासो पृ. २२९.

पृष्ठ २५० गीत सं. १९० विजैसिंघ गौड़ —

विजयसिंह गौड़ की जागीर एवं स्थान का ख्यातों से पता नहीं चलता। वह किस युद्ध में मारा गया, यह भी उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ।

पृष्ठ २५१ गीत सं. १९१ प्रयागदास गौड़ —

गोविंददास का पुत्र प्रयागदास गौड़। वह मालदेव का पौत्र था। वह युद्ध में मारा गया था। अन्य वृत्तान्त अज्ञात है।

पृष्ठ २५२ गीत सं. १९२ मुकंददास बिहारीदास बिठळदास गिरधरदास गौड़–

राजा गोपालदास गौड़ लाखेरी के पुत्र राजा विठ्ठलदास, गिरधरदास, मुकुंददास और विहारीदास। मुकुंददास और विहारीदास धौलपुर में मारे गए और राजा विठ्ठलदास और गिरधरदास बच रहे। राजा विठ्ठलदास औरंगजेब के राज्य काल में ई. सन् १५५१ में मृत्यु को प्राप्त हुआ।

– वचनिका र. म. टी. पृ. १३६.

पृष्ठ २५३ गीत सं. १९३ से २०१ तक सुभराम गौड़ वलिरामोत —

राजा गोपालदास गौड़ के जेष्ठ पुत्र वलिराम का पुत्र-शुभराम गौड़। संभवतः वह बादशाह औरंगजेब के शासन के प्रारंभिक दिनों में महाराणा राजसिंह के पास जा रहा और मेवाड़ी सेना में रह कर दक्षिण के किसी युद्ध में मारा गया। गीत नायक के सम्बन्ध में विशेप उल्लेख प्राप्त नहीं हुआ।

पृष्ठ २६२ गीत सं. २०२ गोयंददास कान्हावत —

गोविन्ददास कान्हदास का पुत्र। अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं हुई।

पृष्ठ २६३ गीत सं २०३ ठाकर रामसिंघ लालसिंघोत नीठराणा—

ठाकुर रामसिंह लालसिंहोत नीठराणा का वृत्तान्त नहीं मिला ॥

पृष्ठ २६४ गीत सं. २०४ सुंदरदास —

सुन्दरदास रामसिहोत। उसने युद्ध में ठाकुरसिह नामक योद्धा को मारा था।

पृष्ठ २६५ गीत सं. २०५ औनाड़सिंघ पंवार—

महाराजा तख्तसिह जोधपुर का योद्धा तथा किलेदार औनाड़सिह पंवार। सन् १८५७ के भारतीय स्वतंत्रता के युद्ध में अंग्रेजों के पक्ष में महाराजा तख्तसिह ने एक हजार सैनिक और चार तोपें औनाड़सिह, राव राजमल लोढ़ा और छत्रमल महता के नेतृत्व में आऊवा ठिकाने पर जो अंग्रेज सरकार के विरोधियों का तब केन्द्र बना हुआ था—सैना भेजी। ठाकुर कुशालसिह आऊवा, ठाकुर बिशनसिह गूलर और राजकीय सेना में घमासान युद्ध हुआ। जोधपुर के सेना-नायक सिंघवी कुशलराज और मेहता वियसिंह मैदान छोड़ कर भाग गए तथा किलादार औनाड़सिह वीरता पूर्वक लड़ कर मारा गया।

— मारवाड़ का इतिहास द्वितीय भाग (रेउ) पृ. ४४९, ४५०.

पृष्ठ २६७ गीत सं २०६ सिंघवी भींवराज जोधपुर—

ओसवालों की सिंघवी शाखा का भीमराज। भीमराज सिंघवी जोधपुर के महाराजा बखतसिह और उसके पुत्र महाराजा विजयसिंह के शासनकाल में उल्लेखनीय व्यक्तियों में था। वह जोधपुर राज्य के बक्षीगिरी के उच्च पद पर रहा और मरहठों के आक्रमण से मारवाड़ को बचाये रखने के लिए प्रयत्नशील रहा। वि.सं. १८३४ में जब अम्बाजी इंगलिया ने जयपुर प्रांत पर आक्रमण किया तब महाराजा विजयसिंह के निर्देशन पर भीमराज ने मरहठों के विरुद्ध जयपुर की सहायता कर मरहठों को परास्त किया। गीत में भीमराज द्वारा महादाजी सिंधिया को पराजित करने, अजमेर पर आधिपत्य स्थापित करने और जयपुर की सहायता करने का वर्णन किया गया है जो इतिहास सम्मत है। भीमराज का निधन वि. सं. १८४८ में हुआ।

— ओसवाल जाति का इतिहास ले. सुखसंपतराय भंडारी पृ. ७९–८१.

पृष्ठ २७२ गीत सं. २०७ कविराजा भवानीदान कोटा—

कोटा राज्य का राजकवि भवानीदान महियारिया शाखा का चारण। वह देवा का पौत्र और शंकरदान का पुत्र था।

पृष्ठ २७३ गीत सं. २०८ कलियाणसिंघ वैरीसिंघोत—

वैरीशालसिंह का वंशज कल्याणसिंह। कल्याणसिंह का अन्य परिचय उपलब्ध नहीं हुआ।

पृष्ठ २७४ गीत सं. २०९ भीमराज भाटी भटनेर—

बीकानेर के ढींगसरी ठिकाने का ठाकुर भीमराज। वह भोजराज रूपावत का पुत्र था। ठाकुरसी पर हिसार के शाही सूबेदार के आक्रमण करने पर भीमराज ठाकुरसी के पक्ष में जूझ कर काम आया।

—दयालदास री ख्यात पृ. ८६; ओझा बीकानेर प्र. भा. पृ. १३१.

पृष्ठ २७५ गीत सं. २१० राजा हरसहाय गुरसहाय खत्री—

जयपुर नरेश सवाई माधवसिंह प्रथम का फौजबक्षी हरसहाय और उसका भाई गुरुसहाय। महाराजा सवाई माधवसिंह और भरतपुर नरेश जवाहरमल के बीच मावंडा मंडोली स्थान पर भयानक युद्ध हुआ। इस युद्ध में भरतपुर के दस हजार सैनिक मारे गये और जयपुर के सेनानायक रावत-दलेलसिंह राजावत धूला, उसका पुत्र लक्ष्मणसिंह तथा पौत्र रघुराजसिंह, जोबनेर का का ठाकुर वंशीसिंह अपने तीन पुत्रों सहित, सीकर रावराजा देवीसिंह के काका बुद्धसिंह, पचार का ठाकुर गुमानसिंह शेखावत, घानोता मूंडरू के अधिपति और दोनों खत्री-बंधु मारे गये थे।

— कूर्म विजय पृ. ८१–८२; जयपुर-अलवर राज्य का इतिहास पृ.११३–११४.

पृष्ठ २७६ गीत सं. २११, २१२ आपा मरहठा दिखणी—

मरहठा सेनानायक जयअप्पा सिंधिया। जयअप्पा ने महा-राजा रामसिंह का पक्ष लेकर महाराजा विजयसिंह के समय मेड़ता और नागोर पर आक्रमण किया। महाराजा विजयसिंह ने जयअप्पा से समझौता करने की भरसक चेष्टा की। किन्तु, सिंधिया का लोलुप मन द्रव्य से तृप्त नहीं हुआ। तब विवश होकर महाराजा-विजयसिंह ने वि. सं. १८१२ में केशरखां खोखर और एक गहलोत राजपूत से जयअप्पा को छलपूर्वक मरवा डाला। फिर जयअप्पा के भाई दत्ताजी और जनकोजी (जयअप्पा-के पुत्र) ने जोधपुर और नागौर को घेर लिया। तब विवश होकर महाराजा विजयसिंह को बीस लाख रुपये तथा अजमेर का प्रान्त देकर सुलह करनी पड़ी। और रामसिंह को मेड़ता, परबतसर, मारोठ, सोजत और जालौर आदि के परगने दिये गये।

—मारवाड़ का इतिहास प्रथम भाग (रेउ) पृ. ३७३ – ३७५.

पृष्ठ २७८ गीत सं. २१३ मेघसिंघ सौलंखी —

नवघन का वंशज मेघसिंह सोलंखी । मेघसिंह ने बाईस वर्ष की आयु में तथा उसके भाई जयचंद ने पन्द्रह वर्ष की वय में शत्रुओं का संहार कर वीरगति प्राप्त की । मेघसिंह का विशेष परिचय प्राप्त नहीं हुआ ।

पृष्ठ २७९ गीत सं. २१४ अंगरेजां रै विरोध री —

ई. सन् १८५७ तथा उसके पूर्व राजस्थानी वीरों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के प्रयासी वीरों की सराहना और अंग्रेजों की दुर्नीतियों की भर्त्सना करते हुए गीतकार चारण शंकरदान ने अनेक गीत, कवित्त, दोहे तथा सोरठे लिखे । शंकरदान राष्ट्रीय भाव धारा का कवि था । वह बीकानेर के बोवासर ग्राम का निवासी था । शंकरदान रचित 'सगती सुजस' 'वगत वायरो' 'देस दरपण' 'साकेत सतक' आदि कृतियां प्रसिद्ध हैं ।

— चूरू मण्डल का शोधपूर्ण इतिहास पृ. ९८—९९.

परिशिष्ट—२

गीत—छंदानुक्रमणिका